
हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
www.rashtriyamukhyadhara.com
बोकारो, बुधवार
12.03.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 40



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

## पीएम ने मॉरीशस के राष्ट्रपति से मुलाकात की, महाकुम्भ का पवित्र जल भेंट किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पोर्ट लुईस में मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल से स्टेट हाउस में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मॉरीशस के राष्ट्रपति को पीतल-तांबे के बर्तन में हाल ही में प्रयागराज में संपन्न महाकुम्भ का पवित्र जल भेंट किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और मॉरीशस के बीच विशेष और घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस संदर्भ में उन्होंने दोनों देशों के बीच साझा इतिहास और लोगों के बीच मजबूत संबंधों के अस्तित्व को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दूसरी बार शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री ने विशेष सम्मान के तौर पर राष्ट्रपति गोखूल और प्रथम महिला वृंदा गोखूल को ओसीआई कार्ड सौंपे। प्रधानमंत्री ने भारत सरकार के सहयोग से स्थापित स्टेट हाउस में आयुर्वेद उद्यान का भी दौरा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद सहित



पारंपरिक चिकित्सा के लाभों को आगे बढ़ाने में मॉरीशस भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। वार्ता के बाद राष्ट्रपति गोखूल ने प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर शिवसागर रामगुलाम वनस्पति उद्यान, पैम्पलमाउस में सर शिवसागर रामगुलाम और सर अनिरुद्ध जगन्नाथ की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि समारोह में प्रधानमंत्री के साथ मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम भी मौजूद थे।[र इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस की प्रगति और भारत-मॉरीशस संबंधों के लिए मजबूत नींव बनाने में दोनों नेताओं की स्थायी विरासत को याद किया।



### मोदी के स्वागत में मॉरीशस में बिहारी परंपरा और लोकगीतों की गूंज

**पोर्ट लुईस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे, जहां उनके स्वागत में बिहारी परंपरा और लोकगीतों की गूंज सुनाई दी। सर सीवसागर रामगुलाम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पारंपरिक तरीके से प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया गया। राजधानी पोर्ट लुईस में एक अनूठी सांस्कृतिक परंपरा का दृश्य देखने को मिला, जब स्थानीय महिलाओं के एक दल ने पारंपरिक बिहारी लोकगीत गाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक गाया, धन्य है, धन्य है देश हमारा हो, मोदी जी पधारे हैं। जय मॉरीशस, बोलो जय भारत। यह गीत भारत के भोजपुरी क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसे मॉरीशस में बसे भारतीय समुदाय ने जीवंत बनाए रखा है। स्वागत के पलों को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, मॉरीशस में भारतीय समुदाय द्वारा दिया गया गर्मजोशी भरा स्वागत हृदयस्पर्शी है। भारतीय विरासत, संस्कृति और मूल्यों के प्रति उनका मजबूत संबंध वास्तव में प्रेरणादायक है। इतिहास और हृदय का यह बंधन पीढ़ियों से पनपता आ रहा है।

**भोजपुरी संस्कृति की अनूठी छाप :** मॉरीशस में पारंपरिक भोजपुरी संगीत शैली गीत गवई काफी लोकप्रिय है। इसे विशेष मान्यता देते हुए, यूनेस्को ने दिसंबर 2016 में इसे मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया था। यह शैली मॉरीशस में भारतीय समुदाय की सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा बन चुकी है।

### रेलवे संशोधन बिल पास

## अब जीएम को मिला एक हजार करोड़ के प्रोजेक्ट स्वीकृत करने का अधिकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रेलवे संशोधन अधिनियम 2025 बिल पास हो गया है। यह बिल यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने में मददगार होगा। वहीं, हादसों को रोकने के लिए कचव 4.0 तकनीक के इस्तेमाल का काम तेजी से किया जा सकेगा। नई रेल लाइन बिछाने, स्टेशनों पर रिडेवलमेंट का काम कराने और यात्रियों के सुविधाजनक सफर के लिए नई नई तकनीकों के प्रयोग को बढ़ावा देने वाला है। रेलवे बोर्ड के एग्जक्यूटिव डायरेक्टर के मुताबिक राज्यसभा में पास रेलवे (संशोधन) विधेयक 2025 से जोनों की ताकत बढ़ेगी। जोन के जीएम को एक हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट स्वीकृत करने का अधिकार दिया है यानी स्ट्रेशनों में यात्रियों की सुविधा से लेकर सुरक्षा तक के काम को जीएम खुद करा सकेंगे। अभी तक रेलवे बोर्ड की स्वीकृति लेनी पड़ती थी। इतना ही नहीं नई रेल लाइन से जुड़े कामों को जीएम करा सकेंगे। पहले ये काम बोर्ड की अनुमति से किए जाते थे, जिसमें समय लगता था। हादसों को रोकने के लिए कवच





4.0 तकनीक को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसका 10000 किमी. का टेंडर जारी कर दिया गया है, जिसका लक्ष्य पांच साल रखा है। नए विधेयक के पारित होने के बाद यह काम भी समय से पूरा किया जा सकेगा। अभी तक रेलवे बोर्ड की देखरेख में रेलवे अपने जोन, डिवीजन और प्रोडक्शन यूनिट के जरिए से काम करता है। अब रेलवे संशोधन बिल पुराने प्रावधानों की जगह लेगा। अब रेलवे बोर्ड के प्रावधान रेलवे अधिनियम, 1989 में शामिल किए हैं। नए अधिनियम बिल से दो अधिनियमों का संदर्भ कम हो जाएगा। अब केवल एक अधिनियम का संदर्भ देने की जरुरत होगी। रेलवे बोर्ड, जोन, डिवीजन, प्रोडक्शन यूनिटों के अधिकार, दायरा और कार्यप्रणाली वही रहेगी। इसके साथ ही स्थायी समिति ने लोकसभा में अपनी दूसरी रिपोर्ट पेश की। इसमें अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,337 स्टेशनों के रिडेवलमेंट के काम में तेजी लाने को कहा गया है। समिति का मानना है कि अमृत भारत स्टेशन योजना का दायरा बढ़ाकर इसमें और ज्यादा स्टेशनों को खासतौर पर पिछड़े और ग्रामीण इलाकों के शामिल किया जाना चाहिए। समिति ने रेल मंत्रालय से आग्रह किया है कि वह स्टेशनों के रिडेवलपमेंट के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल को सक्रिय रूप से तलाशें और प्रोत्साहित करें, ताकि बजटीय सहायता पर निर्भरता कम हो सके।

### संक्षिप्त समाचार

## होलिका दहन के अगले दिन लग रहा खग्रास चंद्र ग्रहण



**नई दिल्ली।** फाल्गुन मास की पूर्णिमा यानी होलिका दहन के एक दिन बाद चंद्र ग्रहण लगाने वाला है। दरअसल 14 मार्च को भी पूर्णिमा रहेगी। इस बार सूर्य का राशि परिवर्तन और चंद्र ग्रहण दोनों एक दिन पड़ रहे हैं। दरअसल सूर्य हर माह राशि परिवर्तन करते हैं। इस बार सूर्य का राशि परिवर्तन 14 मार्च को होगा और तभी चंद्र ग्रहण लग रहा है। सूर्य इस बार गुरु की राशि मीन में जा रहे हैं। इस राशि में मार्च में शनि भी आ जाएंगे। बता दें कि यह चंद्रग्रहण खग्रास चंद्र ग्रहण होगा। इस ग्रहण के सूतक काल पर विचार किया जाना बहुत जरूरी है। दरअसल चंद्र ग्रहण के दौरान चंद्रमा कन्या राशि में रहेगा। बता दें कि यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए ग्रहण का सूतक नहीं लगेगा। जो ग्रहण जिस देश में नहीं दिखता, तब उसका प्रभाव वहां नहीं माना जाता। इस प्रकार होली पर पड़ने वाले चंद्र ग्रहण का कोई असर भारत में धार्मिक तौर पर नहीं होगा। हालांकि विभिन्न राशियों पर इसका असर हो सकता है।

**होली कब है, होली का शुभ मुहूर्त** : इस साल 13 मार्च को पूर्णिमा तिथि है, सुबह 10:36 बजे भद्रा काल शुरू हो जाएगा। इसी दिन होलिका का पूजन रात में होलिका दहन भद्रा के समाप्त होने के बाद 11.28 पर किया जाएगा। आपको बता दें कि पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 13 मार्च को सुबह 10:36 बजे होगी। इसका समापन 14 मार्च को दोपहर 12:35 बजे होगा।

### असम भारत का पहला राज्य बनने जा रहा है, जिसकी अपनी निजी सेटेलाइट होगी

**नई दिल्ली।** इसरो को सेटेलाइट लॉन्च करने में महारथ हासिल है। वह कई देशों और प्राइवेट कंपनियों की सेटेलाइट स्पेस में लॉन्च करती रही है। अब इसमें भारत के राज्य असम का नाम भी जुड़ने वाला है। असम भारत का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है, जिसके पास अपनी निजी सेटेलाइट होगी। असम ने 450-500 करोड़ रुपए की लागत वाला जियो-स्टेशनरी लॉन्च करने वाला देश का पहला राज्य बनने के लिए इसरो के साथ बातचीत जारी है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट में डिजिटल कक्ष के लिए बड़ी धनराशि की घोषणा करते हुए कहा कि इस सेटेलाइट का मकसद अवैध घुसपैठ के बारे में जानकारी प्राप्त करने के अलावा, बाढ़ की स्थिति में समय रहते चेतावनी और किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त करना है। असम के वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले पांच साल की अवधि में राजस्व संग्रह में जोरदार वृद्धि से उत्साहित सरकार के बजट में भारत की पहली एआई-संचालित एंटी-डीपफेक और साइबर निगरानी प्रयोगशाला, एक अग्रणी ग्रीन पैकेजिंग औद्योगिक केंद्र, एक बांस स्मार्ट सिटी, एआई और ब्लॉकचेन-संचालित चाय नीलामी और असमिया सिनेमा, साहित्य और लोक गीतों को बढ़ावा देने के लिए राज्य के स्वामित्व वाले ओटीटी प्लेटफॉर्म जैसे अन्य गेम-चेंजर प्रस्ताव शामिल हैं। सीएम ने उमरंगसो में पिछले जनवरी में हुई कोयला खदान दुर्घटना का जिक्र करते हुए जियो-स्टेशनरी स्टेशनरी सेटेलाइट की जरुरत को बताया।



## टोकरी में काले नाग लेकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायकों ने कहा भाजपा बेरोजगारों को डंस रही

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश विधानसभा सत्र के आज यानी मंगलवार को कांग्रेस विधायकों ने अनोखा प्रदर्शन किया। टोकरी में काले नाग लेकर विधानसभा पहुंचे विधायकों का आरोप था कि भाजपा बेरोजगारों को डंस रही है इसलिए ये प्रतीकात्मक नाग लेकर पहुंचे हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, सरकार युवाओं को डसना बंद करे। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए कहा बेरोजगार युवाओं को सांप बनकर कब तक डसेगी भाजपा सरकार! प्रदेश का युवा सरकार से सवाल कर रहा है कि एमपीपीएससी भर्ती क्यों रोकी गई? हर बेरोजगार के सवालों का जवाब दे भाजपा सरकार! मध्य प्रदेश के उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत सत्यदेव कटारे ने कहा, भाजपा का असली चेहरा काले सांप जैसा ही है...वे राज्य के युवाओं के भविष्य को डस रहे हैं और मार रहे हैं। हम यह विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि यहां के



युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। इस वजह से मध्य प्रदेश के युवा दूसरी जगहों पर पलायन कर रहे हैं। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार न दिए जाने के विरोध में कांग्रेस विधायकों के साथ सांप हाथ में लेकर भाजपा सरकार का कड़ा विरोध करने पहुंचे हैं। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह विफल रही है। हजारों सरकारी पद खाली हैं, फिर भी युवा बेरोजगार क्यों हैं? सरकार का वादा था कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिलेगा, लेकिन भाजपा सरकार युवाओं के रोजगार पर सांप की तरह कुंडली मार कर बैठी है और हर दिन बेरोजगार युवाओं को डस रही है।

## नॉर्थ-ईस्ट के एक भी युवा को रोजगार के लिए देश के दूसरे हिस्सों में नहीं जाना पड़ेगा : अमित शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित नॉर्थ-ईस्ट छात्र एवं युवा संसद को संबोधित करते हुए कहा कि 10 साल के अंदर नॉर्थ-ईस्ट के एक भी युवा को रोजगार के लिए देश के दूसरे हिस्सों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें नॉर्थ ईस्ट में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे। गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और नॉर्थ-ईस्ट के छात्रों को 2047 तक मजबूत और विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाने, शैक्षिक पहल को



बढ़ावा देने और नॉर्थ-ईस्ट के युवाओं के बीच सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में शांति नहीं होती है, वहां विकास नहीं हो सकता और मोदी सरकार ने नॉर्थ ईस्ट में शांति लाने का काम किया है। भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने पूर्वोत्तर और शेष भारत के बीच की दूरी को कम कर दिया है। वर्ष 2027 तक नॉर्थ-ईस्ट की हर राजधानी ट्रेन, विमान और सड़क मार्ग से जुड़ जाएगी। शाह ने कहा कि आतंकवाद, अलगाववाद, हिंसा, ड्रग, बंद और प्रांतवाद ने नॉर्थ-ईस्ट को अनेक टुकड़ों में बांट दिया। इसके कारण पिछले 40 साल जब देश विकास के रास्ते पर चल रहा था, नॉर्थ-ईस्ट पिछड़ता गया। शाह ने कहा कि भाजपा शासन में हमेशा नॉर्थ-ईस्ट को वरीयता दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के शासन काल में पूर्वोत्तर के लिए अलग मंत्रालय का गठन किया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमाम योजनाओं के केंद्र में पूर्वोत्तर को रखने का काम किया। उन्होंने कहा कि मणिपुर में नस्लीय हिंसा की घटना को छोड़ दें तो केवल 10 वर्षों में पूर्वोत्तर आज पूर्ण शांति का अनुभव कर रहा है। वर्ष 2004 से 2014 तक हिंसा की कुल 11,000 घटनाएं हुईं और 2014 से 2024 तक 3,428 घटनाएं हुईं। यानी 70 प्रतिशत की कमी हुई है। सुरक्षा बलों की मौतों की संख्या में भी 70 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले 10 वर्षों में नागरिकों की मौतों की संख्या में 89 प्रतिशत की कमी आई है। हमारा पूर्वोत्तर आज शांति का अनुभव कर रहा है। चाहे वह मेघालय हो, अरुणाचल हो, असम हो, नगालैंड हो या मिजोरम हो, हमने सभी सशस्त्र समूहों के साथ समझौते किए हैं और 10,500 से अधिक विद्रोही अपने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। हमारी सरकार ने 10 वर्षों में 12 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

## धरती पर लौटने के बाद भी सुनीता नहीं जा सकेंगी घर, कई टेस्टों से गुजरना होगा

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में बीते करीब 9 महीने से फंसी सुनीती विलियम्स और बेरी विलमोर जल्द लौटने वाले है। बोइंग के स्टारलाइनर से दोनों अंतरिक्षयात्री केवल 10 दिनों के टूर पर गए थे। हालांकि उनके यान में खराबी आ जाने से वे अब तक लौट ही नहीं पाए। अब नासा ने कहा है कि अगले सप्ताह ही स्पेसएक्स ड्रैगन लॉन्च किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि सुनीता और विलमोर 16 मार्च तक धरती पर लौट आएंगे। हालांकि सुनीता विलियम्स का कहना है कि इतने दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद अब उनके लिए धरती पर अजस्ट करना आसान नहीं है। धरती पर चलना उनके लिए कांटों पर चलने के जैसा होगा। उन्होंने कहा कि अब तो मैं चलना भी भूल गई हूं। अंतरिक्ष स्टेशन में गुरुत्वाकर्षण ना होने की वजह से उन्हें चलना नहीं पड़ता। अंतरिक्ष में रहना धरती पर रहने से बहुत अलग हैं। अंतरिक्ष से लौटने के बाद धरती की ग्रेविटी के हिसाब से खुद को ढालना भी आसान नहीं है। वहीं अंतरिक्ष से कई वायरस और बैक्टीरिया के भी आने का खतरा रहता है। धऱती पर लौटने के बाद भी सुनीता घर नहीं जा पाएंगे।



## बलूचिस्तान में ट्रेन हाईजैक कर बलूच विद्रोहियों ने 500 यात्रियों को बनाया बंधक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को बलूच विद्रोहियों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक कर लिया, जिसमें लगभग 500 यात्री सवार थे। यह ट्रेन क्वेटा से पेशावर जा रही थी। बलूच विद्रोहियों का दावा है कि इस कार्रवाई में उन्होंने छह पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों को मार गिराया है और 100 से अधिक यात्रियों को बंधक बना लिया है। बलूचिस्तान के अलगाववादी गुट बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक बयान जारी करते हुए ट्रेन पर कब्जा करने का दावा किया है। बलूच गुट ने कहा है कि ट्रेन हाईजैक करने की कोशिश में पाकिस्तान के छह सैन्यकर्मी भी मारे गए हैं। इसके साथ ही 100 से ज्यादा यात्रियों को बंधक बनाए जाने का भी दावा किया गया है। बंधकों की सही संख्या की जानकारी फिलहाल उपलब्ध नहीं है। इस घटना पर पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने कोई बयान फिलहाल नहीं दिया है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि हाईजैक हुई ट्रेन पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा शहर से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर को जा रही थी। इसी दौरान बलूच विद्राहियों ने हमला कर ट्रेन को हाईजैक कर लिया।



## क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे, राज्यसभा में खरगे के बयान पर हंगामा, बाद में मांगी माफी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में नेता विपक्ष एवं कांग्रेस सदस्य मल्लिकार्जुन खरगे और नेता सदन जेपी नड्डा के बीच आज तीखी बहस हो गई। उपसभापति हरिवंश नारायण ने जब खरगे को बोलने से रोका तो उन्होंने कहा कि यहां तानाशाही चल रही है। इस पर उपसभापति ने फिर टोका तो खरगे ने कहा कि क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे... सरकार को ठोकेंगे। खरगे के इस बयान पर जेपी नड्डा तिलमिलाकर उठे और उन्होंने खरगे को आड़े हाथों लिया। बाद में खरगे ने चेयर से माफी मांगी। राज्यसभा में आज शिक्षा मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा के दौरान उपसभापति हरिवंश ने कांग्रेस सदस्य दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा लेकिन उसी दौरान मल्लिकार्जुन खरगे खड़े हो गए। इस पर उपसभापति ने उन्हें यह कहकर बोलने से रोक दिया कि आप सुबह में बोल चुके हैं। इस



पर खरगे ने कहा कि उस समय मंत्री सदन में नहीं थे, इसलिए अब वे बोलेंगे। इस मुद्दे पर उन्होंने उपसभापति के लिए उपरोक्त कठोर और उनके पद की गरिमा के प्रतिकूल शब्दों का इस्तेमाल किया। इसे लेकर नेता सदन नड्डा ने गंभीर आपत्ति जताई। नड्डा ने कहा कि नेता विपक्ष खरगे ने समय-समय पर संसद के दोनों सदनों का प्रतिनिधित्व किया है। वह वरिष्ठ सदस्य हैं लेकिन आज उन्होंने जिस भाषा का इस्तेमाल किया है, वह आपत्तिजनक और निंदनीय है। उन्होंने जिन असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया है, उसे उन्हें वापस लेना चाहिए अन्यथा उसे कार्यवाही से हटाया जाए। इसके बाद विपक्षी सदस्य खड़े होकर शोरगुल करने लगे। इस पर उपसभापति ने विपक्षी सदस्यों को सीट पर जाने के लिए कहा। बवाल बढ़ता देख खरगे ने स्थिति संभाली। उन्होंने कहा कि अगर मेरी बातों से उपसभापति को ठेस पहुंची है तो मैं उनसे माफी मांगता हूं लेकिन सरकार से नहीं। खरगे ने कहा कि मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश के एक भाग की जनता के स्वाभिमान को "अनकल्चर्ड" और "अनसिविलाइज्ड" कहकर ठेस पहुंचाया है। वे देश को बांटने की बात कर रहे हैं, देश को तोड़ने की बात कर रहे हैं, इसलिए ऐसे मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। इस पर नेता सदन नड्डा ने कहा कि नेता विपक्ष खरगे ने अपने बयान में चेयर से माफी मांगी है, यह उनकी वरिष्ठता के हिसाब से सराहनीय है लेकिन उन्होंने सरकार के बारे में जिन शब्दों का प्रयोग किया है, वह निंदनीय है।

## भ्रष्टाचार की सड़क: एनजी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की मनमानी और सरकारी उदासीनता

**राष्ट्रीय मुख्यधारा**

**बोकारो:** सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए और रैयतों के अधिकारों को कुचलते हुए, एनजी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा गोला-जैना मोड़ एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य में घोर अनियमितताएं सामने आई हैं। ग्रामीणों के जमीन अधिग्रहण से लेकर मुआवजा वितरण तक, हर स्तर पर भ्रष्टाचार और जबरन कब्जे की शिकायतें दर्ज की गई हैं।

**ग्रामीणों का आक्रोश, सरकार की चुप्पी-** बहादुरपुर पंचायत के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक ई-मेल भेजकर इस घोटाले की शिकायत की है। श्रीबाश अड्डी के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों और भूमि मालिकों ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास अधिनियम, 2013 का खुला उल्लंघन किया है। ग्रामीणों को उचित मुआवजा दिए बिना ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया, जो पूरी तरह से



गैर-कानूनी है।

**सड़क निर्माण में घोर लापरवाही, कई दुर्घटनाएं-** एनजी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की मनमानी केवल जमीन अधिग्रहण तक सीमित नहीं है। सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी के कारण पहले ही कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें से एक में कंपनी के वाहन से कुचलकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। बावजूद इसके, कंपनी और स्थानीय प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

**बिनासुरक्षाइंतजामोंकेजारीहैनिर्माणकार्य ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में इन प्रमुख खामियों को उजागर किया है:**

- बिना बैरिकेडिंग और संकेतकों के काम जारी, जिससे राहगीरों की जान को खतरा है।
- धूल नियंत्रण उपायों की कमी, जिससे वायु प्रदूषण और श्वसन संबंधी गंभीर समस्याएं हो रही हैं।
- श्रमिक सुरक्षा नियमों का उल्लंघन, जिससे मजदूरों की जिंदगी जोखिम में है।
- सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग, जिससे सड़क की स्थायित्व पर सवाल उठ रहे हैं।

**सरकारी एजेंसियों की मिलीभगत-** इस घोटाले का सबसे शर्मनाक पहलू यह है कि यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) की देखरेख में बन रही है, फिर भी कोई निगरानी नहीं की जा रही। प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय सरकार की मौन स्वीकृति यह साबित करती है कि भ्रष्टाचार की जड़ें ऊपर तक फैली हुई हैं।

**क्या सरकार एक और हादसे का इंतजार कर रही है-** ग्रामीणों ने एफआईआर दर्ज कर कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। लेकिन सवाल यह है कि क्या सरकार और प्रशासन की नींद टूटेगी या फिर भ्रष्टाचार के इस दलदल में आम जनता की आवाज दबा दी जाएगी?

**अब वक्त है कार्रवाई का:-**

**यदि सरकार और प्रशासन वाकई जनता के हित में काम कर रहे हैं, तो उन्हें चाहिए कि:**

1. भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।
2. सभी अधिग्रहित भूमि मालिकों को उचित मुआवजा दिलाया जाए।
3. निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जाए।
4. आने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। यदि इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह साफ हो जाएगा कि यह प्रोजेक्ट सिर्फ एक सड़क निर्माण नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की खुली नीलामी है!

## कनाडा के नेता ने ट्रंप के टैरिफ वॉर के मुकाबले एनर्जी वॉर छेड़ने की दी चेतावनी

**ओंटारियो।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा से लेकर यूरोप के कई मित्र देशों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। ट्रंप ने सीधे तौर पर कहा है कि जो देश अमेरिका के प्रोडक्ट पर जितना टैरिफ लगाएगा वह भी उतना ही शुल्क उस देश पर लगाएंगे। ट्रंप ने चीन, कनाडा और मैक्सिको से इंपोर्ट होने वाले उत्पादों पर 25 फीसद टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने कहा कि बढ़ा हुआ शुल्क 2 अप्रैल 2025 से लागू होगा। अमेरिका के ट्रंप सरकार के इस कदम से कनाडा भी भड़का हुआ है। ओंटारियो के पावरफुल नेता डग फोर्ड ने अमेरिका को धमकी दी है। उन्होंने टैरिफ वॉर के मुकाबले एनर्जी वॉर छेड़ने की चेतावनी दी है। कनाडा से जस्टिन ट्रूडो की विदाई के बाद अब मार्क कार्नी ने कनाडा की सत्ता संभाल ली है। इसके साथ ही अमेरिका के साथ जारी तनातनी ने और तल्ख रूप ले लिया है। फोर्ड ने कहा कि ट्रंप के लिए एक पैमाना बाजार है, जिसमें अब खरबों डॉलर की गिरावट आ चुकी है। उन्होंने कहा कि वह बाजारों को समझते हैं। फोर्ड ने कहा कि आप ट्रंप को पसंद कर सकते हैं या उनसे नफरत कर सकते हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति स्मार्ट व्यक्ति हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 12 मार्च, 2025



## संक्षिप्त समाचार


### परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की मौत, दो अन्य घायल

**एजेंसी : रांची : गिरिडीह**। जिले के गांवा थाना क्षेत्र के गावां-सतगावां मेन रोड पर बंगालीबाड़ा के पास मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दो अन्य छात्र घायल हो गए। उक्त थाना प्रभारी ने बताया कि जोड़ासिमर निवासी रश्मि कुमारी (पिता सुरेश राय), गुलशन कुमार (पिता सीकेन्द्र राम) व प्रीति कुमारी (पिता संतोष रजक) उच्च विद्यालय सेरुआ से आठवीं की बोर्ड परीक्षा देकर एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बंगालीबाड़ा के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक पर पीछे बैठी प्रीति कुमारी सड़क पर गिर गई। तभी घटनास्थल से गुजर रही एक बस ने प्रीति को कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस हादसे में रश्मि कुमारी व गुलशन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। रश्मि कुमारी के दाएं पैर की हड्डी टूटकर बाहर निकल गई है, जबकि गुलशन कुमार के माथे में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद सभी घायलों को गांवा पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांवा ले आए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया।

### झारखंड में इस बार होली में पड़ेगी गर्म, 12 से तापमान में वृद्धि शुरू


**एजेंसी : रांची**। झारखंड में इस बार होली में गर्मी अधिक होगी। होली के आसपास तापमान सामान्य से चार-पांच डिग्री अधिक रहेगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार होली के आसपास एंटी साइक्लोन की स्थिति बन रही है। इसकी वजह से तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। उन्होंने बताया कि तापमान में बुधवार से बढोत्तरी होने लगेगा। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा और धूप में तल्खी महसूस की गई। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री, जमशेदपुर में 35.3, डालटेनगंज 35.7 और बोकारो में अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### आईएचएस के पूर्व कर्मी पर गोली चलाने वाला गिरफ्तार



**एजेंसी : रांची**। रांची के कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज (आईएचएस) के पूर्व कर्मी पर गोली चलाने वाले को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पंकज सिंह के रूप में हुई है और वह कंपनी में सुरक्षा गार्ड का काम करता है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने मंगलवार को बताया कि आईएचएस के पूर्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार को सोमवार की रात गोली मारी गई। इससे वह घायल हो गया। सका इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है और वह खतरे से बाहर है। डीएसपी ने बताया कि सुरक्षा गार्ड पंकज सिंह और अन्य कर्मी शराब पी रहे थे। इसी दौरान गलती से गोली चलने की बात सामने आई है। इसमें जितेंद्र सिंह जख्मी हो गया था। जितेंद्र के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपित पंकज को गिरफ्तार कर लिया है।

### झारखंड का कुख्यात अपराधी अमन साहू पुलिस मुठभेड़ में ढेर



**एजेंसी : रांची : पलामू**। झारखंड का कुख्यात अपराधी अमन साहू मंगलवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उसे छत्तीसगढ़ के रायपुर से एनआईए केस के सिलसिले में राँची लाया जा रहा था। पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में घटना हुई। एसटीएस (स्पेशल टास्क फोर्स) जवान भी जख्मी हुआ है। जिले की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी कुछ देर बाद दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक के अनुसार एनआईए केस के सिलसिले में अमन साहू को छत्तीसगढ़ के रायपुर से रांची लाया जा रहा था। चैनपुर थाना क्षेत्र में पहुंचने पर घात लगाकर अपराधियों ने पुलिस गाड़ी पर पहले बम फेंका, फिर फायरिंग की। इसी क्रम में अमन साहू एक एसटीएस (स्पेशल टास्क फोर्स) जवान से इंसास राइफल छीन कर भागने लगा। भागने के दौरान जवान पर गोली चला दी। इस हमले में जवान घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमन साहू को ढेर कर दिया। घायल जवान को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा एजेंसियां भी घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही हैं। इधर, जानकारी मिली है कि चैनपुर-रामगढ़ के बीच आने जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया है। बॉडी लेने के लिए एंबुलेंस भेजी गई है। जरूरी प्रक्रिया पूरी कर डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में लाया जाएगा।

### सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं होली और अन्य त्योहार : क्रिस्टोफर केरकेट्टा



**एजेंसी : रांचीः खूंटी**। होली, सरहुल और रमजान को लेकर मंगलवार को तोरपा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केंरकेट्टा ने की। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने लोगों से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली सहित अन्य पर्वों को उत्साह पूर्वक मनाने की अपील की। इससे पूर्व बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने होली के दौरान होनेवाले आयोजनों की जानकारी देते हुए त्यौहार के दौरान पानी, बिजली की निर्बाध आपूर्ति के साथ ही समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था करने की मांग की। सदस्यों की इस मांग पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए लोगों से अपील की कि त्यौहार मनाते समय किसी की धार्मिक भावना आहत ना हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में बीडीओ नवीन चंद्र झा, डॉ रंजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम, प्रमुख रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष कुमार कर, तोरपा पूर्वी पंचायत की मुखिया विनिता नाग, तोरपा पश्चिमी के मुख्यिा जोन टोपनो, दियांकेल की मुखिया शिषिर टोपनो, उप मुखिया राजू साहू, संतोष जयसवाल, धमेंद्र कुमार, तुलसी भगत, संजय यादव, कैसर खान, मनीर अंसारी सहित काफी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही नागरिकों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

# रिम्स के डॉक्टरों को जल्द मिलेगी पदोन्नति : मंत्री इरफान अंसारी

**एजेंसी : रांची**



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू हुई। सदन में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जीबी की बैठक बुलाकर रिम्स के डॉक्टरों को जल्द ही पदोन्नति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में पदोन्नति में विसंगतियां हुई है, इसे वह स्वीकार करते हैं। इसके लिए उन्होंने फाइल भी मंगाया है। अब जीबी की बैठक बुलाकर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। डॉक्टर अंसारी कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के ध्यानाकर्षण का जवाब दे रहे थे। विधायक कच्छप का कहना था कि डॉक्टरों को पदोन्नति नहीं मिलने से पूर्व में जो पदोन्नति दी गई उसमें भारी गड़बड़ी हुई है। 60 साल की उम्र के बाद ज्वाइन करने वाले डॉक्टर पदोन्नति नहीं मिलने के कारण जूनियर हो गए हैं और नियमित डॉक्टर जिन्हें सीनियर चिकित्सकों ने पढ़ाया है वह जूनियर हो गये। कच्छप ने राज्य के ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को रिम्स डायरेक्टर बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले डायरेक्टर कार्यकाल पूरा किए बगैर बीच में ही चले जाते हैं इससे रिम्स की व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता है। हजारों एकड़ भूमि को फ्री होल्ड किया जाएगाः दीपक बिरुवा भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि खासमहल की हजारों एकड़ जमीन को जल्द ही फ्री होल्ड किया जाएगा। उन्होंने सदन में बताया कि खासमहल की जमीन को रैयतों के नाम करने के लिए सदस्य राजस्व परिषद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की 3-4 बैठके हो चुकी हैं। अब अंतिम बैठक के बाद 45 दिनों के अंदर निर्णय ले लिया जाएगा। इससे पूर्व भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार से जानना चाहा था कि जो लोग बरसों से खासमहल की जमीन पर रह रहे हैं उन्हें उस जमीन का मलिकाना हक क्यों नहीं दिया जा रहा। चौरसिया का कहना था कि डाल्टनगंज में बड़ी संख्या में लोग खासमहल की जमीन पर रहते आए हैं। राज्य के अन्य जिलों में भी यही स्थिति है लेकिन उन्हें जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल रहा है। वह अपना घर नहीं बना पा रहे हैं। जो घर बना चुके हैं उन्हें परेशान किया जा रहा है। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का भी कहना था कि कृषि योग्य भूमि पर भी रैयतों का 100 वर्ष से अधिक का कब्जा है लेकिन सरकार सड़क निर्माण व अन्य कार्यों के लिए जब भूमि अधिग्रहित करती है तो उसे सरकारी जमीन बता कर कोई मुआवजा नहीं देती है। राज्य में इससे हजारों लोग परेशान हैं।

## होली से पहले अवैध शराब ठिकानों पर हुई छापेमारी

**एजेंसी : रांची**




**रामगढ़**। रामगढ़ में होली पर्व के मद्देनजर डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी ने अवैध शराब ठिकानों पर छापेमारी कराई। उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षक बल के सहयोग से रामगढ थाना अंतर्गत कैथा, हुहुवा, बाजार समिति, गोलपार सहित अन्य जगहों में सघन और व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान 1.80 लीटर अवैध विदेशी शराब एवं 100 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया । छापेमारी अभियान में बाजार समिति निवासी सुमित कुमार पासवान को घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया । जबकि हुहुवा निवासी राजन साव, गोलपार निवासी छोटू माली एवं मनोज यादव के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है। छापे मारी अभियान में मुख्य रूप से उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, सिपाही बिनय सिंह, प्रेम सिंह, कमलेश कुमार, नंदलाल कुमार एवं अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान सहित अन्य शामिल थे।

## अमन साव एनकाउंटरः बाबूलाल मरांडी बोले- कानून को चुनौती देने वाले का यही हश्र होगा





**एजेंसी : रांची**

झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव मंगलवार को मुठभेड़ में मारा गया। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड पुलिस की ओर से एक कुख्यात अपराधी का एनकाउंटर प्रदेश में आपराधिक साम्राज्य चलाने वालों के लिए कड़ा संदेश है। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मरांडी ने कहा कि जो कानून को चुनौती देगा, उसका यही हश्र होगा। जनता की सुरक्षा और शांति के लिए ऐसे अपराधियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पुलिस प्रशासन को इसी दृढ़ता से अपनी कार्रवाई जारी रखनी चाहिए। वहीं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस मामले में सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि डीजीपी पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि जेल से सबकुछ संचालित हो रहा है तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। आप अमन साव को कस्टडी में ला रहे थे तो फिर एनकाउंटर की बात कहां से आ गई। उन्होंने कहा कि सीबीआई से मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि अमन साव को सुरक्षा में ला रहे थे। आप उसे पकड़ने नहीं गये थे। जब कोई क्राइम करके दौड़ के जाता है और तब उसको मारा जाता है तो उसे एनकाउंटर कह सकते हैं। जब सारी सुरक्षा के बीच लाया जा रहा था तब एनकाउंटर हुआ तो यह जांच का विषय है। इसकी जांच होनी चाहिए।

## झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने के बयान पर भाजपा ने के राजू को घेरा

**एजेंसी : रांची**



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू को उनके बयान को लेकर घेरा है। प्रतुल ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के राजू के झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कह कर पूरी की पूरी झारखंड कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब कांग्रेस के कार्यकर्ता ही एक दूसरे को शंका की दृष्टि से देख रहे हैं। मंगलवार को भाजपा के प्रदेश वक्ता ने कहा कि प्रदेश प्रभारी राजू को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर भाजपा का स्लीपर सेल कांग्रेस में कौन है। क्या वह प्रदेश अध्यक्ष हैं या मंत्रियों में कोई है या विधायकों में कोई है। प्रदेश पदाधिकारी में कोई है या फिर दूसरे नेता है। प्रतुल ने कहा ऐसा बयान देकर प्रदेश प्रभारी ने दशकों से निष्ठा से कांग्रेस का झंडा उठा रहे हजारों कांग्रेसियों के निष्ठा पर ही प्रश्न चिन्ह कर दिया है। प्रतुल ने कहा कि अफसोस कांग्रेस का कोई एक नेता भी प्रभारी के इस बयान का विरोध नहीं कर रहा है। किसी समय कांग्रेस में आंतरिक प्रजातंत्र जीवित हुआ करता था, लेकिन अब तो अपने बड़े नेताओं के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ता गलत बात का विरोध भी नहीं करते हैं। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस प्रभारी राजू कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी का अनुसरण कर रहे हैं। राहुल गांधी ने गुजरात में गुजरात कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कही थी। इसका गुजरात के कांग्रेस के कुछ नेताओं ने जबरदस्त विरोध किया था। गुजरात में तीन दशकों से सत्ता से बाहर कांग्रेस अब अपने कार्यकर्ताओं को ही इसका जिम्मेदार बता रही है। प्रतुल ने कहा कि इस पूरे मुद्दे का आश्चर्यजनक पहलू है कि कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा के पीठ पर चढ़कर दो बार झारखंड में चुनावी बैतरणी पार कर चुकी है। फिर भी कांग्रेस के प्रभारी को कांग्रेस में भाजपा का स्लीपर सेल दिख रहा है। उन्होंने ने कहा अगर प्रभारी स्लीपर सेलों की लिस्ट सार्वजनिक नहीं करेंगे तो पूरी की पूरी प्रदेश कांग्रेस पर ही सवालिया निशान हमेशा के लिए खड़ा रह जाएगा।

## होली में रामगढ़ के बाजार में नकली पनीर की हो रही सप्लाई, 70 किलो नकली पनीर जब्त





**एजेंसी : रांची**

**रामगढ़**। होली के मौके पर रामगढ़ के बाजार में नकली पनीर की सप्लाई हो रही है। पनीर की एक बड़ी खेप खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने मंगलवार को जब्त की। रामगढ़ शहर के टेकर स्टैंड के मार्केट में हिंदुस्तान डेयरी दुकान में नकली पनीर की सप्लाई हो रही थी। इस दुकान से 70 किलो नकली पनीर जब्त किया गया है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि हिंदुस्तान डेयरी के मालिक के जरिये होटल और आम ग्राहकों को नकली पनीर बेचे जा रही है। इस आधार पर जब दुकान में छापेमारी की गई तो 70 किलो नकली पनीर मिला। इसके अलावा खोवा और मटर भी इस दुकान से बेचा जा रहा था। उनका सैंपल लेकर भी जांच किया जा रहा है। थोक और खुदरा विक्रेता के नाम से संचालित इस दुकान के मालिक देव कुमार जायसवाल हैं। उन्हें भारी जुर्माना ठोका जा रहा है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि होली के मौके पर ऐसी कई दुकानें हैं, जहां मिलावटी वस्तुओं की बिक्री हो रही है। शहर के सभी होटल और दुकानों की जांच चल रही है। जिन स्थानों पर नकली सामान मिलेगा, उन प्रतिष्ठानों को पहले जुर्माना लगाया जाएगा। फिर उनकी दुकान बंद कराई जाएगी। हिंदुस्तान डेयरी के पास ट्रेड लाइसेंस भी नहीं था जिसे लेकर भी उन्हें जुर्माना लगाया गया है। दुकानदार देव कुमार जायसवाल ने बताया कि वह बिहार से पनीर मंगवाता है। वहां उसे 180 किलो के भाव से पनीर मिलता है। रामगढ़ वह 220 से 250 रुपए प्रति किलोग्राम पनीर बेच रहा है। जांच टीम उन प्रतिष्ठानों की भी जांच करेगी जहां हिंदुस्तान डेयरी से सप्लाई होती हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि ढाई सौ रुपए प्रति किलोग्राम बिकने वाला नकली पनीर, होटल में जाकर ढाई सौ रुपए प्रति प्लेट बिकेगा। यह कितना हानिकारक है, इसका भी पता लगाया जा रहा है।

## स्कार्पियो ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में मारी टक्कर, तीन की मौत

**एजेंसी : रांची**



रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर में रामलखन सिंह कॉलेज के पास मंगलवार सुबह तीन बजे सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी है। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे हैं। मृतकों की पहचान सुजीत सिंकू, पृथ्वी सहदेव और अग्नि बेसरा के रूप में हुई है। सभी जमशेदपुर के रहने वाले थे। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। जानकारी के अनुसार जमशेदपुर से आ रही स्कॉर्पियो ने रामलखन सिंह कॉलेज के पास खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव का काम शुरू किया और घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल भेजा गया। सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है।

## अपराधियों ने दो हाईवा और एक पोकलेन में लगाई आग, पुलिस जांच में जुटी

**एजेंसी : रांची**

**पलामू**। जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने दो हाईवा और एक पोकलेन में आग लगा दी। घटना जगदीशपुर में हुई। हाइवा और पोकलेन सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है। घटना सोमवार रात की है। जानकारी के अनुसार सात से आठ की संख्या में आए अपराधियों ने जगदीशपुर प्राथमिक विद्यालय के पास लगाए गए एक पोकलेन,दो हाइवा में आग लगा दी। तीनों वाहन सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए थे। आग लगाने से पहले हाइवा और पोकलेन में मौजूद मजदूरों को धमकाया और उन्हें वहां से हटाकर आग लगा दी गई। तीनों वाहन हरिहरगंज के तेंदुआ से कुल्हिया इलाके तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में लगे थे। आगजनी की घटना को अंजाम देने के बाद सभी लोग फरार हो गए है। हरिहरगंज के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने मंगलवार सुबह घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पता लगाया जा रहा है कि घटना के पीछे किनका हाथ है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस मामले के सभी एंगल पर जांच कर रही है। पुलिस बल घटनास्थल पर कैंप कर रही है। दरअसल, जिस इलाके में यह घटना हुई, वह बिहार सीमा से सटा हुआ है। घटना के पीछे अपराधी शामिल हैं या नक्सली यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। सड़क निर्माण कंपनी के लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटना के पहले किसी तरह की लेवी की मांग की गयी थी या नहीं इस एंगल पर भी जांच हो रही है।

## पीवीयूएनएल ने 800 मेगावाट की इकाई को ग्रिड से जोड़ा

**एजेंसी : रांची**



**रामगढ़**। झारखंड की ऊर्जा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। पतरातू सुपर थर्मल पावर फेज-1 प्रोजेक्ट की पहली 800 मेगावाट यूनिट को मंगलवार को सफलतापूर्वक ग्रिड से जोड़ दिया गया। यह मील का पत्थर भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीवीयूएनएल के सीईओ आर. के. सिंह ने इस सफलता के लिए पीवीयूएनएल , एनटीपीसी और बीएचईएल की टीमों के अटूट प्रयासों, समर्पण और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने प्रोजेक्ट, ओ एंड एम, कमीशनिंग, सर्विसेज विभागों, सहयोगियों, सहायक कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के योगदान को भी मान्यता दी, जिन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पीवीयूएनएल का अगला लक्ष्य इकाई एक के लिए इस वित्तीय वर्ष के भीतर वाणिज्यिक संचालन तिथि प्राप्त करना है। इसके अलावा, कंपनी वित्तीय वर्ष 2025-26 में फेज-1 की बची हुई दो इकाइयों के कमीशनिंग के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे भारत की विद्युत उत्पादन क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा। पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि रणनीतिक योजना, सहयोग और समर्पण का प्रमाण है। हम राष्ट्र के लिए स्थायी और कुशल ऊर्जा प्रदान करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। वही उन्होंने एनटीपीसी के सीनियर मैनेजमेंट और जेबीवीएनएल के सहयोग के लिए भी धन्यवाद किया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 12 मार्च, 2025



# मौत के मुंह से खींच लाई डॉक्टरों की टीम, तलवार के वार से बिखरे चेहरे को जोड़कर रचा मेडिकल चमत्कार



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) के डॉक्टरों ने नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया है। एक ऐसा मामला, जहां इंसान के बचने की कोई उम्मीद नहीं थी, वहां डॉक्टरों ने चमत्कार कर दिया। 25 फरवरी 2025 की रात 8:32 बजे बीजीएच के आपातकालीन कक्ष में एक युवक को गंभीर हालत में लाया गया। तलवार के भीषण वार से उसका चेहरा तीन टुकड़ों में कट चुका था, गर्दन और सिर पर गहरे घाव थे और सांसें उखड़ रही थीं। खून से लथपथ इस मरीज को देखकर सभी के रोंगटे खड़े हो गए, लेकिन बीजीएच के डॉक्टरों की टीम ने इसे जीवनदान देने का संकल्प ले लिया।

**पहला युद्ध : खून रोकने और सांसें बहाल करने की जंग-** जैसे ही मरीज को कैजुअल्टी में लाया गया, डॉक्टरों ने बिना एक पल गंवाए रेसुसिटेशन शुरू किया। खून लगातार बह रहा था, सांसें थमने को थीं, लेकिन डॉक्टरों की टीम डॉ. अनिंदा मंडल के नेतृत्व में डटी रही। मरीज को तुरंत ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया, जहां डॉ. सतीश के मार्गदर्शन में जनरल सर्जन डॉ. अखिलेश और उनकी टीम ने 7 घंटे तक ऑपरेशन कर खून बहना रोका। इस दौरान मरीज की नाक और मुंह से सांस लेना असंभव हो चुका था, इसलिए डॉ. बृजेश के नेतृत्व में ईएनटी टीम ने ट्रेकियोस्टोमी (गले में सांस लेने का वैकल्पिक मार्ग) बनाकर उसे सांस दी।

**दूसरी लड़ाई : सीने में खून का रिसाव और संक्रमण से बचाव-**ऑपरेशन के बाद मरीज को सीसीयू (क्रिटिकल केयर यूनिट) में भर्ती किया गया, क्योंकि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण खून उसके फेफड़ों में पहुंच चुका था, जिससे उसे घातक संक्रमण का खतरा था। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की कड़ी मेहनत से मरीज को धीरे-धीरे स्थिर किया गया।

**सबसे बड़ा ऑपरेशन : टूटा हुआ चेहरा जोड़ने का चमत्कार-** मरीज की हालत में सुधार होते ही 6 मार्च 2025 को प्लास्टिक सर्जरी टीम ने सबसे चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को अंजाम दिया। डॉ. अनिंदा मंडल के नेतृत्व में डॉ. अभिषेक खलखो, डॉ. पुष्पा रंजन और डॉ. तेजस्वी गुप्ता की टीम ने 7 घंटे तक ऑपरेशन कर चेहरे की टूटी हड्डियों, नाक, होंठ और गाल को फिर से जोड़ने का कमाल कर दिखाया। इस दौरान डॉ. अभिजीत दाम, डॉ. राजेश राज और उनकी एनेस्थीसिया टीम ने पूरी सर्जरी में मरीज को स्थिर बनाए रखा।

**टीमवर्क और समर्पण ने किया असंभव को संभव-** इस पूरे इलाज के दौरान बीजीएच के कैजुअल्टी, सीसीयू, ओटी और वार्ड 2सी की नर्सिंग टीम ने चौबीसों घंटे काम किया, जिससे मरीज की जान बचाई जा सकी। यह अद्भुत सफलता डॉक्टर अनिंदो मंडल के निगरानी में बीजीएच के डॉक्टरों की टीम वर्क, समर्पण और उत्कृष्ट चिकित्सा कौशल का नतीजा है।

**सेल की ट्रेनिंग ने दी टीम वर्क की सीख-** बीजीएच के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिंदो मंडल का कहना है कि इस चमत्कारी सफलता के पीछे सिर्फ चिकित्सा विज्ञान ही नहीं, बल्कि सेल के अधिकारियों को आईआईएम कोझीकोड में दी गई ट्रेनिंग भी एक बड़ा कारण बनी। यहां डॉक्टरों और अधिकारियों को टीम वर्क और कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव लाने की सीख दी जाती है, जिसने इस ऑपरेशन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन सभी बदलावों को लाने में बीजीएच के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विभूति करुणामय की भी स्वीकृति रही।

**राज महथा को मिली नई जिंदगी -** जो मरीज अस्पताल पहुंचते वक्त मौत के दरवाजे पर खड़ा था, वह आज नई जिंदगी की ओर बढ़ रहा है। बीजीएच के डॉक्टरों की इस चमत्कारी टीम ने साबित कर दिया कि अगर इरादा मजबूत हो और टीम में समर्पण हो, तो कोई भी असंभव को संभव बनाया जा सकता है।

**मौत को मात देकर घर लौट रहा राज महथा, कहा - डॉक्टरों ने मुझे नई जिंदगी दी-** डॉक्टर अनिंदो के निगरानी में बीजीएच के डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई। तलवार के भीषण हमले में गंभीर रूप से घायल राज महथा अब स्वस्थ हो रहा है और मंगलवार को डिस्चार्ज होगा। राज ने कहा, डॉक्टरों ने मुझे नया जीवन दिया, मैं उनका शुक्रगुजार हूं। उनके पिता प्रकाश महथा, जो चास ब्लॉक के काशी झरिया में चाय की दुकान चलाते हैं, ने कहा, जब हमने राज की हालत देखी, तो हम सभी उसकी जिंदगी को लेकर पूरी तरह निराश हो चुके थे। लेकिन बीजीएच के डॉक्टरों ने चमत्कार कर दिया।

प्रकाश महथा ने आगे बताया, हम सबसे पहले नीलम नर्सिंग होम गए थे, लेकिन वहां के डॉक्टरों ने हालात गंभीर देखकर हमें तुरंत बीजीएच ले जाने को कहा। राज बेहोश था, खून लगातार बह रहा था, नाक झूल रही थी, गाल बुरी तरह कटा हुआ था और उसकी सांस बहुत धीमी चल रही थी। लेकिन बीजीएच के डॉक्टरों ने हर संभव कोशिश कर उसकी जान बचा ली। हम उनके दिल से आभारी हैं। उन्होंने शहर के सभी मरीजों को इस अस्पताल पर भरोसा करने को कहा है। अब राज महथा पूरी तरह ठीक है और जल्द ही अपने परिवार के पास लौटने के लिए तैयार है।

# प्रहरी मेला की रजत जयंती समारोह में लगा कलाकारों व साहित्यकारों का महाकुंभ!

» झारखंड प्रहरी सम्मान में सम्मानित हुए राज्य के 300 कलाकार व साहित्यकार
» पहली बार एक साथ एक मंच पर जुटे सैकड़ों कलाकार व साहित्यकार

राष्ट्रीय मुख्यधारा













**बोकारो :** कसमार प्रखंड के खैराचातर में भूतपूर्व सरपंच व प्रखर समाजसेवी स्वर्गीय सुरेश कुमार जायसवाल की पुण्यतिथि पर सामाजिक सांस्कृतिक जागरूकता हेतु अयोजित सात दिवसीय प्रहरी मेला शुरू हुआ। मेला के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में प्रथम दिन झारखंडी कलाकारों व साहित्यकारों को समर्पित झारखंड प्रहरी सम्मान का आयोजन किया गया। इसमें खोरठा, नागपुरी, संथाली, कुड़मालि, कुड़ुख समेत अन्य झारखंडी भाषाओं के लगभग 300 कलाकारों एवं साहित्यकारों को शॉल, प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बोकारो जिला में संभवतः पहली बार राज्य के विभिन्न भाषाओं के कलाकार व साहित्यकार इतनी बड़ी संख्या में एक साथ एक मंच पर जुटे। इसको लेकर दर्शकों में काफी उत्साह था। लोग अपने चहेते कलाकारों व साहित्यकारों की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी व थाना प्रभारी भजनलाल महतो समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर व फीता काटकर किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में इसे ऐतिहासिक कार्यक्रम बताया और कहा कि यह कार्यक्रम राज्य के कलाकारों और साहित्यकारों के किसी महाकुंभ से कम नहीं है। मौके पर आरएम संस्कार पब्लिक स्कूल की शिक्षिका सोनाय प्रमाणिक ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया. संचालन दीपक सवाल ने किया।

**सुरेश जायसवाल की प्रतिमा का हुआ अनावरण-** प्रहरी मेला के उद्घाटन के मौके पर स्वर्गीय सुरेश जायसवाल की प्रतिमा का अनावरण भी हुआ। पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, प्रमुख नियोती कुमारी ने इसका विधिवत अनावरण किया। मौके पर डॉ लंबोदर ने कहा कि स्वर्गीय जायसवाल की यह प्रतिमा लोगों को सामाजिक कार्यों व जरूरतमंदों की सेवा के लिए प्रेरित करेगी। प्रमुख नियोति कुमारी ने कहा कि स्व सुरेश जायसवाल समाज के सच्चे व समर्पित प्रहरी के रूप में लंबे समय तक क्षेत्र व पंचायत की जनता की सेवा की। इस अवसर पर खोरठा के साहित्यकार श्याम सुंदर केवट रवि द्वारा संपादित खोरठा पत्रिका फुनगी के नौवें अंक का विमोचन खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद के अध्यक्ष डॉ बीएन ओहदार व अन्य अतिथियों ने किया।

**कार्यक्रम सैकड़ों लोग थे मौजूद-** प्रहरी मेला के उद्घाटन के मौके पर स्वर्गीय जायसवाल की पत्नी गीता देवी, पूर्व प्रमुख विजय किशोर महतो, भाकपा माले नेता शकुर अंसारी, शिक्षाविद निशाकर दे, समाजसेवी लोकेश कुमार दे, सूरज जायसवाल, मेला कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम महतो, व्यवस्थापक रामसेवक जायसवाल, संयोजक अशोक कुमार सिंह, पंकज कुमार जायसवाल, राजेश कुमार राय, उमेश कुमार जायसवाल, डॉ जीतलाल महतो, किशोर कांत, उमेश कुमार महतो, सौरभ राय, रमेश चंचल, उपेंद्र जायसवाल, सौरभ जायसवाल, विष्णु जायसवाल, राहुल महतो, नीरज भट्टाचार्य, विमल रॉय, डब्लू शर्मा, यूनुस अंसारी, अभिषेक, प्रेमजीत जायसवाल, भोला स्वर्णकार, पद्मलोचन गोराई आदि मौजूद थे।

**300 कलाकारों व साहित्यकारों को मिला झारखंड प्रहरी सम्मान-** समरोह में परी पासवान (मिस इंडिया यूनिवर्स-2019), वर्षा लकड़ा (अभिनेत्री), जर्मन के डॉ नेत्रा पोंडियाल के अलावा खोरठा के डॉ विनोद कुमार, डॉ कुमारी शशि, डॉ दिनेश दिनमणि, डॉ मुकुंद रविदास, डॉ अनाम ओहदार, डॉ कृष्णा गोप, मनोज देहाती, गौतम कुमार महतो, विनय तिवारी, महेंद्रनाथ गोस्वामी 'सुधाकर, प्रदीप कुमार दीपक, विनोद कुमार रसलीन, गिरिधारी गोस्वामी 'आकाशखूंटी', केडी सुपर, विक्रम रवानी, मिलन दास, सुकुमार, मीनाक्षी राय 'प्राजिता', प्रहलाद चंद्र दास, बासु बिहारी, श्याम सुंदर केवट 'रवि', डॉ त्रिवेणी कुमार महतो, डॉ अनिल कुमार 'अनल', मनोज कुमार कपरदार, शेखर शरदेंदु, श्याम केवट चित्रकार, सुजाता कुमारी, आशा झारखंडी, कामेश गोस्वामी, अशोक पारस, डॉ पूर्णेन्दु गोस्वामी, पंडित श्याम गोस्वामी, लक्ष्मी देवी, तीर्थनाथ आकाश, आनंद साहनी, उमेश कुमार, कर्ण कुमार, विक्की कुमार, नेपाल महतो, हबीब नाज, प्रेमचन कालिंदी, संथाली के पीतांबर हांसदा, मानसिंह मांझी, जोबा मुर्मू, सारो हांसदा, ताला टुडू, सालगे हांसदा, मोहन चंद्र बास्के, रामराय मार्डी, शोभा हांसदा, सुधीर चंद्र मुर्मू, भुजंग टुंडू, डॉ रजनीकांत मांडी, सागेन मांडी, रानी मुर्मू, जितराय हांसदा, देव हेंब्रम, रवींद्रनाथ मुर्मू, सागेन मांडी, नागपुरी के इग्नेश कुमार, मनीता राज, बुबाई रॉय, दिलू दिलवाला, राजेश राज, अंकिता भेंगरा, विजय प्रभाकर, सुनील बेदिया, केशव केसरिया, आरजे विक्रम, पूजा मुंडा, अनिल नायक, शिवानी केरकेट्टा, डॉ रिझु नायक, इंद्रजीत सिंह, उज्ज्वल कुमार रॉकी, सरस्वती बुनकर, अक्षय किंग, कविता होरो, कुमार गहलोत, राज रॉय, आलोक राज, मोनू राज, कुड़मालि के रेवती महतो, विकास कुमार महतो, अश्विनी महतो, कुड़ुख के अंकिता बेक, रविकांत भगत, संतोषी तिग्गा, पूनम खलखो, रिंकू उरांव, सुजीत उरांव, शुकुल उरांव, सोहानी उरांव, लोक चित्रकार जयश्री इंदवार, महावीर शामी, यूट्यूबअमित एफएफ, बैक वेंचर्स ऐट, जलेश्वर महतो (वीडियो, नौशाद अली रिंकू, प्रदीप नायक, राष्टीय ढोलक वादिका हेमली कुमारी समेत लगभग 300 कलाकारों व साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

# होली एवं उर्स को लेकर कसमार में शांति समिति की हुई बैठक

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**बोकारो :** कसमार थाना परिसर में मंगलवार को होली एवं सुरजुडीह की उर्स को लेकर शांति समिति की बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता सीओ प्रवीण कुमार ने की। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारी, जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, प्रखंड बीस सूत्री कमिटी अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, बीडीओ नम्रता जोशी, थाना प्रभारी भजनलाल महतो मुख्य रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि होली शांति एवं भाईचारे का पर्व है, जिसमें सभी समुदाय के लोग मिल जुलकर खुशियां बांटे। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना मिले तो तुरंत सूचना करें। खासकर नशेड़ियों एवं हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखें, ताकि होली में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे। इस दौरान 20 व 21 मार्च को सुरजुडीह में लगनेवाले कुर्बान अली शाह की सालाना उर्स की तैयारी एवं विधि व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। मौके पर

शकुर अंसारी, शेरे आलम, मेहरुल होदा, अमरलाल महतो, यदुनंदन जायसवाल, बानेश्वर महतो, छोगालाल सिंह, शेखावत अंसारी, राजेंद्र महतो, हारू रजवार, परमेश्वर नायक, नीरज भट्टाचार्य, विनोद महतो रसलीन, काजल मुखर्जी, विजय जायसवाल, भुनेश्वर महतो, धनलाल कपरदार, राजेंद्र स्वर्णकार, रूहुल होदा, सोहेल अंसारी, नसरूल होदा, रवि कुमार, शमीम अंसारी, राहुल स्वर्णकार, फारुख अंसारी, अखिलेश्वर मरांडी, चंद्रशेखर नायक, नगेंद्र नायक, मुमताज अंसारी, कमरुल होदा, विजय महतो, चंद्रशेखर जायसवाल, इरफान अंसारी, मंटू रजवार, मोबिन अंसारी, प्रताप सिंह, राकेश कुमार, परमेश्वर सिंह, बलदेव रजवार, कौसर अली, रामलाल हजाम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# निःशुल्क विद्यालय में मना होली मिलन समारोह



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बिरसा मुंडा निःशुल्क विद्यालय सेक्टर 12ए में होली मिलन समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी कुमार अमरदीप ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। यह जीवन में खुशियों के रंग बिखेरता है। लोग आपस में मिलजुल कर होली का त्योहार मनाएं, आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा दिलाएं। इस दौरान स्कूल के छात्रों को रंग, गुलाल, बिस्कुट, टॉफी वितरण किया गया। एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया गया। उन्होंने आपस में होली की खुशियां बांटी। मौके पर स्कूल के संस्थापक परशुराम राम, ममता सिंह, गुड्डी देवी, बबीता कुमारी, ऊषा कुमारी, विजय कुमार ,प्रेम सिंह वेद, रामजी राम, सीआर दास, भूषण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# दिवंगत शिक्षक के परिजनों से मिला झारखण्ड +2 शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल, की मदद

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** झारखण्ड +2 शिक्षक संघ, जिला इकाई बोकारो के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह एवं जिला सचिव डॉ अवनीश कुमार झा के नेतृत्व में राजबल्लभ प्लस टू उच्च विद्यालय साण्डी, रामगढ़ के दिवंगत पीजीटी शिक्षक मोहम्मद सलमान के परिजनों से रामगढ़ स्थित उनके आवास पर मुलाकात की और शोक की घड़ी में उन्हें ढाढस बंधाया। प्रतिनिधिमंडल ने दिवंगत शिक्षक के परिवार को संगठन के तरफ से आर्थिक सहायता भी प्रदान की एवं आगे भी परिवार को हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष राजदेव साहू, संयुक्त सचिव डॉ शक्ति पद महतो एवं प्रांतीय गुणात्मक शिक्षा समिति सदस्य धनंजय कुमार भी शामिल थे। शिक्षक संघ के तरफ से शोकाकुल परिवार को तकलीफ़ की घड़ी में सहयोग करने का झारखण्ड +2 शिक्षक संघ के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर, तकनीकी सचिव मृत्युंजय कुमार, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य मिथिलेश कुमार, हरिशंकर देव, रविन्द्र कुमार, गिरिडीह के जिला सचिव रिषिकांत सिन्हा, जिला इकाई बोकारो के संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक, उपाध्यक्ष लालचंद रजक, संयुक्त सचिव राजेश कुमार विश्वकर्मा, उप संगठन मंत्री मुकेश कुमार यादव, प्रयोगशाला सहायक प्रतिनिधि उजमा सुल्ताना, विद्यालय प्रतिनिधि कृपा शंकर महतो, ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी, अशोक कुमार रजवार, राजीव रंजन तिवारी, अमर कुमार महतो, सदस्य बेलालुद्दीन अंसारी, कपिल देव ठाकुर, सीमा ठाकुर, प्रशांत कुमार, गुलाम मोहिउद्दीन, एवं वेद प्रकाश आदि ने स्वागत किया है।

# बोकारो पुलिस की सटीक कार्रवाईः 45 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, दो अपराधी गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**बोकारोः** शहर और आसपास के इलाकों में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर आखिरकार पुलिस ने लगाम कस दी। बोकारो पुलिस की मुस्तैदी और बेहतरीन रणनीति के कारण 45 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक श्री मनोज स्वर्गीयारी के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक (नगर) श्री आलोक रंजन के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। गुप्त सूचना, तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच के बाद अपराधियों की पहचान कर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की।

**पुलिस की सूझबूझ से अपराधियों का पर्दाफाश-** गिरफ्तार किए गए दोनों अपराधियों मो. परवेज (34 वर्ष) और मो. मासूम अंसारी (19 वर्ष) ने स्वीकार किया कि वे बोकारो शहर और आसपास के इलाकों में मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें कथारा, तेनुघाट, गोमिया और पेटरवार थाना क्षेत्रों में बेचते थे।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई से 45 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जिनमें हीरो स्प्लेंडर (26), बजाज पल्सर (2), होंडा सीबीजेड (2), स्कूटी (4) समेत कई अन्य वाहन शामिल हैं। ये वाहन बोकारो जिले के बीएस सिटी थाना, सेक्टर 4, सेक्टर 6, सेक्टर 9, सेक्टर 12 और अन्य थानों में पहले से दर्ज मामलों से जुड़े हुए थे।

**अपराधियों पर पहले से दर्ज थे मामले-** गिरफ्तार मो. परवेज का अपराधिक इतिहास पहले से ही संदिग्ध था। उस पर रांची सदर थाना कांड संख्या 383/16 (धारा 395, भा.द.वि.) के तहत मामला दर्ज है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह पहले भी गंभीर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था।

बोकारो पुलिस की इस सफल कार्रवाई ने यह साबित कर दिया कि यदि पुलिस विभाग ठान ले, तो अपराधियों को बचने का कोई मौका नहीं मिलेगा। पुलिस की तकनीकी जांच, कड़ी निगरानी और ठोस रणनीति के चलते यह बड़ी सफलता हाथ लगी।

बोकारो पुलिस की इस तेज़तर्रार कार्रवाई से जहां आम जनता ने राहत की सांस ली है, वहीं अपराधियों के बीच सख्त संदेश गया है कि कानून की पकड़ से बचना नामुमकिन है। इस ऑपरेशन में शामिल सभी पुलिसकर्मियों की सराहना होनी चाहिए, जिन्होंने जनता की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए अपराध पर कड़ा प्रहार किया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 12 मार्च, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### डीजीएम ने डीवीसी आवास में किए जा रहे निर्माण कार्य को बंद करवाया



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी की आवासीय कॉलोनी के आवास संख्या डी-5 के कैंपस में बिना डीवीसी की एनओसी के सरकारी मद से करवाए जा रहे आंगनबाड़ी भवन के निर्माण कार्य को डीजीएम बीजी होलकर ने बंद करवा दिया। इस संबंध में डीजीएम ने बताया कि उक्त आवास परिसर में डीवीसी की अनुमति के बिना ही अवैध तरीके से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। होमगार्ड के जवानों द्वारा सूचना दिए जाने पर निर्माण कार्य को पहले भी बंद करवाया गया था, लेकिन कुछ दिन बाद संवेदक ने दुबारा निर्माण कार्य आरंभ कर दिया। सूचना मिलने पर होमगार्ड के जवानों को भेजकर फिर से निर्माण कार्य को बंद करवाया गया। डीजीएम ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को भी इसकी सूचना दे दी गई है और उक्त आवास में जवानों की ड्यूटी भी लगा दी गई है।

### 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन साजिद ने 110 मीटर हर्डल्स में जीता रजत पदक




**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** भारतीय एथलेटिक संघ, नई दिल्ली एवं बिहार एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 10 से 12 मार्च तक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पटना में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के बालक अंडर-18 आयु वर्ग के 110 मीटर हर्डल्स रेस में 14.42 सेकंड का समय लेकर बोकारो चंदनकियारी आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के साजिद ने रजत पदक जीतकर बोकारो जिला एवं झारखंड राज्य का नाम रोशन किया। वहीं, तमिलनाडु के नावेद बी. सैयद शबीर ने 14.35 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण एवं केरल के फ़सालूल ने 14.42 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता।

ज्ञात हो कि बोकारो चंदनकियारी आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र का राष्ट्रीय स्तर पर यह पहला व्यक्तिगत रजत पदक है। इस उपलब्धि पर बोकारो जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सह बेरमो विधायक कुमार जय मंगल, बोकारो जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव गंगाधर यादव एवं अशोक भट्टाचार्य, प्रकाश कुमार, लीलधारी गुप्ता ने साजिद को बधाई दी।

### डीवीसी ईडीसीएल कार्यालय का उद्घाटन



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** डीवीसी ईडीसीएल के नए कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को एचओपी सुशील कुमार अरजरिया, विशिष्ट अतिथि जीएम विद्युत राजेश विश्वास, डीजीएम बी. जी. होलकर, डीजीएम हेल्थ डॉ. संजय कुमार, अभिजीत दुले आदि ने संयुक्त रूप से किया। इसके पूर्व एचओपी का स्वागत ईडीसीएल के अध्यक्ष मनीष कुमार चौधरी द्वारा किया गया। साथ ही, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, बाबा तिलका मांझी एवं भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। मुख्य अतिथि सहित सभी अधिकारियों एवं ईडीसीएल के सदस्यों ने कार्यालय की चहारदीवारी पर बने महापुरुषों के चित्र और स्लोगन की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। ईडीसीएल अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया, वहीं संरक्षक बी. जी. होलकर एवं विशिष्ट अतिथि जीएम विद्युत ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

एचओपी ने कहा कि डीवीसी ईडीसीएल का कार्य सराहनीय है और संगठन के विकास के लिए प्रबंधन सहयोग करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन सचिव रमेश कुमार ने किया। मौके पर बी. एन. प्रसाद, ध्रुवा मांझी, राहुल उरांव, राहुल देव कश्यप, रवि चक्रवर्ती, एस. बार्जो, विनय कुमार, स्टेफेन राजन, टीकू गुहान, राहुल साहा, सुधीर हेम्ब्रम, सुभा आदि मौजूद थे। चहारदीवारी पर चित्र बनाने वाले चित्रकार भोला कुमार महतो को एचओपी ने मोमेंटो देकर एवं ईडीसीएल अध्यक्ष ने नगद पुरस्कार से सम्मानित किया।

# पलाश फूल का है विशेष महत्व,होली के दिन लोग इसका रंग बनाकर खेलते थे

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**रामगढ़ः** रंग उत्सव होली के गीत हर तरफ बजने लगे है। वही जंगल में पलाश के फूल बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगे हैं। जंगल का भीतरी वातावरण इन दिनों ऐसा लगने लगा है मानो पेड़ में किसी ने दहकते अंगारे लगा रखा हो। आमतौर पर वसंत ऋतु के समय यह फूल खिलने लगता है। होली के आसपास यह फूल चरम पर आकर जंगल की खूबसूरती में चार चांद लगा जाता है। क्षेत्र के सुतरी , पुरबडीह,पतरातू,बाबलौंग, गुटियल,ऊपर खाखरा,साड़म आदि गांवों के जंगलों में पलाश फूल दिख रहे है। अभी कोरोना वायरस के दहशत के कारण होली पर लोग रंग.



गुलाल खेलने से परहेज कर सकते है।। ऐसे में पलाश के फूल की डिमांड बढ़ रही है क्योंकि पलाश के फूल से बने रंग प्राकृतिक होते हैं और इससे किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता।

**टेसू के फूल से ही बनते थे रंग-** आज भले ही हम केमिकल युक्त रंग.गुलाल से होली का पर्व मनाते हैं, लेकिन एक समय था जबकि हमारे पूर्वज टेसू के फूल से ही रंगोत्सव मनाया करते थे। इसके लिए पलाश का फूल को होली से एक दिन पहले एकत्र कर उसे मिट्टी के पात्र में रख कर गरम किया जाता था और इससे प्राकृतिक रंग तैयार होता था। अब जमाना बदल गया है। त्योहारों की तैयारी भी अब महज एक दिन तक सिमट गई है।

केमिकल रंग का उपयोग करने से बच रहे हैं, वहीं होली का पर्व मनाने का भी उत्साह है। ऐसे में लोग अब पुरानी परंपरा की ओर लौट रहे हैं। पलाश के फूल का संग्रह कर इसका प्राकृतिक रंग तैयार कर होली का पर्व मनाने की योजना में कई ग्रामीण व संपन्न परिवार बना रहे हैं। लिहाजा पलाश की मांग बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार पलाश के फूल एकत्रित करने श्रमिक भेजकर जंगल से यह फूल बोरियों में मंगाया गया है और इससे रंग बनाए जा रहे हैं।

**कैसे बनता है पलाश फूल से रंग-** आपको बता दें कि सेमल और पलाश के फूल को सुखाकर चूर्ण बनाया जाता है। इस चूर्ण को कुछ देर के लिए पानी में डालकर छाना जाता है। जिससे पानी लाल हो जाता है। इसके चूर्ण को गेंदे और अपराजिता के फूल के चूर्ण के साथ मिलाकर पीसा जाता है और यह मिश्रण प्राकृतिक अबीर बन जाता है।

**औषधीय गुण भी कम नहीं-** आपको बता दें कि पलाश औषधीय गुणों से भरपूर होता है। पलाश के छाल को उबालकर सेवन करने से पथरी और यकृत रोग दूर होते हैं। सेमल का पुष्प ही नहीं वरन पंचांग शक्तिवर्धक होते हैं। पाचनतंत्र को ठीक रखने के साथ ही सेमल मधुमेह के लिए उपयोगी है। हरसिंगार का प्रयोग वात रोग के लिए सर्वोत्तम है।पलाश के तने के रेशे से बनी रस्सी काफी मजबूत होती है। इसके पत्ते से बने दोने और पत्तल कभी वर्ग विशेष की आजीविका के मुख्य साधन थे।

## होली पर्व में हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**रामगढ़ः** गोला थाना परिसर में मंगलवार को होली का त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता प्रमुख गीता देवी ने की।जबकि संचालन बीडीओ सुधा वर्मा ने की।इस दौरान हिंदुओं का रंगों का त्योहार होली 14 मार्च को मनाने के लिए सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के तहत हर्षोउल्लास से मनाने की बात कही गई।पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार ने कहा कि हुड़दंगियों की सूचना ग्रामीण पुलिस को दे तुरंत कार्रवाई होगी।साथ ही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाईचारगी से पर्व को मनाना है।मौके पर सीओ समरेश प्रसाद भंडारी,थाना प्रभारी, कमाल शहजादा, जिला बीस सूत्री सदस्य एहतेशाम अंसारी, जनार्दन पाठक, संतोष सोनी,बिनु कुमार महतो,सुरेश रजक,बीणा देवी,पंचम चौधरी, बबलू साव,महेंद्र प्रसाद ,नारायण महतो,गौरी शंकर महतो,आलम अंसारी आदि मौजूद थे।

## बोकारोः संगठन की नई कार्यकारिणी गठित, प्रशांत सिन्हा बने अध्यक्ष



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। प्रशांत सिन्हा को अध्यक्ष और शिव शंकर नोनिया (पप्पू चौहान) को महासचिव चुना गया।

अन्य पदाधिकारीः कार्यकारी अध्यक्ष बॉबी राज, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, शबा अहमद, सहायक सचिव दिलीप कुमार, विजय साव रिंकू, कोषाध्यक्ष राजकुमार नियुक्त हुए। प्रदेश कानूनी सलाहकार सुभाष कटरियार और रमेंद्र कुमार सिन्हा बने।

कार्यकारिणी गठन के बाद अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधिकारियों और पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात होली मिलन समारोह हुआ, जहां उपस्थित सदस्यों ने नृत्य, संगीत और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम भाटिया ने कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन को मजबूत बनाएगी और पत्रकारों के हित में कार्य करेगी।

## बोकारो विधायक के समर्थन में प्रवक्ता कुंज बिहारी पाठक की प्रेस वार्ता, अफवाहों को बताया बेबुनियाद

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह के निर्देश पर विधायक आवास पर प्रवक्ता कुंज बिहारी पाठक द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक मामले पर स्पष्टीकरण देते हुए कुछ लोगों पर जनता को गुमराह करने और विधायक की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया।



**खेल महोत्सव आयोजन को लेकर उठे विवाद पर सफाई-** कुंज बिहारी पाठक ने बताया कि यूनिक एंड यूनिटी फाउंडेशन द्वारा विधायक श्रीमती श्वेता सिंह को एक आवेदन दिया गया था, जिसमें पूर्व विधायक वीर समरेश सिंह के नाम पर अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक खेल महोत्सव आयोजित करने के लिए 20.75 लाख रुपये की आवश्यकता जताई गई थी। इस पर विधायक ने जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर युवाओं के हित में आवश्यक सहयोग करने का अनुरोध किया था।

हालांकि, इस पत्र को षड्यंत्र के तहत लीक कर दिया गया, जिससे विधायक की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। पाठक ने इसे कार्यालय की गोपनीयता भंग करने वाला कृत्य बताते हुए इस पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**"बोकारो विधायक जनता के विकास के लिए प्रतिबद्ध"-** प्रवक्ता ने कहा कि विधायक श्वेता सिंह पूरी निष्ठा के साथ बोकारो के विकास के लिए समर्पित हैं और उनके खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार और राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से कार्यालय की गोपनीयता भंग करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की।

उन्होंने कहा, "हमारी विधायक गंगाजल की तरह पवित्र हैं और उनका हर कदम 24 घंटे बोकारो की जनता के विकास के लिए समर्पित है।"

अब देखना होगा कि इस मामले में जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करता है और सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों की सच्चाई क्या है।

## एचईसी की गंभीर समस्याओं को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने की भारी उद्योग राज्य मंत्री से मुलाकात



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**रांची/दिल्ली।** मंगलवार को दिल्ली में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. सुरेंद्रन और झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री बृजेश कुमार ने भारी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन (एचईसी) की बिगड़ती स्थिति को लेकर भारी उद्योग राज्य मंत्री निवास वर्मा से मंत्रालय में मुलाकात की।

बैठक के दौरान एचईसी कर्मियों के 26 माह से लंबित वेतन भुगतान पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही, संगठन ने एचईसी के भविष्य और इसके पुनरुद्धार के उपायों पर भी मंत्री से बातचीत की।

मंत्री निवास वर्मा ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वे जल्द ही संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। साथ ही, उन्होंने कहा कि सरकार एचईसी के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है।

## बीएसएल कर्मियों को मिला दीर्घकालीन सेवा सम्मान

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट में 25 सालों की सेवा दे चुके 114 इस्पातकर्मियों को 11 मार्च को आयोजित दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया। मानव संसाधन (ज्ञानार्जन एवं विकास) विभाग के प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक-प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधकगण, अन्य वरीय अधिकारी, मुख्य महाप्रबंधकगण तथा अन्य वरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।




समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) हरि मोहन झा ने सभी का स्वागत किया। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने अपने संबोधन में पच्चीस वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई दी और उन्हें अपना व्यापक अनुभव अन्य सहकर्मियों से भी साझा करने का आह्वान किया। अन्य मंचासीन अधिकारियों ने भी दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे बीएसएल कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान 6 अधिशासी व 108 अनधिशासियों को दीर्घकालिक सेवा प्रमाण पत्र व उपहार अतिथियों द्वारा दिए गए। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रभाकर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## दो दर्जन चोरों ने सीसीएल स्वांग स्टोर पर धावा बोल की मोटर की चोरी, सुरक्षा इंचार्ज सहित सीसीएल व होमगार्ड के जवानों को पीटा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल :** सीसीएल कथारा एरिया अंतर्गत स्वांग परियोजना के स्टोर पर सोमवार की रात्रि लगभग दो दर्जन से भी ज्यादा चोरों ने लाठी-डंडों से लैस होकर रात्रि लगभग बारह बजे धावा बोला। चोरों ने परियोजना के स्टोर में रखा पुराने मोटर के पाट्र्स एवं मोटरों को चोरी करने की नीयत से ही हमला किया। सूचना पाकर परियोजना के सुरक्षा इंचार्ज परमेश्वर नायक अन्य जवानों के साथ चोरों को खदेड़ने लगे। साथ ही, सुरक्षा इंचार्ज ने इसकी सूचना कथारा एरिया के सुरक्षा इंचार्ज एवं जवानों को भी दी। सूचना पाकर एरिया से रामरतन, पप्पू सहित अन्य जवान भी पहुंचे। सभी ने मिलकर चोरों को भगाने का प्रयास किया, परंतु चोरों ने सुरक्षा इंचार्ज सहित जवानों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और उनकी पिटाई शुरू कर दी। चोरों द्वारा की गई पिटाई में सुरक्षा इंचार्ज परमेश्वर नायक, सीसीएल के गार्ड किसुन चौधरी, लाल मोहन सिंह, संतोष कुमार सिंह, पप्पू, गौतम राम सहित होमगार्ड के जवानों में से पंकज कुमार, मिथिलेश कुमार, कुमार धर्मेंद्र आदि घायल हो गए। सुरक्षा इंचार्ज के पैर में चोटें आईं। बाद में सभी चोर एक मोटर चोरी कर अपने साथ ले गए। चोरी गई मोटर की कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई जाती है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान सह-होली मिलन समारोह का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित बोकारो क्लब में मंगलवार को सामाजिक संस्था साईं सेवा आश्रम एवं जेएसपीएल की आजीविका सखी मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी सह-समाजसेवी अनुपमा सिंह, बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी, स्वाति होलकर, जेएसपीएल की बीपीएम अंजना सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। समारोह में संस्था की ओर से मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य शाहजादी बानो, मुखिया चंदना मिश्रा, कविता देवी, चंद्रदेव घांसी, पंसस बेबी रजक, जय लक्ष्मी, सुनीता सिंह आदि को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।



स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। अनुपमा सिंह ने कहा कि महिलाएं न केवल परिवार की रीढ़ होती हैं, बल्कि वे देश, समाज और दुनिया के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नारी सशक्तिकरण केवल सामाजिक या राजनीतिक नहीं, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण का भी प्रतीक है। यह सकारात्मक सोच और वैश्विक विकास का आधार है।

गिरिजा देवी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अभी भी महिलाओं को समान अधिकार प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कार्यक्रम का संचालन संस्था की सचिव सुषमा कुमारी ने किया। मौके पर दीपमाला, ज्योति कुमारी, सुनीता सिंह, विनीता प्रसाद, निधि सिंह, किरण देवी, ज्योति देवी, उर्मिला देवी, मो. हकीम सहित संस्था एवं सखी मंडल की सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मंईयां सम्मान योजना को लेकर हेमंत के पुराने साथी ने कर दी बड़ी बात, मच गया सियासी घमासान



**चाईबासा, एजेंसी।** पूर्व राजस्व मंत्री दुलाल भुईयां ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को सरकारी रेवड़ी बताया है। सोमवार को एक मामले में चाईबासा कोर्ट आए दुलाल भुईयां ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना झारखंड सरकार का लॉलीपाप है। इस योजना के लिए सरकार के पास फंड नहीं है। वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन और छात्रवृत्ति का पैसा न देकर सरकार मंईयां सम्मान योजना में पैसे बांटकर खजाना खाली कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड के खनिज पर सरकार का ध्यान नहीं है। मुफ्त की रेवड़ी बांटकर सरकार कितने दिन चलाओगे। यहां की जनता एक दिन आपके बाल नोंच लेगी। पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने कहा, हम लोग शिबू सोरेन के आदमी हैं। उनके लिए कुछ भी कर सकते हैं। हेमंत सोरेन से हमारा क्या लेना-देना। वो पत्थर चोर हैं, जेल गए हैं।अभी हेमंत सोरेन के साथ सिर्फ चाटुकार लोग ही हैं। भाजपा में जाने के सवाल पर दुलाल ने कहा कि भाजपा अच्छी पार्टी है। अगर भाजपा चाहेगी तो हम राजनीति की पिच पर खेलने के लिए तैयार हैं।चाईबासा के व्यवहार न्यायालय के एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे केस में पूर्व राजस्व मंत्री दुलाल भुईयां को सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में सोमवार को बरी कर दिया है। वर्ष 2015-16 में टाटा कंपनी के कर्मचारियों के हक की मांग लेकर टाटा कंपनी ग्रुप के विरोध एक जनांदोलन हुआ था।इसमें साफ-सफाई कर्मचारियों के हक अधिकार को लेकर उन्होंने टाटा कंपनी ग्रुप के व्यवस्था के खिलाफ यह लड़ाई लड़ी थी, जिसका नेतृत्व करने के कारण दुलाल भुईयां को षड्यंत्र के तहत गिरफ्तार कर लिया गया था और पुलिस ने जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की थी।पूर्व राजस्व मंत्री दुलाल भुईयां ने कहा कि मुझे न्यायालय पर पूरा विश्वास था जिसके फलस्वरूप कई वर्ष बाद आज उन्हें न्यायालय में सम्मान के साथ बरी कर दिया गया है।

### होली से पहले महिलाओं को हेमंत सरकार ने कर दिया खुश, 2500 की जगह खाते में भेजे इतने रुपये

**गढ़वा, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि योजना की लाभुक महिलाओं के बैंक खाते में पहुंचने लगी है। इससे महिलाओं में खुशी का माहौल है। एक साथ तीन माह की राशि 7500 रुपये बैंक खाते में पहुंचने से महिलाओं के होली व रमजान की खुशी में इजाफा हो गया है। सरकार ने डीबीटी के माध्यम से जनवरी, फरवरी व मार्च की राशि महिलाओं के बैंक खाते में भेजी है। जिसका इंतजार महिलाएं बेसब्री से कर रही थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा विगत आठ मार्च को राशि भेजे जाने शुरूआत किए जाने के बाद गढ़वा जिले में अगले दिन यानी नौ मार्च से लाभुक महिलाओं के बैंक खाते में 7500 रुपये आना शुरू हो गया है। उस दिन से लगातार महिलाओं के बैंक खाते में राशि पहुंच रही है। यह सिलसिला लगातार जारी है। यहां सबसे रोचक बात यह है कि मंईयां सम्मान की राशि लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। महिलाएं तो आपस में चर्चा कर ही रही है। पुरुष भी इसके प्रति उत्सुक दिख रहे हैं। अपनी पत्नी, बेटी, बहू के खाते की पड़ताल वह लगातार करा रहे हैं। ताकि वह सरकार की इस योजा के लाभ से वंचित नहीं रह जाएं। जिन महिलाओं के बैंक खाते में राशि आ गई उनमें उत्साह देखने को मिल रहा है। शेष महिलाएं भी राशि आने का इंतजार कर ही है। ऐसे में यह योजना महिलाओं के बीच चर्चा में है। किसको राशि मिली, किसे नहीं। यह पूछताछ की जा रही है। राशि भुगतान से संबंधित मोबाइल में मैसेज आने पर महिलाएं इसे एक दूसरे को दिखाती फिर रही है। जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की संख्या दो लाख 45 हजार 472 लाभुक है। इन्हें डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में राशि भेजी जा रही है। राशि भेजने का क्रम नौ मार्च से शुरू हुआ है तथा लगातार जा रही है। जिन्हें राशि मिल जा रही है उनमें खुशी है तथा शेष महिलाएं राशि आने का इंतजार कर रही है।

# टाटा-बक्सर के बीच चलेगी नई ट्रेन, 16 घंटे होगा ट्रैवल टाइम, धड़ाधड़ कट रही टिकट



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद होकर बिहार के लिए एक और होली स्पेशल ट्रेन की घोषणा हो गई है। टाटा से बक्सर के बीच 12 मार्च को स्पेशल ट्रेन चलेगी। वापसी में बक्सर से 13 मार्च को परिचालन होगा।

टाटा से बक्सर के बीच चलने वाली ट्रेन से किउल, मोकामा, पटना, दानापुर व आरा तक पहुंचने की राह आसान होगी। स्पेशल ट्रेन की बुकिंग खुलते ही सारी सीटें फुल हो गई हैं। स्लीपर व सेकेंड एसी में आरएसी तो थर्ड एसी में वेटिंग लिस्ट है। 08183 टाटा-बक्सर स्पेशल टाटा से शाम 4-20 पर रवाना होगी। शाम 7-35 पर बोकारो, रात 8-25 पर चंद्रपुरा, रात 9-40 पर धनबाद तथा अगले दिन सुबह 7-45 पर बक्सर पहुंचेगी।

08184 बक्सर-टाटा होली स्पेशल बक्सर से दिन में 10-00 बजे रवाना होगी। रात 9-10 धनबाद, 10-58 पर चंद्रपुरा, 11-35 पर बोकारो तथा अगले दिन अलसुबह 3-00 बजे टाटा पहुंचेगी।

टाटा से बक्सर जानेवाली ट्रेन सिनी, मूरी, बोकारो, चंद्रपुरा, धनबाद, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किउल, मोकामा, पटना साहिब, पटना, दानापुर व आरा में रुकेगी।

रंगों के त्योहार होली के लिए रेल प्रशासन ने तीन और स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। आसनसोल रेल मंडल प्रशासन की ओर से सोमवार को यह जानकारी दी गई। जानकारी के अनुसार, होली में यात्रियों की लगातार बढ़ रही भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने टाटानगर-बक्सर, रांची-जयनगर और टाटानगर-कटिहार के बीच तीन और होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

**टाटानगर-बक्सर होली स्पेशल :** 08183 टाटानगर-बक्सर होली स्पेशल 12 मार्च को बुधवार 16-20 बजे टाटानगर से रवाना होगी और अगले दिन 07-45 बजे बक्सर पहुंचेगी। बक्सर से 08184 बक्सर-टाटानगर होली स्पेशल गुरुवार 13 मार्च को 10-00 बजे बक्सर से रवाना होगी और अगले दिन 03-00 बजे टाटानगर पहुंचेगी। यह ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में आसनसोल मंडल के चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित श्रेणी के डिब्बे होंगे।

टाटानगर-कटिहार होली स्पेशल

08181 टाटानगर-कटिहार होली स्पेशल 12 मार्च बुधवार को 13-00 बजे टाटानगर से रवाना होगी और अगले दिन 02-00 बजे कटिहार पहुंचेगी। गुरुवार को 08182 कटिहार- टाटानगर होली स्पेशल 03-50 बजे कटिहार से रवाना होगी और उसी दिन 16-00 बजे टाटानगर पहुंचेगी। यह ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में आसनसोल मंडल के आसनसोल और अंडाल स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित श्रेणी के डिब्बे होंगे।

08105 रांची-जयनगर होली स्पेशल 12.03.2025 (बुधवार) को (01 ट्रिप) 14-50 बजे रांची से रवाना होगी और अगले दिन 06-00 बजे जयनगर पहुंचेगी।

## दो लड़कियों ने आपस में रचाई शादी, मामला पहुंचा थाने



**पलामू, एजेंसी।** दो लड़कियों की आपस की प्रेम कहानी शादी रिश्तों में बंध गई है. दो लड़कियों ने प्रेम संबंध के बाद आपस में शादी कर ली है. एक लड़की खुद को पति बता रही है जबकि दूसरी लड़की खुद को पत्नी बता रही है. ये पूरा मामला पलामू के मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र का है.

दरअसल 25 वर्षीय लड़की के मोहल्ले की रहने वाली एक 21 वर्षीय लड़की के साथ दोस्ती हुई. दोनों की दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई. दोनों ने आपस में शादी रचाने का फैसला किया और फरवरी के महीने में दोनों रामगढ़ के एक धार्मिक स्थल पर गई थी और शादी कर ली.

शादी करने के बाद एक लड़की ने अपने बाल कटवा कर लड़के का रूप धारण कर लिया. सोमवार को एक लड़की के परिजनों को शादी की कहानी पता चल गई. लड़की के परीजन अपनी बेटी को वापस लेने के लिए मौके पर पहुंचे. परिजनों को देख खुद को पति बताने वाली लड़की गुहार लगाते हुए टाउन महिला थाना पहुंची.

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों लड़कियों को थाना ले आई है. दोनों लड़कियों से महिला थाना की पुलिस पूछताछ कर रही है. खुद को पति बताने वाली लड़की ने कहा कि परिवार के लोग ताना मारते थे कि वह उसका पति है. दोनों के बीच प्यार था और वे तानों से परेशान थे. जिसके बाद दोनों ने शादी का फैसला किया.इस घटना को लेकर टाउन महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला ने बताया कि दोनों लड़कियों के बीच शादी का मामला सामने आया है. पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है.

## होली को लेकर चार दिन बंद रहेगा झारखंड सरकार का सचिवालय, विधानसभा सत्र भी स्थगित रहेगा



**रांची, एजेंसी।** झारखंड सहित देशभर में होली की धूम है.होली को लेकर लोग जहां तैयारियों में जुटे हैं, वहीं सरकारी छुट्टियों में भी फेरबदल कर कर्मचारियों को सरकार सहायता पहुंचा रही है.

झारखंड सरकार के सचिवालय में होली की छुट्टी चार दिनों की होगी.कार्मिक विभाग ने होली को लेकर 13-14 मार्च को सरकारी छुट्टी घोषित की है.15 शनिवार और 16 रविवार होने की वजह से लगातार चार दिनों की छुट्टी का आनंद कर्मी उठा पाएंगे. इसी तरह सरकारी बैंक में भी 13-14 मार्च को छुट्टी घोषित की गई है. हालांकि होली 15 मार्च को है. ऐसे में शनिवार होने की वजह से बैंक में भी कम ही उपस्थिति देखने को मिलेगी.

इस संबंध में झारखंड सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद कहते हैं कि सरकारी आदेश के अनुसार सचिवालय में 13-14 मार्च को होली की छुट्टी है. यह महज संयोग है कि शनिवार और रविवार होने की वजह से इसका लाभ कर्मचारियों को होली की छुट्टी के साथ मिलेगा. इधर, बैंक कर्मचारियों ने यूनियन के माध्यम से सरकार को होली की छुट्टी बिहार की तरह 14-15 मार्च को करने की मांग की है.

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र पर भी होली का असर देखने को मिल रहा है. होली के कारण विधानसभा में छुट्टी होने की वजह से सदन की कार्यवाही 12 मार्च से 17 मार्च तक स्थगित रहेगी. पिछले दिनों कमेटी की बैठक में सब समिति से निर्णय लेते हुए 17 मार्च को होने वाली सदन की कार्यवाही 22 मार्च को करने का निर्णय लिया था. 22 मार्च को शनिवार होने की वजह से पूर्व में छुट्टी निर्धारित की गई थी. गौरतलब है कि 13 मार्च को होलिका दहन होने की वजह से होली की सरकारी छुट्टी 13-14 मार्च को निर्धारित की गई थी, लेकिन होली 15 को होने की वजह से सरकारी छुट्टी में फेरबदल किया गया है.

# होली पर मौसम विभाग के अनुमान ने बढ़ाई टेंशन, अलर्ट जारी



**रांची, एजेंसी।** एक ओर जहां झारखंड की राजधानी रांची में लोगों को दिन में गर्मी तो रात में ठंडक का अहसास हो रहा है तो दूसरी ओर अन्य जिलों में तापमान के तेवर लगातार बढ़ रहे हैं। जिस कारण राज्य के अधिकांश जिलों का तापमान मार्च की शुरुआत में ही 30 के पार पहुंच चुका है। लेकिन इस बार होली पर लोगों की टेंशन थोड़ी बढ़ने वाली है।

होली पर झारखंड का मौसम परेशान कर सकता है। रांची समेत अन्य जिलों में तापमान 35 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना है। लोगों को इस दौरान सावधान रहने की जरूरत है। इस दौरान ज्यादा पानी और रंग खेलने से सेहत पर असर पड़ सकता है। हालांकि, इस दौरान पानी का लगातार सेवन करें।

वहीं, आसपास के जिलों की बात करें तो जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम 20.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। वहीं डाल्टेनगंज का अधिकतम 35.7 डिग्री और न्यूनतम 15.1 डिग्री, बोकारो का अधिकतम 35.5 डिग्री और न्यूनतम 18.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने लगा है। कमोबेश यही हाल अन्य जिलों का भी है।

सरायकेला खरसावां का तो 39.1 डिग्री सेल्सियस तक अधिकतम तापमान पहुंच चुका है। शुरुआती स्थिति यही रही तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि अप्रैल और मई माह में आसमान से आग बरसेंगे...। राज्य में लगातार बदल रहे मौसम के मिजाज से आमजनों की सेहत पर भी असर पड़ने लगा है।

रिम्स और सदर अस्पताल के ओपीडी में मौसमी बीमारियों से त्रस्त लोगों की संख्या भी बढ़ने लगी है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूर्वानुमान की बात करें तो 11 से 13 मार्च तक आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं 14 मार्च को आंशिक बादल छाए रहेंगे और मौसम शुष्क बना रहेगा।

यही स्थिति राजधानी रांची की भी बनी रहेगी। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे धीरे 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने की संभावना है।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में मौसम शुष्क बना रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस सरायकेला खरसावां का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस गढ़वा का रिकार्ड किया गया। वहीं राजधानी रांची की बात करें तो अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 16.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## यात्रियों के लिए अच्छी खबर, सारंडा मेमू सहित आठ पैसेंजर ट्रेनों का शुरू हो रहा परिचालन



**चक्रधरपुर, एजेंसी।** दो महीनों के बाद एक बार फिर से चक्रधरपुर रेल मंडल में चलने वाली चक्रधरपुर - राउरकेला - चक्रधरपुर सारंडा मेमू सहित आठ मेमू ट्रेनों का परिचालन 11 और 12 मार्च से शुरू होगा। रेलवे ने इस संबंध में अधिसूचना पत्र जारी कर दिया है।

मेमू ट्रेनों के चलने से मंडल के दैनिक यात्रियों को इसका लाभ मिलेगी। मालूम रहे कि रेल प्रशासन ने चक्रधरपुर रेल मंडल से आठ मेमू ट्रेनों की रैक को 10 जनवरी से ही प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए भेजा था। मेमू ट्रेनों की रैक को रेल प्रशासन कुंभ स्पेशल ट्रेन के रूप में चला रही थी। कुंभ मेला के संपन्न हो जाने के बाद आठ मेमू ट्रेनों की रैक चक्रधरपुर रेलमंडल पहुंच चुकी है। इस लिए रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल में दो महीनों से निरस्त आठ मेमू ट्रेन की सेवा को फिर से बहाल कर रही है।

चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन में सोमवार की सुबह साढ़े नौ बजे के करीब उस समय यात्री परेशान हो गए जब स्टेशन के जनरल टिकट काउंटर में क्लर्क ही मौजूद नहीं था।

यही नहीं एटीवीएम में भी कोई कर्मचारी नजर नहीं आया। ऐसे में यात्रियों को जनरल टिकट मिलना मुश्किल हो गया था। इसी दौरान ट्रेनों के चक्रधरपुर स्टेशन में आगमन का भी समय हो चुका था।

यात्रियों के पूछने पर पता चला की जनरल टिकट काउंटर के क्लर्क नाश्ता करने गए है। इधर टिकट नहीं मिलने से रेल यात्रियों का भी सब्र का बांध टूट गया।

रेल यात्रियों ने चक्रधरपुर स्टेशन में टिकट नहीं मिलने पर जमकर हंगामा मचाया। यात्रियों का कहना था कि वे ट्रेन में टिकट लेकर सफर करना चाहते है। लेकिन रेलवे की व्यवस्था इतनी खराब है की काउंटर में उन्हें टिकट देने वाला भी मौजूद नहीं है। ऊपर से एटीवीएम के कर्मी भी नहीं है। ट्रेन में सफ़र के लिए रेल टिकट नहीं मिलने से परेशान यात्रियों ने जनरल टिकट काउंटर में खाली पड़ी कुर्सियों की वीडियो भी बना डाली और पत्रकारों को भेजना शुरू कर दिया।काफी हंगामा होने के बाद रिजर्वेशन काउंटर से एक रेलकर्मी जनरल टिकट काउंटर पहुंचा और रेल यात्रियों को टिकट देना शुरू किया।

रेल यात्रियों का आरोप है कि जनरल टिकट काउंटर में क्लर्क मनमाने ढंग से काम करते है। इसके कारण उन्हें टिकट नहीं मिलता है।लोगों ने बताया की इसकी एक वजह यह भी है की चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन में राउरकेला से जिस सीआइ पीके मंडल का ट्रांसफर हुआ है। उसने अब तक चक्रधरपुर में योगदान नहीं दिया है।

## लातेहार में पीएलएफआई नक्सली गिरफ्तार, इलाके में जमा रखा था आतंक



**लातेहार, एजेंसी।** जिला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात पीएलएफआई उग्रवादी विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार उग्रवादी विनोद परहिया क्षेत्र में दहशत बना रखा था. लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे मनिका थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है. दरअसल विनोद परहिया लातेहार जिला के मनिका, बालूमाथ, हेरहंज थाना क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के जिलों में आतंक मचा रखा था. लोगों को धमकी देकर लेवी वसूलने के साथ-साथ हिंसक घटनाओं को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत बनाता था.

इसी बीच लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी विनोद परहिया मनिका थाना क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने के लिए भ्रमणशील है. सूचना के बाद थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की गई. हालांकि पुलिस को देखकर विनोद ने भागने का प्रयास किया, पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया.इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी अर्जुन उर्फ विनोद पीएलएफआई का कुख्यात उग्रवादी है.

उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ लातेहार और आसपास के जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्र में आठ मामले दर्ज हैं. एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी को पूर्व में भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था. लेकिन जेल से निकलने के बाद यह फिर से उग्रवादी घटनाओं में शामिल हो गया. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी के खिलाफ तीन बार कुर्की की कार्रवाई भी की गई है. इसकी गिरफ्तारी से पीएलएफआई संगठन को बड़ा नुकसान हुआ है. पुलिस नक्सलियों के खिलाफ आगे भी लगातार छापामारी अभियान जारी रखेगी. उग्रवादी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी शशि कुमार के अलावा सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार, रणधीर कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही.

# विधायक सुदीप गुड़िया ने सदन में उठाया पेयजलापूर्ति का मुद्दा

### कारो नदी से अवैध बालू उत्खनन पर दिखे गंभीर

**खूंटी, एजेंसी।** बीजेपी के कोचे मुंडा को तोरपा से हराकर बड़े अंतरों से जीत हासिल करने वाले झामुमो के विधायक सुदीप गुड़िया अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को योजनाओं से जोड़ने और समस्याओं का समाधान के लगातार प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं. विधानसभा सत्र के शून्यकाल के दौरान सुदीप गुड़िया ने हाल ही सड़कों के निर्माण पर सवाल उठाए थे. उसके बाद खूंटी सिमडेगा पथ के निर्माण में गुणवत्ता आई. विधायक ने सोमवार को विधानसभा में तोरपा वासियों के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ाने की मांग की.

विधानसभा में शून्यकाल के दौरान सुदीप गुड़िया ने तोरपा प्रखंड में पेयजलापूर्ति संकट का मुद्दा उठाया. उन्होंने बताया कि कारो नदी से तोरपा पंचायत (पूर्वी और पश्चिमी) अम्मा पंचायत, मरचा पंचायत, उड़ीकेल पंचायत और दियांकेल पंचायत के 3 हजार से ज्यादा घरों में जलापूर्ति होती है. नदी पर 2 इंटेक वेल बने हैं. तीसरा इंटेक वेल भी बनाया जा रहा है. गर्मी में नदी का जलस्तर नीचे चला जाता है. इससे जलापूर्ति प्रभावित होती है.

**पानी स्टोर करने के लिए छलका डैम बनाने की मांग :** विधायक सुदीप गुड़िया ने सदन में मांग रखी कि नदी में पानी स्टोर करने के लिए छलका डैम बनाया जाए, ताकि लोगों को निर्बाध जलापूर्ति मिल सके. मालूम हो कि कारो नदी में छलका डैम बनाने की मांग पिछले कई वर्षों से लंबित है. ग्रामीणों के द्वारा जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से इस बाबत मांग भी की गई है लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई.

गौरतलब है कि कारो नदी से तोरपा पंचायत (पूर्वी और पश्चिमी) अम्मा पंचायत, मरचा



पंचायत, उड़ीकेल पंचायत और दियांकेल पंचायत में बहने वाली नदियों से बालू माफिया अवैध तरीके से रेत का दोहन करते हैं. रोजना इस नदी से हजारों सीएफटी अवैध बालू उत्खनन कर तस्करी की जा रही है. समय रहते इस नदी पर अवैध बालू का उत्खनन बंद नहीं हुआ तो जल्द ही नदी का अस्तित्व पूरी तरह खत्म हो जाएगा. पूर्व में कारो नदी में करोड़ो की लागत से बने जलमीनार पानी के अभाव में बंद है.

विधानसभा में शून्यकाल के दौरान सुदीप गुड़िया ने तोरपा प्रखंड में पेयजलापूर्ति संकट का मुद्दा उठाया. उन्होंने बताया कि कारो नदी से तोरपा पंचायत (पूर्वी और पश्चिमी) अम्मा पंचायत, मरचा पंचायत, उड़ीकेल पंचायत और दियांकेल पंचायत के 3 हजार से ज्यादा घरों में जलापूर्ति होती है. नदी पर 2 इंटेक वेल बने हैं. तीसरा इंटेक वेल भी बनाया जा रहा है. गर्मी में नदी का जलस्तर नीचे चला जाता है. इससे जलापूर्ति प्रभावित होती है.

विधायक सुदीप गुड़िया ने सदन में मांग रखी कि नदी में पानी स्टोर करने के लिए छलका डैम बनाया जाए, ताकि लोगों को निर्बाध जलापूर्ति मिल सके. मालूम हो कि कारो नदी में छलका डैम बनाने की मांग पिछले कई वर्षों से लंबित है. ग्रामीणों के द्वारा जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से इस बाबत मांग भी की गई है लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई.

गौरतलब है कि कारो नदी से तोरपा पंचायत (पूर्वी और पश्चिमी) अम्मा पंचायत, मरचा पंचायत, उड़ीकेल पंचायत और दियांकेल पंचायत में बहने वाली नदियों से बालू माफिया अवैध तरीके से रेत का दोहन करते हैं. रोजना इस नदी से हजारों सीएफटी अवैध बालू उत्खनन कर तस्करी की जा रही है. समय रहते इस नदी पर अवैध बालू का उत्खनन बंद नहीं हुआ तो जल्द ही नदी का अस्तित्व पूरी तरह खत्म हो जाएगा. पूर्व में कारो नदी में करोड़ो की लागत से बने जलमीनार पानी के अभाव में बंद है.

## बच्चों में विज्ञान की समझ विकसित करना ज़रूरी है

पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर भी जीवन है ? इस बात की पड़ताल एस्ट्रोबायोलॉजी के अंतर्गत किया जाता है। एस्ट्रोबायोलॉजी के जानकार ही वायुमंडल के बाहर जीवन होने के रहस्य से पर्दा उठा सकते हैं, इसके पीछे छुपी होती है। इसी विषय पर अनुशक्ति नगर स्कूल 2में एक वार्ता का आयोजन किया गया एक विषय था अदृश्य खगोल विज्ञान डेढ़ घंटे का एक वैज्ञानिक व्याख्यान 3 मार्च 2025 को सुबह 9:00 बजे, एटॉमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल 2, अणुशक्तिनगर, मुंबई-94 में डॉ. सुंदर सहायनाथन द्वारा एक विज्ञान वार्ता, का आयोजन किया गया उन्होंने उन्होंने बताता की ज्ञान के क्षेत्र में जनसामान्य की भागीदारी बढ़ाने और वैज्ञानिक शिक्षा में सुधार द्वारा अधिक कुशल श्रमशक्ति के विकास में मदद मिलती है।खगोल विज्ञान वैज्ञानिक शोध में वैचारिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इससे अर्जित ज्ञान को मौसम विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, एवं संचार व्यवस्था जैसे प्रायोगिक विज्ञान के क्षेत्रों में आसानी से लागू किया जा सकता है। यह करने हेतु जिन उपकरणों की हमें आवश्यकता है वे महंगी भी नहीं हैं। यदि हम दूरसंवेदी डेटा से तुलना करें तो खगोल विज्ञान संबंधी डाटाबेस सस्ती भी हैं और सहज रूप से उपलब्ध भी हैं। तथापि आंकड़ों की प्रसंस्करण तकनीकें (मसलन, इमेज प्रोसेसिंग) दोनों ही मामलों में एक जैसी है। इनमें दूरबीन, स्पेक्ट्रोस्कोप इत्यादि बनाने के प्रशिक्षण से लेकर मौसम, चंद्र एवं सूर्यग्रहण इत्यादि जैसे खगोलीय अवधारणाओं की व्याख्या की जाती है। उच्च क्षमता वाली दूरबीनों की एक प्रणाली है जिससे गामा-किरणों की जाँच की जाती है। उदाहरण स्वरूप इस क्षेत्र के कुछ किसानों ने भी पर्यटकों के लिए अपने बागानों में शौकिया खगोलविदों के लिये छोटी दूरबीनों की स्थापना की है। खगोल विज्ञान का विकास और प्रसार औद्योगिक और वैज्ञानिक विकास की भी शुरुआत करता है खगोल विज्ञान संस्था द्वारा विज्ञान क्लब चलाना, शैक्षणिक सामग्री का वितरण एवं खगोल विज्ञान तथा भौतिकी के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का संयोजन करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये जाते हैं।

# रसोई पर बाजार के हमले से चौपट होता स्वास्थ्य



ललित गर्ग



आज रसोई पर संकट मंडरा रहा है, बाजारवाद ने रसोई के अस्तित्व को ही बदल दिया है, न केवल रेसाई को बदला है बल्कि हमारे शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्द्धक खानपान को ही ध्वस्त कर दिया है, जिससे हमारा स्वास्थ्य तो चौपट हो ही रहा है, हमारे पारिवारिक एवं भावनात्मक संबंध भी चरमरा रहे हैं। देश-दुनिया में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का चलन और इससे होने वाले नुकसान बढ़ते जा रहे हैं। मोटापा सहित अनेक बीमारियां संकट पैदा कर रही है। इन्हीं चिन्ताओं के बीच यूनिसेफ की एक ताजा रिपोर्टचौंकाती भी है एवं लगातार स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के कारण को दर्शाती है। यूनिसेफ ने भारत समेत 97 देशों में अध्ययन कर बताया है कि पिछले 15 साल में दुनियाभर में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी है, जिससे जेब पर भी असर पड़ा है और स्वास्थ्य पर भी, विशेषतः पारिवारिक संरचना पर। ज्यादा-से-ज्यादा चेन स्टोर-सुपरमार्केट खुलने के बाद लोग इनका अधिक सेवन कर रहे हैं। जिन देशों में प्रतिव्यक्ति सर्वाधिक चेन किराना स्टोर एवं सुपरमार्केट हैं, वहां लोग ज्यादा अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ खरीदते हैं। 'नेचर फूड' पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए व्यक्ति, परिवार, समाज एवं सरकार को सख्त एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे। अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं। रिपोर्ट का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि दक्षिण एशिया में यह बढ़ोतरी अन्य देशों की तुलना में तेज रही। आंकड़े बताते हैं कि बीते डेढ़ दशक में विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि इस दौरान दुनियाभर में मोटापा 18.2 प्रतिशत से बढ़ कर 23.7 प्रतिशत हो गया है। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की खरीद बढ़ने से अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात में भोजन पर खर्च बहुत अधिक बढ़ा है। भारत में भी पिछले साल के अंत में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण की रिपोर्ट कहती है कि लोगों के खाद्य बजट में सब्जियों, पैकेटबंद चीजों एवं जंक फूड्स की ही बड़ी हिस्सेदारी है। खाद्य पदार्थों के व्यापार पर नजर रखने वाली एजेंसी यूरोमॉनिटर के मुताबिक, भारत में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की प्रतिव्यक्ति सालाना बिक्री 2005 में दो किलोग्राम थी, जो 2019 में छह किलोग्राम और 2024 में आठ किलोग्राम हो गयी। सीएसइ (सेंटर फॉर साइंस एंड इन्वायर्नमेंट) द्वारा भारत में किये गये अध्ययन से भी इसका खुलासा हुआ है कि जंक फूड और पैकेटबंद भोजन मोटापा, कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और दिल की बीमारियां बढ़ा रहे हैं। यह कितना बड़ा मुद्दा है, इसे इसी से समझा जा सकता है कि इस बार बजट से पहले की आर्थिक समीक्षा में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर अधिक टैक्स लगाने की सिफारिश की गयी थी। जाहिर है, अगर अभी नहीं संभले, तो बहुत देर हो जायेगी। इंसानों की तोंद बढ़ती जा रही है। इस बढ़ते मोटाने की भयावहता को महसूस करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ जंग छेड़ी है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानंत्री ने कहा कि 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे का शिकार होंगे। प्रधानमंत्री ने इन आंकड़ों को खतरनाक बताते हुए मोटापे को मात देने के लिए लोगों को मंत्र भी दिये हैं। ये मंत्र हैं- खाने वाले तेल में लोग 10 फीसदी की कटौती एवं जीवनशैली में बदलाव करें। अगर समय पर इस पर ध्यान नहीं गया तो भविष्य में बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं होंगी। मोटापे की वजह से हर तीसरा व्यक्ति गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है। स्वाद में चटपटी और जब जरूरत हो, तब पैकेटबंद भोजन की उपलब्धता ने हमें अपने घर की रसोई की जगह बाजार पर निर्भर बना दिया है। इसके लिए बाजार ने कई तरह के लुभावने एवं बाजारवादी तर्क और नारे गढ़ रखे हैं। ये नारे और तर्क हमें लुभाते एवं गुलाम बनाते हैं। समय की बचत के नाम पर हमें मजबूर करते हैं कि हम अपने घर की रसोई को बंद ही रखें। हमारे खान-पान की परंपरा और पौष्टिकता पर यह एक तरह से हमला है। बाजार हमें सिखाना चाहता है कि परिवार में जब जिसको भूख लगे, वह बाजार जाए, आनलाइन ऑर्डर करें और खा ले। पहले परिवार के लोग एक साथ बैठकर खाते थे, तब परिवार का हर सदस्य एक दूसरे के सुख-दुख से परिचित होता एवं संवेदनाओं से जुड़ता था। दुख, परेशानियों, निराशाओं को दूर करने का सामूहिक प्रयास किया जाता था। सलाह मशविरा किए जाते थे। आज हमें बाजार सामूहिकता से काटकर वैयक्तिक एवं एकांगी बना रहा है। यदि हमने अपनी रसोई को सहेजकर नहीं रखा, तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब हमें पूरी तरह बाजार के डिब्बाबंद भोजन पर ही निर्भर रहना पड़े। विशेषज्ञों का कहना है कि करीब 14 फीसदी वयस्क और 12 फीसदी बच्चे अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स की लत का शिकार बन चुके हैं। लोगों में स्वास्थ्य के नजरिए से हानिकारक इन खाद्य पदार्थों को लेकर जो लगाव है, वो शराब और तम्बाकू जितना ही बढ़ चुका है। बता दें कि दुनिया भर में 14 फीसदी लोग शराब के और 18 फीसदी लोग तम्बाकू के आदी बन चुके हैं। ऐसे में 14 फीसदी वयस्कों में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की दीवानगी एवं आकर्षण बेहद गंभीर खतरे की ओर इशारा करती है। यह जानकारी अमेरिका, ब्राजील और स्पेन के शोधकर्ताओं द्वारा किए अध्ययन में सामने आई है, जिसके नतीजे नौ अक्टूबर 2023 को द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। यह अध्ययन 36 देशों में प्रकाशित 281 अध्ययनों के विश्लेषण पर आधारित है। आजकल मार्केट में पैकेटबंद एवं जंक फूड्स की भरमार है। चिप्स से लेकर दूध, मसाले और हर एक चीज प्लास्टिक, एल्युमिनियम या पेपर की पैकिंग के साथ आ रही है। सुविधा के नाम पर हो रहा यह हमला कई सारे साइड इफेक्ट्स दे रहा हैं। न सिर्फ बड़े बल्कि बच्चे भी पैकेटबंद चिप्स, जूस, कुकीज और नमकीन, नूडल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। किसी भी तरह की खाने-पीने की चीज की अगर पैकेजिंग की जाती है तो उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और ज्यादा समय तक चलने के लिए तीन चीजें मिलायी जाती हैं। प्रीजर्वेटिव्स, नकली रंग और एक्स्ट्रा फैट। कुछ समय पहले आई एक स्टडी में बताया गया कि पैकेटबंद फूड्स में इमल्सीफायर नाम का एक कंपाउंड पाया जाता है, जो दिल की सेहत यानी हार्ट हेल्थ के लिए खतरनाक होता है, इससे कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां हो सकती हैं, यह कंपाउंड ब्लड प्रेशर लेवल को बढ़ा सकती है। बहुत ज्यादा मात्रा में इमल्सीफायर जब शरीर में पहुंचता है तो इससे शरीर की शक्ति क्षीण होने लगती है और कमजोरी-थकान-सुस्ती बढ़ती है। पैकेटबंद भोजन में घर के बने भोजन की तुलना में पोषक तत्वों की कमी होती है। पैकेटबंद भोजन अक्सर अतिरिक्त चीनी, नमक और वसा से भरपूर होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। इनमें फाइबर की कमी होती है, जिससे पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में मिलावट की संभावना अधिक होती है, इनमें स्नेह, प्यार, अपनापन एवं ममत्व नहीं होने से यह पोषित नहीं होते। कुछ अध्ययनों से पता चला है कि पैकेटबंद भोजन में पाए जाने वाले कुछ रसायन कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। बच्चों में पैकेटबंद भोजन का अधिक सेवन उनके शारीरिक विकास को प्रभावित कर सकता है। प्राचीनकाल से ही हमारे देश में घर का चूल्हा यानी रसोई जहां स्वास्थ्य की प्रयोगशाला होती थी वही पूरे परिवार को जोड़ने का केंद्र रही है। यह रसोई ही थी जिसने परिवार को हर सदस्य से प्रेम करना सिखाया। एक दूसरे की इज्जत, सुरक्षा, देखभाल एवं स्वस्थ रहना सिखाया। संयुक्त परिवार के दिनों में सास-बहू, देवरानी-जेठानी, ननद-भाभी के बीच पनपे मतभेद को मनभेद में बदलने से रोका, भोजन बनाते या साथ बैठकर खाते समय सारे मतभेद, गुस्से को तिरोहित करना भी रसोई ने ही सिखाया। यही हाल पुरुषों का भी था। जब साथ बैठकर खाते थे, तो आपसी मतभेद, मनमुटाव हवा हो जाते थे। लेकिन आज उसी रसोई पर संकट मंडरा रहा है।

## सूडोकु नवताल- 7367

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7366 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# बदलते ज़माने की रंग बदलती होली



प्रियंका सौरभ

होली ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं। लोग दुश्मनी भुलाकर एक-दूसरे के गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफ़सोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। रंगों की बौछारें और होली की जीवंतता ने उत्सव के बाद जैसी शांत ले ली है। "आओ राधे खेलें फाग, होली आई" के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाज़ें समय के साथ दबती जा रही हैं। फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ़ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग ख़ुशी से एक-दूसरे पर रंग डालते और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस ख़ुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थी और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नज़र आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए "हैप्पी होली" के साथ शुरू और ख़त्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय मोबाइल पर समय बिताने में ज्यादा रुचि रखते हैं। पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की ख़ुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदायिक भावना कम होती जा रही है। फ़ोन पर एक साधारण "होली मुबारक" ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू-बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान ख़ुशी और हंसी-मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है। होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था, जिसकी शुरुआत होली के पौधे लगाने से होती थी। छोटी-छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, खूबसूरत मालाएँ बनाती थीं, जिन पर आभूषण, नारियल, पायल और बिछिया होती थीं। दुख की बात है कि ये परंपराएँ अब ख़त्म हो गई हैं। पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएँ होली के गीत गाती थीं। होली के दिन सभी लोग चंग की ताल पर नाचते हुए जश्न मनाते थे। बसंत पंचमी से ही फाग की धुनें गूंजने लगती थीं, लेकिन अब होली के गीत कुछ ही जगह सुनाई देते हैं। परंपरागत रूप से, विभिन्न समुदायों के लोग ढोलक और चंग की थाप के साथ होली खेलने के लिए एकत्रित होते थे। अब वह जीवंतता कहाँ चली गई? आज, होली महज़ एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्यौहार के दिन घर के अंदर रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्यौहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को ख़त्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठा होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। समूह में लोग होली की खुशियाँ बाँटने के लिए एक-दूसरे के घर जाते और फगुआ गाते थे। अब, वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं।




**मेष राशि** : आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। ऑफिस के दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बनेगा।

**वृष राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को और मेहनत करने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता मिलेगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपका मन शांत व संतुष्ट रहेगा। किसी को दिया हुआ धन वापस मिलेगा।

**कर्क राशि** : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी।

**सिंह राशि** : आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप बहुत कुछ सीखेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया करेंगे, किसी प्रतियोगिता में भाग भी ले सकते है।

**कन्या राशि** : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ टाइम स्पेंड करेंगे।

**तुला राशि** : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कम्प्यूटर कोर्स ज्वाइन करने का मन बनायेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरुरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरुरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज नया काम शुरू करने से पहले, उसके जानकर व्यक्ति की सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी।

**धनु राशि** : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। मल्टीनेशनल कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों की पदोन्नति होगी। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी बड़ी कंपनी से जॉब का प्रपोजल आयेगा।

**मकर राशि** : आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा, जिससे आपको रिलैक्स फील होगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियाँ बढ़ेगी।

**कुंभ राशि** : आज आपका दिन खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।

**मीन राशि** :आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा।

# होली- गोश्त के साथ रंगीन पानी ना हो तो कैसा कायस्थ



संजय सक्सेना,लखनऊ

पूरे देश की तरह लखनऊ में भी होली के रंग अलग-अलग देखने को मिलते हैं। यहां आज भले ही किसी एक वर्ग को होली के रंगों से परहेज हो,लेकिन एक समय यहां के मुगल नवाबों के यहां होली पर कई दिनों तक जश्न मनाया जाता था। होली की पहचान रंगों के अलावा खाने-पीने से भी जुड़ी हुई है। होलाष्टक लगते ही पूरा शहर मस्ती में झूमने लगता है। सबसे अधिक भीड़ तो मयखानों और गोश्त की दुकानों में दिखाई पड़ती है। और जब खाने पीने की बात चलती है तो इसमें सबसे ऊपर नाम कायस्थों का आता है,जिनके यहां होली पर बने लजीज व्यंजन हर बिरादरी के यार-दोस्तों को अपने यहां खींच लाते हैं।की होली ऊपर से दिखती तो एक जैसी ही है, लेकिन उसके भीतरी रंग में जातीय विशेषताएं भी घुली रहती हैं। लखनवी नफासत-नजाकत से लेकर होली के हुड़दंग में भी अपनी अलग पहचान बनाए रहती थी तो उसका बहुत हद तक श्रेय यहां की कायस्थ बिरादरी को भी जाता है। लखनऊ में कायस्थों की बड़ी आबादी रहती है। एक मोटे अनुमान के अनुसार लखनऊ में कायस्थों की आबाद डेढ़ लाख के करीब है।वैसे तो यह वर्ग नौकरीपेशे वाला माना जाता है,लेकिन तीज त्योहार मनाने में मामले में भी इसकी कहीं कोई बराबरी नहीं है।

गौरतलब है कि मुस्लिम बिरादरी आमतौर पर होली के रंग से परहेज करती है, जबकि लखनवी तहजीब की बुनियाद तो मुस्लिम समुदाय ने ही डाली थी तो होली पर इस तहजीब की रंगत अगर किसी ने बरकरार रखी है तो वह लखनऊ की कायस्थ बिरादरी ही है। तो लखनऊ के ब्राह्मणों का भी इसमें खासा योगदान रहा है,जो कायस्थों के यहां बने नॉनवेज का पूरा लुफ्त उठाते हैं।लखनऊ के पुराने कायस्थों को तो आधा मुसलमान ही माना जाता था क्योंकि गोश्त-शराब उनकी दिनचर्या में शामिल रहा है। होली हो और गोश्त न बने तो कैसा कायस्थ? और यह भी नहीं कि सिर्फ गोश्त ही बने, कलेजी भुनी हुई न हो तो शराब हलक के नीचे उतरे कैसे। इसलिए कलेजी तो जरूरत की चीज समझी जाती थी होली में। हरी मटर फागुन में बहुतायत से और सस्ती मिलती है। कीमा मटर बहुत पसंद किया जाता रहा है। इसी को जब सूखा यानी बगैर शोरबे के बनाते हैं तो उसे दुलमा कहा जाता है। यहां यह भी ध्यान रहे कि 1950 के दशक में न गैस के चूल्हे थे और न ही कुकर। कायस्थों के घर में ये सब मांसाहारी व्यंजन पकाने और बनाने में खासा वक्त और मेहनत लगती थी। इसका श्रेय निश्चित रूप से महिलाओं को ही दिया जाता है और दिया भी जाना चाहिए।

आज भी जब कायस्थों के यहां शादियां तय होती हैं तो पहली बात यही पूछी जाती है कि लड़की शाकाहारी है कि मांसाहारी। अगर शाकाहारी है तो क्या घर में मांस बनने से परहेज तो नहीं होगा? यानी कि घर में बने तो वह घिनाएगी तो नहीं। कायस्थों के यहां एडजस्टमेंट की काफी गुंजाइश रहती है। मेरे पिता मांसाहारी थे, जबकि मॉ प्योर शाकाहारी,लेकिन उनके हाथ के बने नॉनवेज की तारीफ कई बार हम सुन चुके हैं। उनका खाना पहले बनाकर अलग रख दिया जाता था, उसके बाद चौके में मांसाहार भी बनता था। अनेक कायस्थ परिवारों में यह परंपरा आज भी जारी है। कोई गोश्त-शराब का शौकीन है तो कोई परहेज गार है। लेकिन परिवार तो परिवार है, खान-पान के सबब से हरगिज नहीं टूटेगा।

लखनऊ के कायस्थों की होली में खानपान के साथ इत्र भी महकता रहता है। अबीर-गुलाल में खस मिलाने की परंपरा लखनऊ में बहुत पुरानी है। यहां तक कि गीले रंग में भी इत्र मिलाया जाता था ताकि रंग की फुहार पड़े तो बदन महकने लगे और खुद को अच्छा लगे। अमीनाबाद से चौक की तरफ जाने लगिए तो रकाबगंज पड़ता है। यहां दाहिने हाथ एक ढाल उतरती है और एक मोहल्ला मशकगंज कहलाता है। जहां बड़ी सख्या में कायस्थ रहते हैं,इसी तरह से निवाजगंज,बाबूगंज, नौबस्ता मौहल्ला कभी कायस्थों का गण हुआ करता था,होली पर यहां हर घर से नॉनवेज की खुशबू आती थी तो रंगीन पानी के शौकीन 'गिलास लड़ाते' मिल जाते थे। गरीब से गरीब कायस्थ भले ही फटा-पुराना कपड़ा पहन कर रंग खेलते रहे हों, लेकिन खाते-पीते घर के कायस्थ हमेशा ही सफेद-घुले, बरकाबरक कपड़ों में ही रंग खेलना पसंद करते थे। रंग पड़े तो खिले भी। कालिख मुंह पर पोतना-पुतवाना, उन्हें नागवार ही गुजरता था।

गोश्त-शराब का जिक्र पहले हो चुका है। यहां सिर्फ यह बताना जरूरी है कि बहुत से वैश्य और ब्राह्मण घरों में इसे निषिद्ध माना जाता था। लेकिन इनकी युवा पीढ़ी की जुबान लांय-लांय करती थी। सो ऐसे युवा तुर्क होली में कायस्थों के घर जरूर पहुंचते थे। उन्हें पता होता था कि किन-किन घरों में मांसाहार जरूर बना होगा। कायस्थों को खुद खाने के अलावा खिलाने का भी शौक रहा है, इसलिए उनके घरों में हमेशा ही उनका स्वागत होता आया है। आओ भाई, लो पीयो और खाओ। दुलमा तो चख के देखो ही। एक बार मेरे गरीबखाने पर पड़ोस के एक वैश्य सज्जन आए। पीते तो थे, मगर मांस नहीं खाते थे। औरों को दुलमा खाते देख उन्होंने भी मटर की सब्जी समझ के दुलमा चख लिया। मजा आया तो और खाया। हम लोगों ने उन्हें बताया नहीं कि क्या है। दूसरे दिन बताया तो वे अब क्या करते? बोले अब खा ही लिया तो आगे भी खाया करूंगा, जब बने तो मुझे भी बुला लेना, लेकिन घरवालों को बताना नहीं। मेरे परिवार ने यह फर्ज हमेशा निभाया। खिलाया भी बताया भी नहीं। कायस्थों की अदा कुछ अलग ही नजर आती है। खाने-पीने से धर्म का कोई संबंध नहीं है। लेकिन कुछ लोग मानते हैं तो हम क्या करें। शाम के वक्त नए धुले कपड़ों में खस या हिना लगाकर गले मिलने का रिवाज कायस्थों में पहले भी था और अमीनाबाद,रकाबगंज, सआदतगंज वगैरह में आज भी है।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड
**फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com**
❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ° यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

# बिहार में पदयात्रा करेंगे बागेश्वर बाबा, बोले-भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा तो पहला राज्य बिहार ही होगा





**थगोपालगंज, एजेंसी।** बिहार में बाबा बागेश्वर की हनुमंत कथा चल रही है. कथा के अंतिम दिन उन्होंने कथा का विरोध करने वालों को करारा जवाब दिया. जिन लोगों लोगों को राम के नाम से दिक्कत है वे लोग ही इस कथा का विरोध कर रहे है. बाबा बागेश्वर ने हिन्दू राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि अगर भारत हिन्दू राष्ट्र बनेगा तो पहला राज्य बिहार ही होगा. उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र के लिए यूपी के बाद बिहार में भी पदयात्रा निकाली जाएगी.

## बिहार में होगी पदयात्रा

दरअसल, गोपालगंज के रामनगर स्थित राम जानकी मठ में सोमवार को पंडित धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा का आखिरी दिन था. कथा के दौरान बाबा बागेश्वर ने घोषणा करते हुए कहा कि मैं जल्दी ही देशभर में पदयात्रा करूंगा. पहले ये यात्रा उत्तर प्रदेश में निकाली जाएगी और फिर बिहार में. उन्होंने कहा कि ये महज एक यात्रा नहीं होगी.हिंदू राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने के लिए समाज को संगठित करना बहुत जरूरी है.

बाबा बागेश्वर ने कहा कि पूरे देश में हम हिंदुत्व की प्रचार करने जा रहे है. पूरी दुनिया में 150 करोड़ हिंदुओं की लड़ाई जगह-जगह जा कर लड़ रहे है. हिंदुओं को जगा रहे है. हिंदू जो घट रहा है. हिंदू जो जातियों में बंट रहा है उसे एक कर रहे हैं. अगर भारत हिन्दू राष्ट्र बनेगा तो पहला राज्य बिहार ही होगा.

## हिंदू हो तो हिंदू कहलाना

बाबा बागेश्वर ने कथा के अंत में श्रद्धालुओं से विदा लेते हुए कहा कि बिहार वालों हम तुम्हारा कर्ज कभी नहीं चुका पाएंगे. हिंदू हो तो हिंदू कहलाना. बिहार वालों दुनिया में तुम्हारा कोई साथ दे या ना दे मैं तुम्हारे साथ हूं. उन्होंने विपक्षियों द्वारा दिए गए बयान पर कहा कि बयान राम पर नहीं होनी चाहिए. धर्म और राजनीति दोनों अलग-अलग चीज है. हम राजनीति करने नहीं आए हम अपने सनातन धर्म की प्रचार करने आए हैं.

## बिहार हमारा घर है

बाबा बागेश्वर ने कहा कि पूरी दुनिया में हिंदुओं को जगा रहे है. हिंदू जो घट रहा है हिंदू जो जातियों में बंट रहा है उसे हिंदुओं को एक करने के लिए देश को जोड़ने के लिए हम पदयात्रा भी करते हैं. बेटियों के विवाह भी करवाते हैं. रही बात बिहार आने पर बिहार हमारा घर है. यहां भी हमारा परिवार रहते है. लाखों परिवार हमारे रहते हैं बिहार में आते रहेंगे.

## जो जैसे मानेगा हम वैसे मनाएंगे

विरोधियों को आगाह करते हुए बाबा बागेश्वर ने कहा कि जो जैसे मानेगा हम वैसे मनाएंगे. जो हमें बिहार नहीं आने देंगे हम उनके घर के बाहर जाएंगे. इस देश में कहीं आने जाने का रोक नहीं है. संविधान में लॉ है. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हम कई बार बिहार आए जब चुनाव नहीं था. हमने कभी भी मंच से किसी भी पार्टी का नाम नहीं लिया है. हमने कभी किसी को वोट देने की बात नहीं की.



# बारात के लिए निकले युवक को सिर में मारी गोली, मौत

**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा के सलखुआ थाना क्षेत्र के कोपरिया में सोमवार की रात एक शादी समारोह के दौरान 23 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान कोपरिया वार्ड नंबर 14 निवासी मकलू शर्मा के पुत्र संजू शर्मा के रूप में हुई है। घटना सोमवार को मिथिलेश शर्मा के बेटे सुकसेन शर्मा के शादी समारोह के दौरान हुई। जहां से बारात गोगरी जमालपुर जाने वाली थी। डीजे बज रहा था और संजू वहां खड़ा था। इसी दौरान अमरदीप ने पीछे से संजू की कनपटी में गोली मार दी। स्थानीय लोग घायल संजू को पहले नजदीकी के सलखुआ अस्पताल ले गए। वहां से उसे सहरसा सदर अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**मुंबई में मजदूरी करते थे दोनों :** मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप अपने पड़ोसी अमरदीप शर्मा पर लगाया है। बताया कि दोनों मुंबई में मजदूरी करते थे। वहां तीन महीने पहले दोनों के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान अमरदीप ने संजू को जान से मारने की धमकी भी दी थी।

**जांच में जुटी पुलिस :** सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर और इंस्पेक्टर मोहम्मद सलाउद्दीन ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार से जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से परिवार में शोक की लहर है। सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि पुरानी दुश्मनी को लेकर ही हत्या को अंजाम दिया गया है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है

## संक्षिप्त समाचार

### बालू के उठाव का विरोध करने पर किसान को पीटा

● जमुई में ट्रैक्टर चालक और साथियों ने की पिटाई, पीड़ित बोला- लाठी-डंडे और कुदाल से किया हमला



**जमुई, एजेंसी।** जमुई में बालू माफिया की दबंगई का मामला सामने आया है। जहां झाझा थाना क्षेत्र के शैर गांव में सोमवार की शाम को एक किसान को बालू माफिया ने बुरी तरह पीट दिया। घायल किसान की पहचान चंदन कुमार मंडल के रूप में हुई है। चंदन ने बताया कि चंद्रदेव यादव के ट्रैक्टर चालक पिंटू मांझी ने 6-7 साथियों के साथ मिलकर उन पर हमला किया। किसान ने उनके खेत के पास से अवैध बालू उठाने का विरोध किया था। आरोपियों ने लाठी, डंडे और कुदाल से हमला कर दिया। घटना की सूचना 112 नंबर पर मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायल किसान को परिजनों की मदद से झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक अब उनकी हालत खतरे से बाहर है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय किसानों ने पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। झाझा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस घटना की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### भोजपुर में ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

● फरक्का एक्सप्रेस से भटिंडा जा रही थी महिला

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर सोमवार को गाड़ी संख्या (15743) फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतका शाहपुर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव निवासी प्रेम राय की पत्नी गीता देवी (55) है। इधर मृतका के परिजन ने बताया कि वह आरा स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो से फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार होकर पंजाब के भटिंडा जा रही थी। जाने क्रम में ट्रेन पर चढ़ने के दौरान वह असंतुलित होकर ट्रेन से गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद आरा पुलिस द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जीआरपी पुलिस द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन आरा अस्पताल पहुंचे। जिसके पश्चात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतका को तीन पुत्र विदेशी राय, रवीश कुमार,अनीश कुमार व दो पुत्री पपुत्री मोनिका राय एवं रिशु कुमारी है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है।

### पटना में किशोर की हत्या, पबजी खेलने के विवाद में दोस्त ने पिस्टल निकाल कर मार दी गोली

**पटना, एजेंसी।** दोस्त अब दोस्त ना रहा पटना में हत्या के बाद लोग इसकी ही चर्चा कर रहे हैं. फुलवारी शरीफ में देर रात सोमवार को एक किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी. घटना को अंजाम देने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका दोस्त निकला. मृतक की पहचान फुलवारी शरीफ के मौला बाग निवासी फिरोज बावर्ची का 14 वर्षीय अफरोज के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार दोस्त के साथ कर्बला बगीचे में बैठकर पबजी खेल रहा था. इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया. गुस्से में आकर फिरोज के दोस्त छोटू ने कमर से कट्टा निकाला और उसपर गोली चला दी. गोली लगने के बाद पुलिस की मदद से आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए एम्स पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

# नालंदा में विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

## मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या का लगाया आरोप, कहा- शव को ठिकाने लगाने के फिराक में थे



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में सोमवार को एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मामला एकंगरसराय थाना क्षेत्र के निचली मानपुर का है। मृतका की पहचान निचली मानपुर निवासी विपिन कुमार की पत्नी पूजा कुमारी (22) के रूप में की गई है। मायके वाले ससुराल वाले पर दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं। घटना के संबंध में मृतका के परिजन फतुहा टोला निवासी ने बताया कि दहेज को लेकर ससुराली परिवार के द्वारा फांसी लगा हत्या कर दिया गया है। शव को वो लोग ठिकाने लगाने की फिराक में था। तभी वे लोग मौके पर पहुंच गए तब ससुराल वाले शव को छोड़कर फरार हो गया। 2018 में हुई थी शादी मायके वाले ने बताया कि पूजा कुमारी जब बीमार होती थी तब भी परिवार वाले उसका इलाज नहीं करवाते थे। उसे प्रताड़ित किया करते थे। पूजा के ससुराल के पड़ोसी ने घटना की जानकारी दी जिसके बाद उनलोगों को हत्या का पता चला। साल 2018 में फतुहा निवासी पूजा कुमारी की शादी विपिन से हुई थी। शादी के वक्त भी हैसियत के हिसाब से दान दहेज दिया गया था। शादी के कुछ महीनों तक तो सब कुछ ठीक ठाक रहा लेकिन कुछ समय बाद ही दहेज को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित किया जाने लगा।

## मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

वहीं इस मामले में एकंगरसराय थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। एफएसएल की टीम को भी निरीक्षण के लिए बुलाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

# विधानसभा चुनाव में 50 प्रतिशत सीट महिलाओं को दिया जाए, पटना में गूंजी मांग



**पटना , एजेंसी।** पटना की महिला चरखा समिति ने सम्मेलन का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई. तिलक, दहेज किस प्रकार से समाज में महिलाओं को कमजोर कर रहे हैं इस पर लोगों ने विस्तार से चर्चा की. कार्यक्रम में पूर्व विधायक सूर्यदेव त्यागी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे, जबकि बिहार प्रदेश लोक समिति की महिला संयोजक क्रांति राशोष विशिष्ट स्थिति के तौर पर मौजूद रहीं.

**अधिकार मिला पर हक नहीं :** इस कार्यक्रम में काफी महिलाओं ने हिस्सा लिया. सभी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि बिहार सरकार ने महिलाओं को आरक्षण तो दे दिया लेकिन अभी भी महिलाओं को स्वतंत्रता नहीं मिल पाई है. लोक समिति की महिला संयोजक क्रांति राशोष ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50प्रतिशत बिहार सरकार ने आरक्षण दिया, यह काफी सराहनीय है.

**महिलाओं को राजनीतिक दल दें अधिक सीटें :** क्रांति राशोष ने कहा कि वह चाहती हैं कि जितने भी महिला प्रतिनिधि हैं, वह स्वयं से निर्णय लें. महिला प्रतिनिधियों का निर्णय कोई पुरुष नहीं ले सके इसके लिए प्रावधान हो. उन्होंने कहा कि इस वर्ष बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं तो वह चाहेंगे कि पंचायत की तरह 50त्न सीट महिलाओं को दिया जाए. चाहे संसद हो या बिहार विधानसभा, महिलाओं की भागीदारी काफी कम है. मंत्रिमंडल में भी दोनों जगह महिलाएं काफी कम हैं. यह स्थिति बदलनी चाहिए. इस चुनावी वर्ष में सभी राजनीतिक दल यह घोषणा करे कि अधिक से अधिक सीट वह महिलाओं को देंगे.

# बाढ़ में प्रस्तावित जमींदारी बांध निर्माण का विरोध



**पटना, एजेंसी।** बाढ़ के पंडारक प्रखंड में 3 गांव के लोग प्रस्तावित जमींदारी बांध निर्माण के विरोध में उतर गए हैं। बांध पूरनबीघा से लखीसराय के बालगुदर तक 2300 करोड़ की लागत से 74 किलोमीटर लंबा और 104 फीट चौड़ा बनाया जाएगा। अजगरा गांव के पास इस बांध के लिए जमीन चिन्हित की गई है। ग्रामीण रामानुज सिंह ने बताया कि वर्ष 2000 में नदी किनारे एक बांध का निर्माण हुआ था। 2002 में सड़क भी बनाई गई थी। मौजूदा बांध काफी ऊंचा है।

बाढ़ का पानी इससे 10 फीट नीचे रहता है, जिससे गांव सुरक्षित है। प्रस्तावित बांध के निर्माण से अजगरा, घटौरा और महादेव मठ के करीब 50-50 घर प्रभावित होंगे। अजगरा गांव की सैकड़ों बीघा उपजाऊ भूमि भी इस परियोजना में चली जाएगी। रामप्रवेश सिंह ने कहा कि 1976 में भीषण बाढ़ के बाद मौजूदा बांध का निर्माण किया गया था। नए बांध की जगह पुराने की मरम्मत और चौड़ीकरण किया जाए। वे अपनी जमीन नहीं देंगे। इस प्रोजेक्ट का पुरजोर विरोध करेंगे। बाबा जगदीश का ऐतिहासिक मंदिर भी इसी के आसपास है। वहीं, महादेव मठ निवासी शांति देवी ने बताया कि यह दलित बस्ती है। हमलोगों के पास घर के अलावा कहीं भी जमीन नहीं है। जमींदारी बांध के निर्माण में यह भी छिन जाएगी। रहने का कोई आसरा नहीं है, बेघर हो जाएंगे। हमलोगों को बाढ़ से कोई खतरा नहीं है।

## ग्रामीण लिखित शिकायत दे सकते हैं

इस संबंध में एसडीएम शुभम कुमार ने बताया कि प्रस्तावित जमींदारी बांध को लेकर मोकामा टाल और घोसवरी के लोगों से संपर्क किया गया था। ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर लिखित शिकायत दे सकते हैं। लोगों की ओर से ही प्रस्ताव आया था। जिसको लेकर फ्लड कंट्रोल डिवीजन से यह बांध बनाया जा रहा है।

# भोजपुर में पशुपति पारस ने कहा- बिहार में 20 सालों से निकम्मी सरकार, लॉ एंड आर्डर नहीं है

# 243 सीटों पर भ्रमण करेंगे 14 अप्रैल को बड़ी रैली



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के सुप्रीमो सह पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस सोमवार को भोजपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार में पिछले 20 सालों से निकम्मी सरकार है, जिसने एक भी कल-कारखाने नहीं लगवाए। बिहार में बेरोजगारों की भरमार है। भ्रष्टाचार है। आपके जिला (भोजपुर) को ही देख लीजिए। इतनी बड़ी लूट की घटना घटी है। यह साबित करता है कि बिहार में लॉ एंड आर्डर नहीं है। मुख्यमंत्री के गृह जिले में ही एक महिला के पैर में कील ठोक दिए गए। बिहार के किसी भी मंत्री या अधिकारी ने महिला की सुध नहीं ली। इससे जाहिर होता है कि बिहार में प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है। आज के समय में रालोजपा का पूरे बिहार में बुरा दिन है। हमारे 5 सांसद थे, सभी सांसदों का टिकट काट दिया गया। इसका कारण मै नहीं जानता हूं। सिर्फ इतना ही जनता हूं दलित की पार्टी थी और BJP दलित विरोधी है। लोकसभा में बाबा भीम राव अंबेडकर के खिलाफ कितनी आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस दौरान पशुपति पारस ने कहा कि हमारी पार्टी का फैसला है कि हम बिहार के 243 सीटों पर भ्रमण करें। हम इंटरनल सर्वे करा रहे हैं। 14 अप्रैल को बापू सभागार में बहुत बड़ी रैली करने जा रहे हैं। पार्टी की बैठक होने के बाद उसमें जो फैसला होगा, वो हम बिहार की जनता और मीडिया के सामने रखेंगे। मैं बताऊंगा कि मुझे किस तरफ जाना है। उन्होंने कहा कि सभी को मालूम है कि मैं किस तरफ जाऊंगा।

**स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि में पहुंचे थे पारस :** दरअसल, पशुपति कुमार पारस भोजपुर जिले के बिहियां प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भड़सरा गांव में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बाबू चन्द्रिका सिंह यादव की 30वीं पुण्यतिथि में पहुंचे थे। इस दौरान स्वर्गीय चन्द्रिका सिंह यादव की तस्वीर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पशुपति पारस ने कहा कि आरा और बिहार की जनता की सेवा चंद्रिका बाबू ने की।

**इस बार जनता बदलाव की ओर :** वहीं अमित शाह के बिहार में कैंप करने वाले बयान पर पशुपति कुमार पारस ने कहा कि कितना कैंप करेंगे ? जनता मालिक है, जनता सर्वोपरि है। एक कहावत है चौकी पर बैठने वाला चौकीदार, जमीन पर बैठने वाला जमींदार है। उसके एक वोट से देश में प्रजातंत्र व्यवस्था और मौलिक अधिकार है। राजा, प्रजा, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री सबको एक वोट देने का अधिकार है। गृह मंत्री जी को दो वोट देने का अधिकार है क्या ? इस बार जनता बदलाव की ओर है।

**हर पुण्यतिथि पर हम माल्यार्पण करने आते हैं :** स्व. चंद्रिका बाबू का जिक्र करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कही कि उनकी कभी इच्छा नहीं हुई कि वो सांसद या विधायक बने। उन्होंने समाज के हर तबके के लोगों को जोड़ने का काम किया। उन्होंने तेज नारायण सिंह के रूप में समाज को अच्छा बेटा सौंपा। अच्छा पुत्र के रूप में दिया । चंद्रिका बाबू हमारे परिवार से जुड़े रहे और पार्टी के शुरुआती समय से ही हमारे साथ थे। अच्छा-बुरा हर समय पर उन्होंने मेरा साथ दिया है। इसलिए इनके हर पुण्यतिथि पर हम माल्यार्पण करने आते हैं।

# पावर स्टार पवन सिंह को बड़ी राहत, सबूत के अभाव में कोर्ट ने किया बरी



**रोहतास , एजेंसी।** पावर स्टार के नाम से चर्चित भोजपुरी के सीने स्टार अभिनेता व गायक पवन सिंह को बड़ी राहत मिली है. बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय ने आचार संहिता के मामले में उन्हें बरी कर दिया है. पवन सिंह को साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने बाईज्जत बरी कर दिया है. जिसके बाद उन्होंने न्यायालय पर भरोसा जताया है.

## पवन सिंह को बड़ी राहत

दअरसल, सासाराम एसीजेएम-3 ने पवन सिंह को बरी कर दिया. पवन सिंह इस दौरान कोर्ट में हाजिर हुए. पवन सिंह पर लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन का मामला था. बता दें कि अभी भी चार अन्य मामले पवन सिंह पर लंबित हैं. जिसमें फिलहाल चार्जशीट दाखिल नहीं हुई है. अधिवक्ता पवन कुमार का कहना है कि केस संख्या 70/2024 में तमाम कानूनी प्रावधानों के अनुरूप कोर्ट ने पवन सिंह को बरी किया है. अभी भी उन पर चार केस चल रहे हैं, जो कोर्ट में लंबित हैं. इस मामले में संझौली थाना अध्यक्ष, सर्किल ऑफिसर सहित चार गवाहों की गवाही हुई. जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया.

## क्या था पूरा मामला ?

बता दें कि संझौली थाना क्षेत्र मे मानक से अधिक गाड़ियां लेकर चुनाव प्रचार के दौरान काफिला लेकर चलने को लेकर पर उन पर केस दर्ज हुआ था. जिसमें दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने पवन सिंह के पक्ष में फैसला सुनाया.

## काराकाट से चुनाव लड़े थे

मालूम हो कि, पवन सिंह लोकसभा चुनाव 2024 में काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार थे. वैसे तो इस सीट से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. लेकिन जिस तरह से वह मैदान में उतरे थे, उससे एनडीए को काफी नुकसान हुआ था. खासकर शाहाबाद क्षेत्र की सीटों पर एनडीए को हार का मुंह देखना पड़ा था.

## फिर से ताल ठोकने के लिए तैयार

अक्टूबर-नवंबर में बिहार में विधानसभा चुनाव होना है. ऐसे में पवन सिंह ने फिर से अपनी दावेदारी की बात की है. उनकी पत्नी ज्योति सिंह पहले से दो विधानसभा का चक्कर काट रही हैं. ऐसे में आगे क्या होगा उसपर सबकी निगाह टिकी रहेगी.

# 90 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

## किशनगंज के गलगलिया बस स्टैंड के पास से एसएसबी ने पकड़ा; बंगाल का रहने वाला है आरोपी



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के गलगलिया में एसएसबी की 41वीं बटालियन एसएसबी रानीडांगा और गलगलिया थाना के पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीम ने एक तस्कर को 90.5 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक एसएसबी की कंपनी निमुगुरी के स्पेशल ऑपरेशन दल ने खुफिया जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की है। टीम ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 1.7 किलोमीटर अंदर बीपी नंबर 102/3 के पास, गलगलिया बस स्टैंड के निकट से आरोपी को संदेह होने पर रोकने को कहा। तस्कर कर्मियों को देख भागने का प्रयास किया मगर जवानों ने उसे धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी निवासी मोहम्मद अर्शिब (उम्र-18) के रूप में हुई है। वह अब्दुल सत्तार का पुत्र है और कलुआ जोते कमला गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी और बरामद नशीले पदार्थ को गलगलिया थाने में सुपुर्द कर दिया है। जांच में जुटी पुलिस- थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामले पर आगे की कार्रवाई जारी है, फिलहाल तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 12 मार्च, 2025



संक्षिप्त समाचार



## मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमों के लिए अलग विंग बनाने की मांग

**बलिया , एजेंसी।** बलिया जनपद में मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए बजट जारी होने के बाद उसका श्रेय लेने के लिए पार्टी के नेता खुद की पीठ थपथपा रहे हैं। इसी बीच बांसडीह विधायक केतकी सिंह ने हिंदुओं की सुरक्षा के लिए मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमो की एंट्री बैन करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करती हूं कि मुसलमानों के लिए मेडिकल कॉलेज में अलग विंग, अलग बिल्डिंग बना दिया जाए। जिससे हिंदू सुरक्षित रह सकें।

न जानें क्या थूक थूकाकर हमें मिल जाए

मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति दिलाने के बाद पहली बार जिले में आईं बांसडीह विधानसभा से फायर ब्रांड महिला विधायक ने कहा होली, रामनवमी, दुर्गा पूजा होती है तो मुसलमानों को दिक्कत होती है। हम लोगों के साथ इलाज कराने में भी हो सकता है उनको दिक्कत हो।

विधायक केतकी सिंह ने कहा कि मैं पत्रकारों के माध्यम से महाराज जी से मांग करतीं हूं कि जब इतना खर्च हो ही रहा है तो एक अलग बिल्डिंग और एक अलग विंग बना दिया जाए। जिससे वे जाकर अपना इलाज वहां करा लें। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग किया की दिवाली के मौके पर जब मेडिकल कॉलेज बन रहा है तो एक अलग विंग उन लोगों के लिए बना दिया जाए, ताकि हम भी सुक्षित महसूस करें। न जाने किस पर क्या थूक- थूकाकर हम लोगों को मिल जो। तो उस सब से हम लोग बच जाए।

## सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण-दो माह तक युवती से दरिंदगी, पुलिस की लापरवाही आई सामने; अब एसएसपी ने की बड़ी कार्रवाई

**मुरादाबाद, एजेंसी।** भगतपुर में अपहरण के बाद किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में लापरवाही बरतने पर एसएसपी सतपाल अंतिल ने दो दरोगा राजकुमार नैन और मुरलीधर चौहान को निलंबित कर दिया। साथ ही थाना प्रभारी संजय पांचाल को लाइनहाजिर कर दिया। इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह को भगतपुर थाने का नया प्रभारी बनाया गया है।

भगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली अनुसूचित जाति की महिला ने तीन मार्च को भगतपुर थाने में सलमान, जुबैर, राशिद और आरिफ के खिलाफ केस दर्ज कराया था। महिला ने बताया कि उसकी जेठानी की 14 वर्षीय बेटी दो जनवरी 2025 को कपड़े सिलवाने के लिए बाजार गई थी। रास्ते में कार सवार चारों आरोपी मिल गए और उसे अगवा कर ले गए। आरोपियों ने उसे दो माह तक कमरे में बंधक बनाकर रखा और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसके हाथ पर लिखे ओम को भी तेजाब से जला दिया और जबरन मांस भी खिलाया। इस मामले में पुलिस सलमान, राशिद और आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने सीओ ठाकुरद्वारा अमरिंदर सिंह से इस मामले में भगतपुर पुलिस की भूमिका की जांच कराई। सीओ ने वादी, पीड़िता और उसके परिवार के लोगों के बयान दर्ज किए। जांच में सामने आया है कि किशोरी की गुमशुदगी थाने में दर्ज की गई थी, लेकिन दरोगा राजकुमार नैन ने किशोरी की बरामदगी के प्रयास नहीं किए। इसके अलावा यह बात भी सामने आई कि पीड़िता की चाची ने 26 फरवरी को एक प्रार्थनापत्र भगतपुर थाने में एसएसआई मुरलीधर चौहान को दिया था, लेकिन एसएसआई ने प्रार्थनापत्र की आगंतुक रजिस्टर में एंट्री ही नहीं की। इसके कारण निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को पता नहीं चल पाया कि कि किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की गई है।

# होली-दूध का कारोबार: मिलावट से बचने के लिए खुद बना रहे खोआ, डेढ़ गुना बढ़ा कारोबार...125 टन हो गई खपत



**गोरखपुर , एजेंसी।** होली नजदीक आते ही शहर में पाउडर वाले दूध की मांग बढ़ गई है। इसकी सबसे ज्यादा खपत मिठाई की दुकानों पर हो रही है। व्यापारियों के अनुसार, कुछ दिन पहले तक रोजाना 80 टन पाउडर का दूध खप रहा था, जो बढ़कर 125 टन तक हो गया है।

हालांकि पहले केवल मिठाई के दुकानदार ही इसे खरीदते थे, लेकिन अब आम लोग भी खोआ और पनीर के लिए इसे खरीद रहे हैं। गोरखपुर में रोजाना नौ लाख लीटर दूध की खपत है, लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में यहां दूध का उत्पादन ही नहीं है। पशुपालन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जिले में करीब 4.86 लाख गाय-भैंस हैं।

इसमें 60 प्रतिशत ही दूध देने वाले हैं। इनसे करीब ढाई लाख लीटर दूध का ही उत्पादन रोजाना होता है। ऐसे में बाकी मांग को पाउडर और पैकेट के दूध से पूरा किया जाता है। होली को लेकर इन दिनों दूध और खोआ की मांग बढ़ी हुई है। दुकानों पर मिठाई बनाने के लिए बड़ी मात्रा में पाउडर वाले दूध की सप्लाई की जा रही है। किराना दुकान भी इसे खरीद रहे हैं, क्योंकि आम लोग भी इसकी मांग कर रहे हैं। खजनी के पशुपालक गिरिजेश यादव ने बताया कि आजकल लोगों ने गाय-भैंस को पालना कम कर दिया है, लेकिन दूध की मांग बढ़ती जा रही है। पहले करीब हर घर में गाय या भैंस हुआ करती थी। अब लोग इसे नहीं पाल रहे। इसी की देन है कि पाउडर वाले दूध का कारोबार दिन प्रति-दिन बढ़ता जा रहा है। पशुपालक हरेराम यादव ने बताया कि उनके यहां रोजाना एक क्विंटल दूध का उत्पादन होता है, लेकिन इससे भी मांग पूरी नहीं हो पाती। त्योहार के समय तो दूसरे डेयरी से दूध लेकर सप्लाई करनी पड़ती है।

### रोजाना 35 लाख रुपये का कारोबार

शहर में पाउडर वाले दूध का कारोबार तेजी से बढ़ता जा रहा है। पहले रोजाना 80 टन की खपत थी, लेकिन अब 125 टन हो गई है। होली में इसका कारोबार रोजाना 35 लाख तक पहुंच गया है। उनका कहना है कि सबसे ज्यादा ऑर्डर मिठाई की दुकानों से आ रहे हैं। बाजार में 250 से लेकर 320 रुपये किलो तक के मिल्क पाउडर हैं। अलग-अलग मिठाइयों के लिए अलग पैकेट का इस्तेमाल होता है। बाजार में बनी अधिकांश मिठाइयों में मिल्क पाउडर का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। दूध कारोबारी संजय ने बताया कि त्योहार आते ही मिल्क पाउडर की मांग बढ़ गई है। पहले केवल दुकानदार ही लेकर जा रहे थे। अब किराना वाले भी इसे लेकर जा रहे हैं। उनका कहना है कि आम लोग इसे खोआ, पनीर आदि बनाने में इस्तेमाल कर रहे हैं।

### प्रोटीन और मिनिरल्स की कमी होती है पाउडर वाले दूध में

पशु विशेषज्ञ डॉ. राजेश पांडेय ने बताया कि दूध को एक विशेष प्रक्रिया से सुखाने के बाद उसका पाउडर बनाया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में दूध में प्रोटीन और मिनिरल्स की कमी हो जाती है। अगर पैकेजिंग करने वाली कंपनी ने मानकों का कड़ाई से पालन नहीं किया तो पाउडर को सुरक्षित करने के लिए होने वाले केमिकल के प्रयोग से इस दूध से एलर्जी का खतरा भी बढ़ जाता है। इस दूध की वजह से अपच और पेट संबंधी दिक्कत भी हो सकती है।

## कानपुर में पाइप लाइन से डीजल चुराने वाले गिरोह के तीन गिरफ्तार, सरगना फरार

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** यहां पाइप लाइन से अब तक लाखों रुपए कीमत का हजारों लीटर डीजल चुरा कर बेंच चुके शातिर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। इस गिरोह के पकड़े गए तीन अपराधियों के पास से भारी मात्रा में डीजल भी बरामद हुआ है। इस दौरान सरगना भाग जाने में सफल रहा। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इस गिरोह के भंडाफोड़ के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने टीम का गठन किया था। इसके बाद पुलिस इस गिरोह की तलाश लगातार कर रही थी। पुलिस को यह सफलता नरवल थाना क्षेत्र में मिली। इंडियल ऑयल की लाइन में सेंधमारी करके डीजल चोरी करके बेंचा जा रहा था।

एडीसीपी ईस्ट मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि इंडियन ऑयल पाइप लाइन डिवीजन पनकी के सहायक प्रबंधक नीरज रस्तोगी ने नरवल थाने में 6 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि इंडिया से नेपाल तक जाने वाली इंडियन ऑयल की लाइन में शातिरों ने नरवल के थेरेपा गांव में सेंधमारी करके पूरा सेटअप लगा दिया था।

जानकारी के मुताबिक यहांपर रोजाना पाइप लाइन से हजारों लीटर तेल चोरी किया जा रहा था। पाइप लाइन में लगातार प्रेशर कम होने पर पूरी लाइन का सर्वे कराया गया तो सामने आया कि तेल चोरों के सिंडीकेट ने नरवल में तेल चोरी करने के लिए पाइप लाइन में छेद करके वॉल्व लगा दिया है। रोजाना लाइन से हजारों लीटर डीजल चोरी किया जा रहा है।

तेल चोरी करने वाले गैंग का खुलासा करने के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने नरवल थाने की पुलिस के साथ ही डीसीपी ईस्ट और क्राइम ब्रांच को भी लगाया था। इसके बाद ही पुलिस को गिरोह का भांडा फोड़ करने में सफलता मिली। अब उसके सरगना की तलाश की जा रही है।

बदायूं में दंपती और बेटे की मौत

## होली के लिए बच्चों के कपड़े खरीदकर लौट रहे थे तीनों, निजी बस ने मारी टक्कर

**बदायूं , एजेंसी।** बदायूं के अलापुर थाना क्षेत्र में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे पर सखानू नगर पंचायत के सामने सोमवार शाम तेज रफ्तार निजी बस की चपेट में आने से बाइक सवार दंपती के बाद घायल बेटे की अलीगढ़ इलाज को ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम को भिजवाया। त्योहार से पहले माता-पिता और बेटे की मौत से पूरे गांव मातम पसर गया।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव गुरगांव निवासी चुन्नी लाल (60), उनकी पत्नी मार्गश्री (58) सोमवार को बेटे भूपेंद्र (30) के साथ होली के लिए बच्चों के कपड़े खरीदने बाइक से अलापुर के कस्बा म्याऊं गए थे। तीनों लोग कपड़ा खरीदकर घर वापस जा रहे थे। अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा सखानू के नगर पंचायत के सामने विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक को चपेट में ले लिया।



**नहीं लगाए थे हेलमेट :** जबरदस्त टक्कर लगने से तीनों लोग सिर के बल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों लोगों को जिला अस्पताल लेकर आई। यहां डॉक्टर ने चुन्नीलाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि उनकी पत्नी मार्गश्री और बेटे भूपेंद्र को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान मार्गश्री ने दम तोड़ दिया। तीनों लोग हेलमेट नहीं लगाए थे।

**त्योहार पर गांव में पसरा मातम :** इसके बाद भूपेंद्र की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे अलीगढ़ हायर सेंटर रेफर कर दिया। देर रात परिवार के लोग भूपेंद्र को अलीगढ़ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। माता-पिता और बेटे की मौत की खबर गांव में पहुंचते ही ग्रामीण स्तब्ध रह गए। त्योहार पर गांव में मातम पसर गया। परिवार और रिश्तेदारों में चीख पुकार मच गई। वहीं, पुलिस हादसे के बाद मौके पर बस छोड़कर भागे आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है।

## अफसरों की बार-बार दिल्ली दौड़ से सीएम योगी खफा... दी हिदायत, मंत्रियों से बोले-जिलों में करें समीक्षा

**लखनऊ , एजेंसी।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने बैठक के बहाने बार-बार दिल्ली जाने वाले अफसरों के दौरे पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि अब से कोई भी अधिकारी सक्षम स्तर से अनुमति लेने के बाद ही प्रदेश के बाहर जाए।

उन्होंने कहा, दिल्ली में किसी मीटिंग में कौन सा अधिकारी जा रहा है, उसकी पूरी रिपोर्ट से उन्हें भी अवगत कराया जाए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सभी मंत्रियों के साथ विभागीय कामकाज की समीक्षा के दौरान यह बात कही।

सीएम ने मंत्रियों से भी कहा कि वह भी अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में लगातार समीक्षा करें। इसके अलावा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 10 खरब करने को ध्यान में रखकर लगातार बैठकें करने और योजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए। गन्ना, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, परिवहन समेत करीब आधा दर्जन विभागों की मासिक समीक्षा बैठक न किए जाने पर भी मुख्यमंत्री ने असंतोष जताया।



**महाकुंभ में सरकार की व्यवस्थाओं को जनता के बीच बताएं :** मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में जनता के बीच महाकुंभ के बारे में चर्चा करें। वीडियो भी दिखाएं और लोगों को सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं के बारे में बताएं।

**जनता की समस्याओं की सुनवाई करें और समाधान कराएं:** बैठक में मुख्यमंत्री को महाकुंभ से संबंधित उस वीडियो को भी दिखाया गया। उसे जनता को दिखाने के लिए तैयार कराया गया है। सीएम ने कहा कि 25 मार्च को प्रदेश सरकार का तीन साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसलिए सभी मंत्री जनता के बीच सरकार की आठ साल की उपलब्धियों को बताएं। जनता की समस्याओं की सुनवाई करें और उसका समाधान कराएं।

## जलकल विभाग का बड़ा फैसला, होली के दिन तीन बार होगी पानी की आपूर्ति

**अलीगढ़ , एजेंसी।** होली पर अलीगढ़ नगर निगम ने विशेष तैयारी की है। रंगों के त्योहार के मौके पर लोगों को पानी की किल्लत नहीं होने दी जाएगी। पर्व को लोग पूरे उल्लास के साथ मना सकें, इसके लिए पानी की सप्लाई को लेकर जलकल विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। होली के दिन तीन समय पानी की आपूर्ति घरों में होगी।

महानगर में लगभग 14 से 15 लाख आबादी निवास करती है। इनको प्रतिदिन नगर निगम का जलकल विभाग वाटर वर्क्स गांधी पार्क, एलमपुर आदि में पानी की टंकी से सप्लाई दी जाती है। जलकल विभाग द्वारा हर दिन सुबह और शाम एक-एक घंटे पानी की सप्लाई घरों में की जाती है। हर क्षेत्र में समय अलग-अलग है। इसके लिए सभी जोन में अधिकारियों और कर्मचारियों का जिम्मा तय किया गया है।

जलकल के प्रभारी जीएम सुरेश चंद्र ने बताया होली पर पानी से संबंधित किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। सुबह, दोपहर और शाम को पानी सप्लाई की जाएगी। दोपहर में भी एक घंटा पानी सप्लाई होगी। महापौर प्रशांत सिंघल ने बताया कि होली में पानी की किल्लत नहीं होगी। इसको लेकर पूरी रणनीति तैयार कर दी गई है। ओवरहेड टैंकों से दोपहर 12 से दोपहर एक बजे तक फुल प्रेशर से पानी की सप्लाई होगी।

## भूत-प्रेत संग झूमे, धधकती चिताओं के बीच खेली भस्म से होली

### मणिकर्णिका घाट पर दिखा अनोखा नजारा

**वाराणसी , एजेंसी।** भूतभावन बाबा विश्वनाथ के साथ रंगभरी एकादशी पर अबीर गुलाल संग होली खेलने के बाद मंगलवार की सुबह मणिकर्णिका घाट की विश्व प्रसिद्ध मसाने की होली का उत्सव शुरू हो गया। माता पार्वती का गौना कराकर अपने धाम में लौटे बाबा विश्वनाथ अपने गणों नन्दी, श्रृंगी, भृंगी और भूत प्रेत के साथ जलती चिताओं की भस्म से अद्भुत होली खेली। इस दौरान हर- हर महादेव के जयघोष से पूरा घाट गूंज उठा।

सबसे पहले धुनी रमाए नागा साधु मसान घाट पर पहुंचे। उनके ऊपर राख डालकर लोगों ने हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इसके बाद आम भक्तों पर चिता भस्म फेंककर महादेव का जयघोष किया गया। इस दौरान घाटों पर अद्भुत नजारा दिका।

### डीजे न बजने से घटा उत्साह


मसान होली में डीजे प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में डीजे न बजने की वजह से मसाने की होली मनाने आए कई फैन उदास दिखे। नाच- गाना न होने से युवाओं का उत्साह कम दिखा। लेकिन भक्तों की भीड़ जुटी रही। मणिकर्णिका घाट की ओर जाने वाले सभी रास्ते चोक हो गए। भीड़ गलियों, घाटों और बोट से सीधे मणिकर्णिका घाट पर पहुंचती रही। इस दौरान जमकर धक्कामुखी भी हुई।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे:** मणिकर्णिका घाट पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। घाट की ओर जाने वाले रास्ते पर भी जवानों की तैनाती रही। सुरक्षाकर्मी भीड़ को कंट्रोल करने में जुटे रहे।

**पुलिस ने लाठी भाजकर हटाई भीड़:** मणिकर्णिका घाट की तरफ जाने वाले मार्ग पर भीड़ अनियंत्रित होने से लोगों में धक्कामुक्की शुरू हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस ने मणिकर्णिका द्वार पर लाठियां भाजकर लोगों की भीड़ हटाई।



## खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी, खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ का निलंबन हटाया;



**वाराणसी , एजेंसी।** खेल मंत्रालय में भारतीय कुश्ती संघ पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया गया है। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि इसका लाभ कुश्ती खिलाड़ियों को मिलेगा। एक साल में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग महिला और पुरुष के तीनों वर्ग में 24 स्पर्धाएं खेली जाएंगी। भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन वापसी के बाद श्री सर्वेश्वरी निवास आश्रम मडुआडीह में अघोरेश्वर महाप्रभु व औघड़ गुरुपद संभव राम के तैल्य चित्र का आरती पूजन करके खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 12 मार्च, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय मूल की अमेरिकी छात्रा डोमिनिकन देश से गायब, समुद्र में डूबने की आशंका

**नई दिल्ली**। भारतीय मूल की अमेरिकी स्टूडेंट सुदीक्षा कोनांकी पिछले हफ्ते गुरुवार को कैरेबियाई द्वीप डोमिनिकन रिपब्लिक से गायब हो गई थीं। अब माना जा रहा है कि उसकी डूबने से मौत हो गई है। ABC न्यूज ने लोकल अधिकारियों के हवाले से यह खबर दी है। जांच में शामिल 3 अधिकारियों ने बताया कि कोनांकी 5 मार्च को अपने 6 दोस्तों के साथ समुद्र तट पर टहल रही थी, जिसके बाद शायद वह रात को समुद्र में तैरने गई और डूब गई। सुदीक्षा पिछले हफ्ते छुट्टियां मनाने अमेरिका से डोमिनिकन के पुंटा काना कस्बे पहुंची थी। डोमिनिकन के लोकल अधिकारियों ने सुदीक्षा की तलाश में जगह-जगह पोस्टर भी लगाए थे, जिनमें बताया गया था कि 20 साल की एक लड़की समुद्र तट पर टहलते समय गायब हो गई है। उसका कद 5 फीट 3 इंच है। 6 मार्च को आखिरी बार देखा गया सुदीक्षा के साथ गए ज्यादातर लोग रात को वापस लौट आए थे, लेकिन वो एक दोस्त के साथ समुद्री तट पर ही रुक गई थी। पुलिस को आशंका है कि इसी दौरान वो समुद्र में तैरने गईं और लहर के चपेट में आ गईं। लोगों ने सुदीक्षा को आखिरी बार 6 मार्च को पुंटा काना के रिउ रिपब्लिका रिसॉर्ट में समुद्र तट पर टहलते हुए देखा था। उसका आखिरी वीडियो फुटेज समुद्र तट पर 6 मार्च को सुबह 4:15 बजे का है। सुदीक्षा का परिवार 2006 से अमेरिका में रह रहा है और वहां का स्थायी निवासी है। उसके पिता सुब्बारायडू कोनांकी ने कहा कि मेरी बेटी मेडिकल की फील्ड में अपना करियर बनाना चाहती थी।

### सीरिया ने कुर्द नेतृत्व वाली सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेस का राज्य संस्थाओं में विलय किया

**नई दिल्ली**। सीरिया की केंद्रीय सरकार ने देश के पूर्वोत्तर को नियंत्रित करने वाले कुर्द नेतृत्व वाले सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेस के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसमें युद्ध विराम और मुख्य अमेरिकी समर्थित बल का सीरियाई सेना में विलय शामिल है। इस समझौते पर सोमवार को अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा और अमेरिका समर्थित कुर्द नेतृत्व वाले सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेज के कमांडर मजलूम आब्दी ने हस्ताक्षर किए। इस साल के अंत तक लागू होने वाले इस समझौते से पूर्वोत्तर में इराक और तुर्की के साथ सभी सीमा पार, हवाई अड्डे और तेल क्षेत्र केंद्रीय सरकार के नियंत्रण में आ जाएंगे। सीरिया के कुर्दों को अपनी भाषा सिखाने और उसका उपयोग करने सहित उनके अधिकार प्राप्त होंगे, जिन पर दशकों तक प्रतिबंध लगा हुआ था।



### हरियाणा के युवक को डंकी रूट पर बंधक बनाया डोंकर गनपॉइंट पर उलटा लिटाकर पीट रहा

**कैथल**। डंकी रूट से अमेरिका जा रहे हरियाणा और पंजाब के 2 युवकों को डोंकरों ने बंधक बना लिया है। हरियाणा के युवक के पिता को डोंकरों ने उन्हें टॉर्चर करते के वीडियो भेजे हैं। इसमें वह युवकों की पिटाई करते दिख रहे हैं। यही नहीं उन पर पिस्टल भी तानी गई। डोंकरों ने पिता से युवक को छोड़ने के लिए 20 हजार डॉलर (साढ़े 17 लाख) मांगे हैं। वीडियो में युवक ने कहा कि पापा प्लीज पैसे दे दो। ये मार देंगे। उधर, युवक को अमेरिका भेजने वाले एजेंट भी फरार हैं। अब युवक के परेशान परिजनों ने कैथल में SP से मिलकर दोषी एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई और बेटे की सुरक्षित वापसी की मांग की है। एसपी ने मामले में FIR दर्ज करने के साथ जांच शुरू करने का आश्वासन दिया है। वीडियो में दिखाई दे रहे युवक की पहचान कैथल के गांव मोहना निवासी युवराज के रूप में हुई है। युवराज के पिता कुलदीप ने बताया कि उसने अपने बेटे युवराज को अमेरिका भेजने के लिए कुछ एजेंटों से संपर्क किया था। एजेंटों ने 41 लाख रुपए में डील तय की। उसे कहा कि पैसे तभी लेंगे, जब युवराज अमेरिका पहुंच जाएगा। मगर, एजेंटों ने अलग-अलग बहानों से 14 लाख रुपए पहले ही ले लिए। पिता ने कहा कि भारत से जाते वक्त एजेंटों ने शुरू में ही युवराज का पासपोर्ट ले लिया। इसके बाद अक्टूबर 2024 में उसे डंकी रूट से अमेरिका के लिए रवाना कर दिया गया। शुरुआत में तो बेटे से फोन पर बातचीत होती रही। मगर, कुछ दिन से उसके फोन आने बंद हो गए। इससे परेशान परिजनों ने एजेंटों से संपर्क साधा। उन्होंने बताया कि युवराज रास्ते में है। घने जंगलों, पहाड़ी रास्तों और समुद्र के रास्ते वह अमेरिका जा रहा है। वहां फोन आदि नहीं चलते। उन्होंने आश्वासन दिया कि अब अमेरिका पहुंचकर युवराज से संपर्क होगा।

### देश को 15 से 20 वर्षों में 30 हजार पायलटों की होगी जरूरतः राममोहन नायडू

**नई दिल्ली**। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि भारत को अगले 15 से 20 साल में 30 हजार पायलट की जरूरत होगी। इसकी वजह घरेलू एयरलाइनों ने अपने नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 1,700 से ज्यादा विमानों का ऑर्डर देना है, जबकि वर्तमान में 800 से अधिक विमान हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने एयरो क्लब ऑफ इंडिया और शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के बीच 200 प्रशिक्षक विमानों के ऑर्डर के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। नायडू ने कहा कि फिलहाल 6,000 से 7 हजार पायलट काम कर रहे हैं। देश को अगले 15 से 20 साल में 30 हजार पायलटों की आवश्यकता होगी। राममोहन नायडू ने कहा कि एयरो क्लब ऑफ इंडिया और शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर मुख्य अतिथि बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि अधिकारी 38 उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के विभिन्न पहलुओं का सत्यापन कर रहे हैं और इन संगठनों की रेटिंग की जाएगी। उन्होंने भारत को प्रशिक्षण केंद्र बनाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि मंत्रालय विमानन उद्योग के लिए सामूहिक दृष्टिकोण के साथ काम कर रहा है। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक हवाई अड्डों को वर्गीकृत करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें कार्गो और उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के लिए अलग हवाई अड्डे बनाये जाने की संभावना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सहयोग भारत के एफटीओ को स्वदेशी रूप से निर्मित प्रशिक्षक विमान प्रदान करेगा, जिससे आयात निर्भरता कम होगी और हमारा विमानन प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण विमान पायलट विकास की रीढ़ हैं, ये पहल भारत में कुशल पायलटों की अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने में एक गेम-चेंजर साबित होगी। इस अवसर पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और एयरो क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष राजीव प्रताप रूडी और शक्ति एविएशन के अध्यक्ष डॉ. एम. मणिकम भी मौजूद रहे।

### त्रिभाषा को लेकर संसद के बाहर डीएमके के सांसदों ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और त्रिभाषा को लेकर संसद के बाहर द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के सांसदों ने प्रदर्शन किया। मंगलवार को राज्यसभा में हंगामे के बीच शून्य काल में सदन की बैठक को 12 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। डीएमके सांसद कनिमोझी और अन्य सांसद काले कपड़े पहनकर तमिलनाडु पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणी का विरोध किया। उन्होंने प्रधान से माफी मांगने को कहा। डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा, 'केंद्र सरकार तमिलनाडु को मिलने वाले पैसे को रोक रही है। कह रही है कि हमें तीन-भाषा नीति और इनईपी पर हस्ताक्षर करना है। वे तमिलनाडु के बच्चों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उन्हें तमिलनाडु के बच्चों के लिए मिलने वाले फंड को रोकने का कोई अधिकार नहीं है। कनिमोझी ने कहा, "सोमवार को धर्मेंद्र प्रधान ने कथित तौर पर अपमानजनक तरीके से जवाब दिया। कहा कि तमिलनाडु के लोग बेईमान हैं और तमिलनाडु के लोग असभ्य हैं। हम उनसे ऐसी भाषा बोलने की उम्मीद नहीं करते हैं। यह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। हम माफी की मांग करते हैं।" धर्मेंद्र प्रधान के बयान के विरोध में राज्यसभा में भी डीएमके के सांसदों ने जमकर नारेबाजी की। प्रश्न काल के बाद त्रिचि शिवा ने सदन में धर्मेंद्र प्रधान से उनके बयान के लिए माफी मांगने की मांग की।

# अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो बोले यूक्रेन को जमीन छोड़नी होगी

**एजेंसी, जेद्दाह**

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि अगर यूक्रेन जंग का समाधान चाहता है तो उसे अपनी जमीन छोड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। सोमवार को दिए बयान के मुताबिक 2014 से रूस के कब्जे वाले इलाके पर यूक्रेन को रियायत देनी होगी यानी छोड़ना होगा। मार्को के मुताबिक रूस और यूक्रेन को कड़े फैसले लेने के लिए तैयार रहना चाहिए। रुबियो सोमवार सऊदी अरब पहुंचे हैं। वे यहां यूक्रेन के सीनियर अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे।

**जेलेंस्की भी सऊदी पहुंचे, बातचीत में शामिल नहीं होंगे:** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी सोमवार को सऊदी अरब पहुंचे। हालांकि, जेलेंस्की अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो के साथ बैठक में शामिल नहीं होंगे। उनकी टीम इस बैठक में मौजूद रहेगी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इस बैठक का मकसद 27 फरवरी को ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच हुई तीखी बहस की भरपाई करना है। इसमें यूक्रेन को मिलने वाली अमेरिकी सैन्य मदद और खुफिया जानकारी पर भी चर्चा होगी। जेलेंस्की और रुबियो सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात करेंगे। हालांकि, दोनों के बीच आपस में कोई मुलाकात नहीं होगी।

**अमेरिका ने यूक्रेन को 8.7 हजार करोड़ रुपए की सैन्य मदद रोकी:** अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद पर रोक लगा दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इससे एक अरब डॉलर (8.7 हजार करोड़ रुपए) के हथियार और गोला-बारूद संबंधी मदद पर असर पड़ सकता है। इन्हें जल्द ही यूक्रेन को डिलीवर



कहा- जंग का समाधान चाहिए तो ये करना होगा, बातचीत के लिए सऊदी पहुंचे

किया जाना था। ट्रम्प के आदेश के बाद उस मदद को भी रोक दिया गया है, जिसका इस्तेमाल यूक्रेन सिर्फ अमेरिकी डिफेंस कंपनियों से सीधे नए सैन्य हार्डवेयर खरीदने के लिए कर सकता है। अमेरिकी सहायता रोके जाने पर राष्ट्रपति जेलेंस्की की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने CNN से कहा कि यह साफ है कि फैसला जेलेंस्की के बुरे बर्ताव की वजह से उठाया गया। उन्होंने कहा कि अगर जेलेंस्की जंग को खत्म करने के लिए बातचीत की कोशिश करते हैं, तब शायद ये रोक हटाई जा सकती है।

**यूक्रेन से खुफिया जानकारी शेयर नहीं करेगा अमेरिका:** अमेरिका ने 5 मार्च से यूक्रेन के साथ सीक्रेट जानकारी शेयर करके पर रोक लगाई। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) माइक वाल्ट्ज का कहना है कि हमने यूक्रेन के साथ खुफिया जानकारी साझा करने के मामले में एक कदम पीछे ले लिया है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम इस मामले के सभी पहलुओं पर विचार कर रहे हैं और इसकी समीक्षा कर रहे हैं। वाल्ट्ज ने यूक्रेन के NSA से फोन पर बात की।

**यूक्रेन पर 2 से 4 महीने में दिखेगा मदद रुकने का असर:** सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के मार्क कैन्सियन ने कहा कि अमेरिका के मदद रोकने के फैसले से यूक्रेन पर बहुत असर पड़ने वाला है। ट्रम्प के इस फैसले ने एक तरह से यूक्रेन को 'अपंग' कर दिया है। कैन्सियन ने कहा कि अमेरिकी मदद रुकने का मतलब है कि अब यूक्रेन की ताकत आधी हो गई है। इसका असर दो से चार महीने में दिखने लगेगा। फिलहाल यूरोपीय देशों से मिलने वाली सहायता से यूक्रेन कुछ समय तक लड़ाई में बना रहेगा।

### कच्छ के की उर्मिला के लिए यादगार बना भावनगर का नमो सखी संगम मेला


**भावनगर/अहमदाबाद**। मुझे गर्व है कि मैं नारी शक्ति हूं, अगर हमें सही मंच मिले तो हम सफलता हासिल कर सकते हैं। यह कहना है कच्छ के लखपत तहसील के दयापार गांव की उर्मिलाबा जाडेजा का, जो नमो सखी संगम मेले में शामिल हुईं। दरअसल भावनगर में चार दिवसीय नमो सखी संगम मेले में उर्मिलाबा ने अपने जैविग उत्पाद का स्टाल लगाया था। उन्होंने पहले ही दिन 25 हजार रुपये की भारी माल बेच दिया। आशापुरा में सखी मंडल की सदस्य उर्मिलाबा ने कहा कि हम जाडेजा हैं, इसलिए हमें बाहर जाने की ज़रूरत नहीं है। मैं सिर्फ़ चार कक्षाएँ पढ़ी हूं। लेकिन अगर आपके अंदर कुछ करने की अदम्य इच्छाशक्ति हो और सही मार्गदर्शन मिले, तो नतीजे अलग होते हैं।

उनके पास आठ एकड़ ज़मीन है, जिसमें हम सिर्फ़ जैविक मूंग, मेथी, मक्का और रतालू की खेती करते हैं। इनसे हम मेथी से ग्लूटिनस राइस बॉल्स, मेथी से पास्ता, मूंग से कटोरी, मक्का से सककर पारा और चिप्स बनाते हैं। हम इन्हें तेल में नहीं, बल्कि रेत या नमक में फ्राय करते हैं, ताकि हमारे उत्पाद खरीदने वालों का स्वास्थ्य भी बना रहे। लेकिन यह हमारी शुरुआत थी, इसलिए हमने धीरे-धीरे अपने उत्पाद को अपने तरीके से बेचा।

## यूट्यूब चैनल से कराई जाएगी छात्रों को कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी

**एजेंसी, अहमदाबाद**

अहमदाबाद में छात्रों की कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी के लिए अभिनव प्रयोग किया जा रहा है। 22 मार्च को होने वाले कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी में कक्षा पांच के छात्रों के लिए यूट्यूब चैनल की मदद तैयारी कराने की योजना तैयार की गई है। जिला पंचायत शिक्षा समिति ने शिक्षा दर्शन परियोजना के तहत यूट्यूब चैनल पर वीडियो व्याख्यान प्रसारित किए जाएंगे। हर दिन विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार एक घंटे के वीडियो प्रसारित किया जायेगा। जिला पंचायत शिक्षा समिति के अध्यक्ष दिगपाल सिंह चूड़ासमा के मार्गदर्शन में जिले के प्रत्येक स्कूल में प्रतिदिन बच्चों को इस वीडियो के माध्यम से तैयारी कराई जाएगी। बच्चों को सामान्य प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए विशेषज्ञ विषय शिक्षकों का मार्गदर्शन मिलेगा | इस पहल से जिले के 686 स्कूलों के 40,000 छात्रों को सामान्य प्रवेश परीक्षा की तैयारी में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद जिला पंचायत के अंतर्गत आने वाले स्कूलों के छात्र प्रतिस्पर्धी हैं। शिक्षा दर्शन परियोजना को मिशन परमिता के अंतर्गत कार्यान्वित किया गया है, जिससे छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने में मदद मिल सके।



वीडियो व्याख्यानों से कक्षा पांच के 40,000 छात्रों को कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी में मिलेगी मदद

## भारत बोला- टैरिफ कटौती पर अमेरिका को कोई कमिटमेंट नहीं, उनके दावे पर भरोसा नहीं कर सकते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने शुक्रवार को दावा किया था कि भारत अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है, क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे हैं। भारत के कॉमर्स सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल ने सोमवार को संसदीय पैनल को बताया कि भारत ने अमेरिका के साथ टैरिफ में कटौती को लेकर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है। विदेश मामलों की संसदीय समिति को जानकारी देते हुए सुनील बर्थवाल ने साफ किया कि भारत और अमेरिका के बीच बातचीत अभी भी जारी है और किसी ट्रेड एग्रीमेंट को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया। बर्थवाल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों और मीडिया रिपोर्टों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यापार वार्ता में भारत के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। बर्थवाल ने समिति को बताया कि भारत अंधाधुंध तरीके से टैरिफ कम नहीं करेगा, खासकर उन क्षेत्रों में जो हमारी घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए काफी जरूरी हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों को बनाए रखने के लिए बहुपक्षीय के बजाय द्विपक्षीय रूप से टैरिफ कटौती पर बातचीत करना पसंद करता है। ट्रम्प ने कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ वसूलता है दरअसल ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ वसूलता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। हालांकि भारत अब अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है, क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे हैं। उन्होंने कहा- हमारे देश को हर किसी ने लूटा है। लेकिन अब यह बंद हो गया है। मैंने अपने पहले कार्यकाल में इसे बंद करवाया था। अब हम इसे पूरी तरह से बंद करने जा रहे हैं, क्योंकि यह बहुत गलत है। अमेरिका को आर्थिक, वित्तीय और व्यापार की नजर से दुनिया के लगभग हर देश ने लूटा है।

ट्रम्प बोले थे भारत टैरिफ घटाने पर सहमत



## क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे, राज्यसभा में खड़गे के बयान पर हंगामा, बाद में मांगी माफी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राज्यसभा में नेता विपक्ष एवं कांग्रेस सदस्य मल्लिकार्जुन खरगे और नेता सदन जेपी नड्डा के बीच आज तीखी बहस हो गई। उपसभापति हरिवंश नारायण ने जब खरगे को बोलने से रोका तो उन्होंने कहा कि यहां तानाशाही चल रही है। इस पर उपसभापति ने फिर टोका तो खरगे ने कहा कि क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे... सरकार को ठोकेंगे। खरगे के इस बयान पर जेपी नड्डा तिलमिलाकर उठे और उन्होंने खरगे को आड़े हाथों लिया। बाद में खरगे ने चेयर से माफी मांगी।

राज्यसभा में आज शिक्षा मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा के दौरान उपसभापति हरिवंश ने कांग्रेस सदस्य दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा लेकिन उसी दौरान मल्लिकार्जुन खरगे खड़े हो गए। इस पर उपसभापति ने उन्हें यह कहकर बोलने से रोक दिया कि आप सुबह में बोल चुके हैं। इस पर खरगे ने कहा कि उस समय मंत्री सदन में नहीं थे, इसलिए अब वे बोलेंगे। इस मुद्दे पर उन्होंने उपसभापति के लिए उपरोक्त कठोर और उनके पद की गरिमा के प्रतिकूल शब्दों का इस्तेमाल किया। इसे लेकर नेता सदन नड्डा ने गंभीर आपत्ति जताई। नड्डा ने कहा कि नेता विपक्ष खरगे ने समय-समय पर संसद के दोनों सदनों का प्रतिनिधित्व किया है। वह वरिष्ठ सदस्य हैं लेकिन आज उन्होंने जिस भाषा का इस्तेमाल किया है, वह आपत्तिजनक और निंदनीय है। उन्होंने जिन असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया है, उसे उन्हें वापस लेना चाहिए अन्यथा उसे कार्यवाही से हटाया जाए। इसके बाद विपक्षी सदस्य खड़े होकर शोरगुल करने लगे। इस पर उपसभापति ने विपक्षी सदस्यों को सीट पर जाने के लिए कहा। बवाल बढ़ता देख खरगे ने स्थिति संभाली। उन्होंने कहा कि अगर मेरी बातों से उपसभापति को ठेस पहुंची है तो मैं उनसे माफी मांगता हूं लेकिन सरकार से नहीं। खरगे ने कहा कि मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश के एक भाग की जनता के स्वाभिमान को "अनकल्चर्ड" और "अनसिविलाइज्ड" कहकर ठेस पहुंचाया है। वे देश को बांटने की बात कर रहे हैं, देश को तोड़ने की बात कर रहे हैं, इसलिए ऐसे मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। इस पर नेता सदन नड्डा ने कहा कि नेता विपक्ष खरगे ने अपने बयान में चेयर से माफी मांगी है, यह उनकी वरिष्ठता के हिसाब से सराहनीय है लेकिन उन्होंने सरकार के बारे में जिन शब्दों का प्रयोग किया है, वह निंदनीय है। उसे कार्यवाही से हटाया जाना चाहिए।



इससे पहले आज राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद उपसभापति ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिह बिट्टू का नाम पुकारा और उन्हें सदन में आवश्यक दस्तावेज रखने को कहा लेकिन मंत्री सदन में मौजूद नहीं थे। इस पर विपक्षी सदस्यों ने आपत्ति जताई और मंत्री की अनुपस्थिति को शर्मनाक बताया। खरगे ने कहा कि नेता सदन ने कल नसीहत दी थी कि नेता प्रतिपक्ष और विपक्ष के सदस्यों को सदन के नियमों का फ्रेसर कोर्स कराने की जरूरत है लेकिन मैं पूछता हूं कि आप क्यों ट्रेनिंग नहीं लेते? आपके लोग समय पर नहीं आते। मंत्री गण भी नहीं आते। ये शर्म की बात है। उधर, आज पूर्वाह्न 11 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने डुप्लीकेट ईपीआईसी संख्या, परिसीमन प्रक्रिया और तमिलनाडु को केन्द्र से उसके हिस्से के राजस्व के भुगतान की मांग जैसे मुद्दों को लेकर सदन में जोरदार हंगामा किया।

### विधानसभा नियमों और संसदीय परंपराओं की गरिमा दिल्ली में फिर से हुई बहालः विजेंद्र गुप्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज कहा कि उपराज्यपाल द्वारा दिल्ली की 8वीं विधानसभा के पहले सत्र को समाप्त करने और दूसरे सत्र को 24 से 28 मार्च तक बुलाने के आदेश से संविधान, विधानसभा नियमों और संसदीय परंपराओं की गरिमा दिल्ली में फिर से बहाल हो गई है। उन्होंने कहा कि पिछली आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार ने संवैधानिक प्रावधानों, विधायी प्रक्रियाओं और संसदीय परंपराओं की खुली अवहेलना करते हुए दिल्ली विधानसभा को एक दिखावटी मंच बना दिया था। विधानसभा अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि आमतौर पर भारत की संसद और सभी राज्य विधानसभाओं में हर साल तीन सत्र होते हैं- बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र। इसके अतिरिक्त खास परिस्थितियों में कभी-कभी विशेष सत्र भी बुलाए जाते हैं लेकिन 2020 से 2025 तक के पांच साल के कार्यकाल में सातवीं दिल्ली विधानसभा ने केवल चार सत्र आयोजित किए। कुछ मामलों में बिना विधानसभा को औपचारिक रूप से समाप्त किए ही सत्र बुलाए गए, जिनका उपयोग संवैधानिक संस्थाओं और अन्य राज्य सरकारों की आलोचना के लिए किया गया। गुप्ता ने कहा कि अब नई सरकार के सत्ता में आने के बाद विधानसभा की गरिमा और प्रतिष्ठा बढ़ी है। पहले सत्र को औपचारिक रूप से समाप्त कर दिया गया है और अब दूसरा सत्र यानी बजट सत्र बुलाया जा रहा है।




♦ बजट सत्र 24-28 मार्च तक, व्यापक विधायी एजेंडा तय, स्पीकर ने प्रस्तुत किया भविष्य का खाका

### चुनाव आयोग ने अनसुलझे मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक दलों से मांगे सुझाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए 30 अप्रैल तक सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से सुझावों को आमंत्रित किया है। आयोग ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। आयोग की ओर से आज राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत पत्र जारी किए गए हैं। आयोग ने इनमें पार्टी के अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ एक पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए बातचीत का भी सुझाव दिया है। पिछले सप्ताह सम्मेलन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के सीईओ, डीओओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने का निर्देश दिया था। साथ ही इस तरह की बैठकों में प्राप्त सुझावों को हल करने के लिए 31 मार्च तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट देने को भी कहा था। राजनीतिक दल संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग की ओर से माने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं। कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत समय-समय पर चुनाव आयोग की ओर से जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।




## पंजाब की आप सरकार शिक्षा का राजनीतिकरण बद करेः भाजपा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए राज्य की शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए छात्रों के भविष्य को दांव पर लगाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में शिक्षा का राजनीतिकरण बंद हो, वर्ना जनता करारा जवाब देगी।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने मंगलवार को मीडिया से कहा कि 36 महीने बीतने के बाद भी आप सरकार ने पंजाब के लिए एक भी नया काम नहीं किया, उल्टा पूरे प्रदेश का बेड़ा गर्क कर दिया। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने पंजाब बोर्ड की 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान परीक्षा में पूछे गए सवालों को लेकर आप सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में 'आम आदमी पार्टी सरकार की नीतियों का वर्णन कीजिए' जैसे प्रश्न का उत्तर क्या होगा, पंजाब की चरमराती कानून व्यवस्था, नशे की चपेट में जाता पंजाब का युवा या फिर फिनान्शियल हेल्थ इंडेक्स में आखिरी पायदान पर पहुंच चुकी पंजाब की अर्थव्यवस्था, क्या आप सरकार पंजाब के बच्चों को शराब घोटाला कैसे करना है, कैसे गरीबों के हक़ को मार कर आम आदमी के टैक्स के पैसों से शीशमहल बनाना है ये सिखाना चाहती है। उन्होंने कहा कि पंजाब की महिलाएं अपने 1000 रुपये के वादे को 36 महीनों से याद कर रही हैं, लेकिन भगवंत मान की सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। हर दिन कोई न कोई युवा नशे की चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहा है। हर साल हजारों से अधिक युवा नशे की वजह से बर्बाद हो रहा है, लेकिन मान सरकार सत्ता के नशे में इतनी चूर है कि पाठ्यक्रम का हिस्सा न होने के बावजूद बोर्ड परीक्षा में 'आप के स्थापना दिवस' जैसे सवाल पूछे जा रहे हैं। चुघ ने चेतावनी देते हुए कहा कि भगवंत मान जवाब दें। आखिर किस कारण से 12वीं बोर्ड परीक्षा में इस प्रकार के राजनीतिक प्रश्न पूछे गए? क्या आपकी सरकार का काम केवल आम आदमी पार्टी का प्रचार करना रह गया है? शिक्षा का राजनीतिकरण बंद होना चाहिए वर्ना जनता करारा जवाब देगी।



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 12 मार्च, 2025



# रोहित को लेकर दबाव में थे हमारे गेंदबाज : सैंटनर






**एजेंसी, दुबई**

न्यूलीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। सैंटनर ने कहा है कि रोहित कुछ अवसरों पर असफल हो सकते हैं पर उनका अंदाज ऐसा है कि वह बडे अवसरों पर निर्णायक साबित होते हैं। सैंटनर के अनुसार खिताबी मुकाबले में उनकी टीम के खिलाड़ी रोहित के खेलने के अंदाज से शुरुआत में ही दबाव में आ गये थे। फाइनल में रोहित की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत मिली। रोहित ने फाइनल में में 41 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। उन्होने 76 रनों की पारी खेली। वह इस मैच में अलग अंदाज में बल्लेबाजी करते दिखे। रोहित ने सिर्फ अपना रवैय बदला और वह टीम के लिए बड़ी पारी खेलने में सफल हो गये। उन्होंने ये पारी तब खेली जब टीम को सबसे ज्यादा जरुतर थी। सैंटनर ने कहा कि उनका रवैया गेंदबाजों में डल पैदा करता है। वे स्वभाव से आक्रामक हैं और मुझे लगता है कि वह और शुभमन गिल अच्छी तरह से तालमेल बिठाते हैं। शुभमन गिल खराब गेंद का इंतजार करते हैं पर रोहित गेंदबाजों को उनती लेंथ से ही खेलकर खुश होते हैं। वो इंतजार नहीं करते और उनका डर हमारी टीम के गेंदबाजों में भी था।

सैंटनर ने साथ ही कहा कि रोहित जिस तरह से खेलते हैं उसके बाद आप कुछ बार असफल हो सकते हैं लेकिन जैसा कि उन्होंने फाइनल में हमारे खिलाफ खिलाफ धीमी पिच पर खेला। वह दिखाता है कि अगर आप अपनी टीम को इस प्रकार से शुरुआत देते हैं तो फिर आप मैच में खुद को आगे रख सकते हैं। पावरप्ले के दौरान जिस प्रकार के आक्रामण उन्होंने किये उससे मैच हमारे हाथ से फिसलने लगा था।

## चोटों के कारण न्यूज़ीलैंड महिला टीम को बड़ा झटका, श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से तीन खिलाड़ी बाहर

**एजेंसी, वेलिंगटन**

न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम को आगामी तीन मैचों की टी-20 सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर इसाबेला गेज, तेज गेंदबाज हेले जेन्सन और बल्लेबाज बेला जेम्स चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हो गई हैं। इनकी जगह विकेटकीपर-बल्लेबाज पॉली इंग्लिस, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर को टीम में शामिल किया गया है।




श्रीलंका महिला टीम इन दिनों न्यूजीलैंड दौरे पर है, जहां वह वनडे और टी-20 सीरीज खेल रही है। न्यूजीलैंड ने पहले ही वनडे सीरीज को 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया था। वनडे सीरीज में पॉली इंग्लिस और ब्री इलिंग ने डेब्यू किया था, जबकि फ्लोरा डेवोनशायर को अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका नहीं मिला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के मुताबिक, हेले जेन्सन और बेला जेम्स पहले ही वनडे सीरीज से बाहर हो चुकी थीं और अब तक फिट नहीं हो पाई हैं। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने एक बयान में कहा, 'हम सभी इसाबेला, हेले और बेला के लिए दुखी हैं। यह टीम और खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक है, लेकिन हम जानते हैं कि ये तीनों मजबूती से वापसी करेंगी।' बेन सॉयर ने पॉली इंग्लिस और ब्री इलिंग की वनडे सीरीज में प्रभावशाली शुरुआत की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'दोनों ने बेहतरीन इरादे और खेल की शानदार समझ दिखाई। मुझे भरोसा है कि वे टी-20 में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगी। फ्लोरा डेवोनशायर घरेलू स्तर पर बेहतरीन ऑलराउंडर साबित हुई हैं और हमारी टीम के लिए एक शानदार विकल्प हो सकती हैं।' तीन मैचों की टी-20 सीरीज 14 मार्च से शुरू होगी। दूसरा मैच 16 मार्च को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा, जबकि तीसरा और अंतिम मुकाबला 18 मार्च को डुनेडिन में आयोजित होगा।

**न्यूजीलैंड टीमः** सुजी बेट्स (कप्तान), रोजमेरी माएर, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशायर, मैडी ग्रीन, ब्रूक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंग्लिस (विकेटकीपर), फ्रैन जोनास, जेस केर, एम्मा मैकलेओड, जॉर्जिया प्लिमर, इज़्ज़ी शार्प।

**श्रीलंका टीमः** चमारी अटापट्टू (कप्तान), निलाक्षिका सिल्वा, कवीशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, इनोशी प्रियदर्शनी, विश्मी गुणरत्ने, अचिनी कुलसूरिया, सुगांदिका कुमारी, हर्षिता समरविक्रमा, मनुदी ननायक्कारा, सचिनी निसानसला, उदेशिका प्रबोधनी, अनुश्का संजीवनी (विकेटकीपर), कौशिनी नुथ्यांगना, रश्मिका सेववंडी, चेतना विमुक्ति।

## हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के खिताबी मुकाबले में हरियाणा और झारखंड आमने-सामने

**एजेंसी, पंचकूला**

हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला 12 मार्च को शाम पंचकूला के ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां गत विजेता हॉकी हरियाणा की टीम हॉकी झारखंड से भिड़ेगी। गत विजेता हॉकी हरियाणा ने टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और चार मैचों में सिर्फ एक गोल ही गंवाया है। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत हॉकी कर्नाटक को 5-1 से हराकर की थी, इसके बाद हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा पर 3-0 की जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में हॉकी पंजाब के खिलाफ 1-0 से करीबी जीत के बाद सेमीफाइनल में हरियाणा की टीम ने हॉकी मिजोरम को 4-0 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। कप्तान रानी अब तक टूर्नामेंट में तीन गोल कर चुकी हैं और टीम को खिताब बचाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। हॉकी झारखंड ने भी दमदार शुरुआत की थी और पहले मुकाबले में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को 9-2 से हराकर धमाकेदार एंट्री की। इसके बाद उन्होंने हॉकी मिजोरम और हॉकी मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया। सेमीफाइनल में हॉकी महाराष्ट्र के खिलाफ संघर्षपूर्ण मुकाबले में कोई भी टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर सकी। मैच शूटआउट में पहुंचा, जहां हॉकी झारखंड ने 3-2 से जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस जीत में गोलकीपर अंजलि भींजिया ने अहम भूमिका निभाई और महाराष्ट्र के तीन खिलाड़ियों के प्रयासों को नाकाम कर दिया। अलबेला रानी टोप्पो अब तक चार गोल कर चुकी हैं और फाइनल में अपनी गोल संख्या बढ़ाने के इरादे से उतरेंगी। हॉकी हरियाणा के कोच आज़ाद मलिक ने कहा, "टूर्नामेंट की शुरुआत में कुछ चुनौतियां थीं, लेकिन टीम ने सेमीफाइनल में जबरदस्त खेल दिखाया। हमारा लक्ष्य आक्रामक हॉकी खेलना है और फाइनल में भी यही रणनीति रहेगी। झारखंड की टीम मजबूत है, लेकिन हम खिताब बरकरार रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।" हॉकी झारखंड के कोच सुधीर गोला ने कहा, "इस टूर्नामेंट में हमारी टीम ने जबरदस्त संघर्ष दिखाया है।




## आईपीएल 2025 : लखनऊ सुपर जायंट्स को झटका, पहले हाफ में नहीं खेल पाएंगे मयंक यादव

**एजेंसी, नई दिल्ली**


लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल 2025 के पहले चरण से बाहर हो गए हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार, मयंक फिलहाल लम्बर स्ट्रेस इंजरी (पीठ की चोट) से उबर रहे हैं और उन्होंने बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी अभ्यास फिर से शुरू किया है। वह पिछले साल अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के बाद चोटिल हो गए थे और तब से रिहैब प्रक्रिया में हैं। बीसीसीआई ने अभी तक उनकी वापसी की कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है। हालांकि, अगर वह सभी फिटनेस मानकों को पूरा करते हैं और अपनी गेंदबाजी का वर्कलोड बढ़ा पाते हैं, तो वह आईपीएल के दूसरे चरण में खेल सकते हैं। मयंक की गैरमौजूदगी लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए बड़ा झटका है, जिन्होंने उन्हें आईपीएल 2025 की नीलामी से पहले 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। यह मयंक के लिए वित्तीय रूप से बड़ी छलांग थी, क्योंकि आईपीएल 2024 में उन्हें महज 20 लाख रुपये में बतौर अनकैप्ड तेज गेंदबाज खरीदा गया था। मयंक की इतनी ऊंची कीमत का मुख्य कारण उनकी तेज गति से गेंदबाजी करने की क्षमता है। वह लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं, जिसकी बदौलत उन्होंने अपने पहले दो आईपीएल मैचों में लगातार प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता था। उनके इसी प्रदर्शन को देखते हुए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने उन्हें भारत के तेज गेंदबाजों के विशेष पूल में शामिल किया था। मयंक का आईपीएल 2024 भी चोटों से प्रभावित रहा था, जहां वह केवल चार मैच ही खेल पाए थे। अंतिम दो मुकाबलों में साइड स्ट्रेन की समस्या के चलते उन्हें बाहर होना पड़ा था। रिहैब के दौरान उन्हें एक और नई चोट लग गई, जिससे उनकी वापसी में देरी हुई। हालांकि, उन्होंने आखिरकार बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में खेला, लेकिन वहां भी फिर से चोटिल हो गए और दोबारा रिहैब के लिए लौटना पड़ा। बीसीसीआई ने मयंक की मौजूदा चोट के बारे में आधिकारिक रूप से कुछ नहीं बताया है।



## एशियन चैंपियंस लीगः अल नास्त्र ने एस्तेग़लाल को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में किया प्रवेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रियाद के अल अव्वल स्टेडियम में खेले गए एशियन चैंपियंस लीग के एलीट राउंड ऑफ 16 के दूसरे चरण में अल नास्त्र ने एस्तेग़लाल को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में टीम के नए खिलाड़ी झॉन डुरान ने दो गोल किए, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी के जरिए स्कोर किया। पहले चरण के गोलरहित ड्रॉ के बाद, सऊदी प्रो लीग क्लब ने कुल 3-0 के एग्रीगेट स्कोर से क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।



अल नास्त्र ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और झॉन डुरान, रोनाल्डो और सादियो माने की तिकड़ी ने शुरुआती गोल के लिए दबाव बनाया। पहला गोल एस्तेग़लाल के गोलकीपर होसैन होसैनी की गलती से आया, जब उनका गलत पास सीधे डुरान के पास पहुंच गया। डुरान ने डिफेंडर को पछाड़ते हुए शानदार चिप शॉट से गेंद को नेट में डाल दिया। 30वें मिनट से पहले ही अल नास्त्र ने अपनी बढ़त को दोगुना कर लिया। रोनाल्डो ने एस्तेग़लाल के बॉक्स में एक भटके हुए पास का पीछा किया और बैकहील पास से गेंद माने के लिए सेट की, जिन्हें डिफेंडर ने गिरा दिया। कप्तान रोनाल्डो ने पेनल्टी को पैनेंका स्टाइल में नेट के बीचोंबीच डालते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। पहले हाफ के अंतिम क्षणों में एस्तेग़लाल के मेहरान अहमदी को रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे उनकी टीम को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। दूसरे हाफ में मेजबान टीम ने कई मौके बनाए और तेज़ पासिंग के जरिए तीसरे गोल की तलाश की। आखिरकार, 84वें मिनट में डुरान ने काउंटर अटैक पर शानदार शॉट लगाते हुए गेंद को बाएं कोने में डालकर अपनी टीम की जीत को पक्का किया। भले ही एस्तेग़लाल ने कुछ मौकों पर वापसी की कोशिश की, लेकिन अल नास्त्र ने मुकाबले को आसानी से अपने नाम कर लिया और एशियन चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।

## ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप 2025: चुनौतियों से जूझते भारतीय शटलरों के लिए कठिन परीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए इस बार का ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप बेहद कठिन साबित हो सकता है। चोटों, फिटनेस समस्याओं और खराब फॉर्म के कारण भारतीय शटलरों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) की ऐतिहासिक जीत के बाद से अब तक कोई भी भारतीय खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित खिताब को नहीं जीत पाया है। हालांकि, पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत जैसे दिग्गजों ने विश्व स्तर पर कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन ऑल इंग्लैंड ओपन का ताज अब भी भारतीयों की पहुंच से दूर बना हुआ है। इस साल भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पी. वी. सिंधु चोट से उबरकर वापसी कर रही हैं। एच. एस. प्रणय चिकनगुनिया के कारण लय में नहीं हैं। लक्ष्य सेन खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी हाल ही में अपने पिता को खोने के बाद मानसिक रूप से कठिन दौर से गुजर रहे हैं। सिंधु दो बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं, लेकिन हमस्ट्रिंग इंजरी के कारण पिछले महीने एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप से बाहर हो गई थीं। अब वह पूरी तरह से फिट हैं और कोरियाई खिलाड़ी गा उन किम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। दूसरे दौर में उनका मुकाबला चीन की हान यूए से हो सकता है, जबकि क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुंजुंग बड़ी चुनौती पेश कर सकती हैं। लक्ष्य सेन, जो पिछले साल सेमीफाइनल तक पहुंचे थे, इस बार खराब फॉर्म में हैं। 23 वर्षीय लक्ष्य जापान के कोकी वतनबे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। अगर वह यह मुकाबला जीतते हैं, तो दूसरे दौर में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ सकते हैं। एच. एस. प्रणय, जो वर्ल्ड नंबर 30 पर फिसल चुके हैं, पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी भारत की सबसे बड़ी उम्मीद होंगे।



## राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने बदला नाम, अब 'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट' के रूप में पहचाना जाएगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन-सीजीएफ) ने सोमवार को अपने नाम में बदलाव करते हुए इसे 'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट' करने की घोषणा की। यह बदलाव संगठन को एक खेल महासंघ से एक खेल आंदोलन में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह घोषणा राष्ट्रमंडल दिवस (10 मार्च) के अवसर पर की गई। महासंघ की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, "राष्ट्रमंडल दिवस 2025 से, राष्ट्रमंडल खेल महासंघ को 'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट' के रूप में जाना जाएगा। यह नया नाम संगठन के खेल महासंघ से एक खेल आंदोलन बनने के सफर को दर्शाता है।" कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) केटी




सैडलियर ने कहा, "'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट' नाम हमारे उद्देश्य को और मजबूत और एकीकृत तरीके से प्रस्तुत करता है, जिससे हमारी पहचान अधिक प्रभावशाली और व्यापक होगी।" हालांकि, कानूनी तौर पर संगठन का नाम 'कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन' बना रहेगा। इस बीच, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के संरक्षक किंग चार्ल्स ने सोमवार को बकिंघम पैलेस में ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट किंग्स बैटन रिले' का आधिकारिक शुभारंभ किया। उन्होंने राष्ट्रमंडल के लिए अपना संदेश पहले बैटन में रखा और इसे पहले धावक सर क्रिस होय को सौंपकर इस ऐतिहासिक रिले की शुरुआत की। यह आयोजन ग्लास्गो 2026 के उद्घाटन समारोह से 500 दिन पहले किया गया। इस बार का बैटन रिले अब तक का सबसे लंबा रिले होगा।

## दिल्ली कैपिटल्स नये कप्तान, कोच ओर मेंटोर के साथ उतरेगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल 2025 में नये कप्तान केएल राहुल और नये को हेमंग बादानी के मार्गदशन में उतरेगी। वहीं इसके अलावा टीम ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को मेंटर बनाया है। अब देखना है कि राहुल , बादानी और पीटरसन की तिकड़ी कितनी सफल होती है। राहुल पहले भी कप्तान रहें है, वहीं बादानी भी कोच रहे हैं पर पीटसरन पहले बार मेंटोर बने हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य इस बार दिल्ली कैपिटल्स को खिताब जिताना रहेगा। अब देखना होगा कि वह कितने सफल होते हैं। यह पहली बार होगा जब पीटरसन किसी क्रिकेट टीम के साथ सहायक स्टाफ की भूमिका निभाएंगे। पीटरसन अब डीसी कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच हेमांग बदानी, क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव, गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल और सहायक कोच मैथ्यू मोट के साथ काम करेंगे। वह पहली बार किसी टीम से जुड़ हैं। इससे पहले व कमेंट्री करते रहे हैं। पीटरसन ने आईपीएल 2012 और 2014 में डीसी की ओर से खेला था। इसमें उन्होंने 305 और 294 रन बनाए थे। उन्होंने 17 मैचों में फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी की थी। 200 टी20 खेलने वाले पीटरसन के नाम पर 5,695 रन दर्ज है। उन्होंने आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और पुणे फ्रेंचाइजी के लिए 36 मैच खेलकर साथ 1001 रन बनाये हैं। दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने कहा, पीटरसन आधुनिक समय के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक थे, और उनका हमारी टीम में होना एक मूल्यवान जुड़ाव है।

## वीएस जग्गी सहित कई हस्तियों को मिला डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय समर्पण पुरस्कार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज के सभागार में छठे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय समर्पण पुरस्कार 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, खेल, कला और समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली कई प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष पुरस्कार पाने वालों में कई प्रतिष्ठित नाम शामिल रहे। प्रो. अजय कुमार अरोड़ा (प्राचार्य, रामजस कॉलेज), डॉ. विकास गुप्ता (रजिस्ट्रार, दिल्ली विश्वविद्यालय), प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह (प्राचार्य, जेपीएस हिंदू कॉलेज, अमरोहा), विधायक अजय महावर (गोंडा विधानसभा क्षेत्र), वीएस जग्गी (एसोसिएट प्रोफेसर, श्याम लाल कॉलेज) को खेलों में योगदान के लिए, डॉ. सुनील विश्वकर्मा को कला





एवं संस्कृति के क्षेत्र में तथा उमेश जोशी को स्व-नियोजित पेशेवर के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन जिंदल (क्षेत्रीय संघचालक, उत्तर क्षेत्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने समर्पण और सेवा भाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सच्ची सेवा का मूल्यांकन दूसरों की सराहना से नहीं, बल्कि व्यक्ति के निरंतर प्रयासों से होता है। सम्मानित अतिथि रवि शेखर ने कहा कि एक बुरा कर्म सैकड़ों अच्छे कर्मों पर भारी पड़ सकता है, इसलिए सही दिशा में काम करना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. हेमचंद जैन (प्राचार्य, दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज) ने किया और सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। आयोजन समिति में प्रो. सुनीता अरोड़ा, प्रीति गोयल, डॉ. अनेक गोयल, सुधा पांडे, पवन त्यागी, डॉ. रेखा, अनिल, डॉ. रुपेश, विकास मित्तल शामिल थे।




# बेहद अनोखा है तुर्किए का अंडरवाटर म्यूज़ियम अंताल्या

**म्यूजियम ये नाम सुनते ही दिमाग में पुरानी चीज़ों को सहेजकर रखने वाली जगहों का ध्यान आता है। हालांकि बदलते समय के साथ अब म्यूजियम्स में आकर फन और एडवेंचर का एक्सपीरियंस भी लिया जा सकता है।**




आपने म्यूज़ियम तो बहुत देखें होंगे लेकिन कभी सोचा है कि पानी के अंदर भी म्यूज़ियम हो सकता है? तुर्किए का पहला अंडरवाटर म्यूज़ियम देखने लायक है। साइड अंडरवाटर म्यूज़ियम अंताल्या के मानवघाट जिले के साइड शहर में है। यह म्यूज़ियम तट से 1.5 मील दूर और 12-20 मीटर की औसत गहराई पर है। इस म्यूज़ियम में 117 मूर्तियां हैं।

ये मूर्तियां ऐसी सामग्रियों से बनी है, जो कि पानी के अंदर सुरक्षित रह सकती हैं। वे समुद्री जीवों को नुकसान पहुंचाए बिना वहां रह सकती है। यह म्यूज़ियम मेक्सिको में मैक्सिकन अंडरवाटर म्यूज़ियम के बाद दूसरे स्थान पर है, जो 400 मूर्तियों के साथ पहले स्थान पर है। म्यूज़ियम में आने वाले लोगों के पास प्रोफेशनल डाइविंग सर्टिफिकेट होना ज़रूरी है।





# बिहार की सोन भंडार गुफा में छिपा है सोने का खजाना



**उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में मिला सोने का भंडार अब पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है। लेकिन क्या आपको पता है कि बिहार में भी एक जगह सोने का भंडार है, लेकिन वहां से सोना निकालना लगभग नामुमकिन है। दरअसल, वहां एक रहस्यमय दरवाजा है, जिसे आजतक कोई भी खोल नहीं पाया है। कई बार इसे खोलने की कोशिश की गई, लेकिन हर बार नाकामी ही हाथ लगी।**

सोने का यह भंडार बिहार के राजगीर में एक गुफा के अंदर है, जिसके बारे में कहा जाता है कि इसमें मगध साम्राज्य के सम्राट यानी मौर्य शासक बिम्बिसार का बेशकीमती खजाना छुपा है, जिसे आज तक कोई नहीं खोज पाया है। इसे सोन भंडार के नाम से जाना जाता है। दरअसल, राजगीर प्राचीन समय में मगध की राजधानी था। यही पर भगवान बुद्ध ने बिम्बिसार को धर्मोपदेश दिया था। यह शहर भगवान बुद्ध से जुड़े स्मारकों के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। हालांकि कुछ लोग इस खजाने को पूर्व मगध सम्राट जरासंघ का भी बताते हैं, लेकिन वहां इस बात के प्रमाण ज्यादा हैं कि यह खजाना बिम्बिसार का ही है, क्योंकि इस गुफा से कुछ दूरी पर उस जेल के अवशेष हैं, जहां अजातशत्रु ने अपने पिता बिम्बिसार को बंदी बना कर रखा था। सोन भंडार गुफा में प्रवेश करते ही पहले एक बड़ा सा कमरा आता है। कहते हैं कि यह कमरा खजाने की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए बनाया गया था। इसी कमरे की पिछली दीवार से खजाने तक पहुंचने का रास्ता बना हुआ है, जिसका द्वार एक पत्थर के दरवाजे से बंद किया हुआ है। इस दरवाजे को आज तक कोई नहीं खोल पाया है। गुफा की एक दीवार पर शंख लिपि मे कुछ लिखा हुआ है जो आज तक पढ़ा नहीं जा सका है। कहा जाता है कि इसमें ही खजाने के दरवाजे को खोलने का तरीका लिखा हुआ है, लेकिन इस लिपि को पढ़ने में दुनियाभर के लोग नाकाम रहे हैं। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि बिम्बिसार के खजाने तक पहुंचने का रास्ता वैभवगिरी पर्वत सागर से होकर सप्तपर्णी गुफाओं तक जाता है, जो सोन भंडार गुफा की दूसरी ओर पहुंचती है।

कहा जाता है कि अंग्रेजों ने एक बार तोप से खजाने के दरवाजे को तोड़ने की कोशिश की थी, लेकिन वो इसे तोड़ नहीं पाए। तोप के गोले के निशान आज भी दरवाजे पर मौजूद हैं।

## बिम्बिसार की पत्नी ने छिपाया था खजाना

भारत विविधताओं वाला देश है। उत्तर में हिमालय है तो दक्षिण में कन्याकुमारी है। पश्चिम में कच्छ है तो पूर्व में बंगाल की खाड़ी है। इसके साथ ही कई ऐसे रहस्यमयी स्थान है जो विज्ञान के लिए आज भी पहेली बनी हुई है। इन पहेलियों में एक पहेली सोन भंडार है जो कि बिहार राज्य के राजगीर में स्थित है। ऐसा कहा जाता है कि इस जगह पर सोने का खजाना है, जिसे हर्यक वंश के संस्थापक बिम्बिसार की पत्नी ने छिपा रखा है। आज तक कोई इस खजाना तक नहीं पहुंच पाया है। अंग्रेजों ने एक बार कोशिश भी की थी, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो पाए थे।

यह स्थान बिहार राज्य के राजगीर में स्थित है। इतिहास की माने तो हर्यक वंश के संस्थापक बिम्बिसार को सोने चांदी से बेहद लगाव था। इसके लिए वह सोना और उसके आभूषणों को इकट्ठा करते रहते थे। उनकी कई रानियां थी, जिनमें एक रानी बिम्बिसार की पसंद का पूरा ख्याल रखती थी। जब अजातशत्रु ने अपने पिता को बंदी बना लिया और कारागार में डाल दिया। तब बिम्बिसार की पत्नी ने राजगीर में यह सोन भंडार बनवाया था। इस गुफा में राजा द्वारा इकट्ठा किए गए सभी खजानों को छिपा दिया गया था। आज तक यह गुफा विज्ञान के लिए पहेली है। इस गुफा में दो बड़े कमरे एक समान बनाए गए थे। एक गुफा में सैनिक रहते थे। जबकि दूसरे कमरे में खजानों को छिपाया गया था। इस कमरे को एक बड़े से चट्टान से ढका गया है, जिसे आज तक कोई खोलने में कामयाब नहीं हो पाया है। इस दरवाजे पर शंख लिपि में कुछ लिखा है। इस बारे में कहा जाता है कि अगर कोई इस लिपि को पढ़ने में सफल हो जाता है तो वह सोन भंडार को खोल सकता है। आजादी से पूर्व अंग्रेजों ने एक बार तोप से इस दरवाजे को उड़ाने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें इसमें सफलता नहीं मिली। इसके बाद से किसी ने दरवाजे को खोलने की कोशिश नहीं की है।





## अंग्रेजों ने की थी तोप से उड़ाने की कोशिश, हुए थे नाकाम

भारत में ऐसे कई स्पॉट्स है, जहां राजा-महाराजाओं का खजाना छिपे होने की बातें होती हैं। ऐसी ही एक कहानी सोन भंडार गुफा के बारे में भी प्रचलित है। जो बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में आती है।

- मौर्य शासक बिंबिसार ने अपने शासन काल में राजगीर में एक बड़े पहाड़ को काटकर अपने खजाने को छुपाने के लिए गुफा बनाई थी।
- जिस कारण इस गुफा का नाम पड़ा था सोन भंडार। इस गुफा के बारे में कहा जाता है कि सोने को सहेजने के लिए इस गुफा को बनवाया गया था।
- पूरी चट्टान को काटकर यहां पर दो बड़े कमरे बनवाए गए थे।
- गुफा के पहले कमरे में जहां सिपाहियों के रुकने की व्यवस्था थी। वहीं, दूसरे कमरे में खजाना छुपा था।
- दूसरे कमरे को पत्थर की एक बड़ी चट्टान से ढंका गया है। जिसे आज तक कोई नहीं खोल पाया।
- अंग्रेजों ने इस गुफा को तोप के गोले से उड़ाने की कोशिश की थी, लेकिन वे इसमें नाकामयाब रहे थे। आज भी इस गुफा पर उस गोले के निशान देखे जा सकते हैं।
- अंग्रेजों ने इस गुफा में छुपे खजाने को पाने के लिए यह कोशिश की थी, लेकिन नाकाम होने पर वे वापस लौट गए।

### अंदर जाते ही 10 मीटर लंबा चट्टान का कमरा मौजूद है यहां पर

- सोन भंडार गुफा में अंदर घुसते ही 10.4 मीटर लंबा चौड़ा और 5.2 मीटर चौड़ा कमरा है। इस कमरे की ऊंचाई लगभग 1.5 मीटर है।
- यह कमरा खजाने की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए बनाया गया था। इसी कमरे के दूसरी ओर खजाने का कमरा है, जो कि एक बड़ी चट्टान से ढंका हुआ है।

### किस भाषा में लिखा है खजाने का कमरा खोलने का रहस्य

- मौर्य शासक के समय बनी इस गुफा की एक चट्टान पर शंख लिपि में कुछ लिखा है।
- इसके संबंध में यह मान्यता प्रचलित है कि इसी शंख लिपि में इस खजाने के कमरे को खोलने का राज लिखा है।

### जैन धर्म के भी हैं अवशेष

इस जगह पर जैन धर्म के अवशेष भी देखने को मिलते हैं। यहां पर दूसरी ओर बनी गुफा में 6 जैन धर्म तीर्थंकरों की मूर्तियां भी चट्टान में उकेरी गई हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि यहां पर जैन धर्म के अनुयायी भी रहे थे। तीसरी और चौथी शताब्दी में बनी हैं दोनों गुफा दोनों ही गुफा तीसरी और चौथी शताब्दी में चट्टानों को काटकर बनाई गई हैं। इन गुफाओं के कमरों को पॉलिश किया गया है।

### चट्टानों पर लिखी गयी है शंखलिपि भाषा

बिहार के साथ-साथ दूर-दराज़ के राज्यों से भी लोग इस गुफा को देखने आते हैं। इसके साथ ही भारतीय एवं अंतराष्ट्रीय पुरातत्त्वज्ञ भी इस गुफा के पीछे छिपे राज़ का पता लगाने यहाँ आते हैं। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि आज जब साइंस और टेक्नोलॉजी इतनी उन्नति कर चुकी है, उसके बावजूद भी इस गुफा के कमरों को खोला नहीं जा सका।



# भारत का अनोखा रेलवे स्टेशन जिसकी अपनी कोई पहचान ही नहीं है

भारतीय रेल एशिया का दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। इतना ही नहीं एकल सरकारी स्वामित्व के मामले में भारतीय रेल विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। भारत में कुल रेलवे स्टेशन की संख्या 8000 के करीब है। कई ऐसे रेलवे स्टेशन हैं जो काफी मशहूर हैं। लेकिन आज हम आपको भारत के एक ऐसे अनोखे रेलवे स्टेशन के बारे में बताएंगे, जिसकी अपनी कोई पहचान ही नहीं है। इस स्टेशन का कोई नाम नहीं है। इस बात को जानकर आपको हैरानी भी हो रही होगी कि भला ऐसे कैसे हो सकता है। तो आपको बता दें कि यह स्टेशन पश्चिम बंगाल में है जिसका अपना कोई नाम नहीं है। यह स्टेशन पश्चिम बंगाल के बर्धमान से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

बांकुरा-मैसग्राम रेल लाइन पर स्थित यह स्टेशन दो गांवों रैना और रैनागढ़ के बीच में पड़ता है। शुरुआत में इस स्टेशन को रैनागढ़ के नाम से जाना जाता था। रैना गांव के लोगों को यह बात पसंद नहीं आई क्योंकि इस स्टेशन की बिल्डिंग का निर्माण रैना गांव की जमीन पर किया गया था। रैना गांव के लोगों का मानना था कि इस स्टेशन का नाम रैनागढ़ की जगह रैना होना चाहिए।

## ये है नाम न होने की वजह

ये रेलवे स्टेशन पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. बांकुरा-मैसग्राम रेल लाइन पर स्थित यह स्टेशन दो गांवों रैना और रैनागढ़ के बीच में पड़ता है. रैना और रैनागढ़ के बीच में होना ही इसका नाम न होने की वजह है. ऐसा कहा जाता है कि इस स्टेशन को 2008 में तैयार किया गया था. उस समय इस स्टेशन का नाम रैनागढ़ रखा गया. लेकिन इस स्टेशन की बिल्डिंग का निर्माण रैना गांव की जमीन पर किया गया था, इसलिए रैना गांव के लोगों को ये बात अच्छी नहीं लगी और इसके नाम को लेकर विवाद छिड़ गया.

## रेलवे ने मिटा दिया साइन बोर्ड्स से नाम

रैना गांव के लोगों का कहना था कि इस स्टेशन का नाम रैना होना चाहिए, जबकि रैनागढ़ वालों का कहना था इसके नाम को नहीं बदला जाए. ये विवाद इतना बढ़ गया कि रेलवे बोर्ड तक पहुंच गया. इस विवाद के चलते रेलवे ने यहां लगे सभी साइन बोर्ड्स से स्टेशन का नाम मिटा दिया. इसके कारण स्टेशन पर आने वाले सभी यात्रियों को काफी समस्या होती है. जो भी यात्री यहां आता है, बिना नाम का साइन बोर्ड को देखकर उसका सिर चकरा जाता है और कन्फ्यूजन हो जाता है कि वो सही जगह आया है या नहीं. हालांकि रेलवे की तरफ से आज भी स्टेशन का टिकट रैनागढ़ के नाम से ही जारी किया जाता है.

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 12 मार्च, 2025





# लव एंड वॉर के लिए कड़ी मेहनत कर रहे रणबीर

**अभिनेता रणबीर कपूर इन दिनों संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट और विक्की कौशल भी नजर आएंगे। फिल्म लव ट्रायंगल है, जिसकी वजह से लोग इस फिल्म को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हैं। रणबीर और आलिया की जोड़ी ब्रह्मास्त्र के बाद इस फिल्म में साथ नजर आने वाली है। वहीं, राजी के बाद आलिया और विक्की एक साथ दिखने वाले हैं।**

रिपोर्ट्स के मुताबिक रणबीर कपूर इस फिल्म के लिए काफी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हाल ही में उनके ट्रेनर ने सोशल मीडिया पर रणबीर की एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह फ्रंट लिवर पुल-अप करते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में रणबीर बिना शर्ट के अपने सिक्स पैक्स और मसल्स को दिखाते नजर आ रहे हैं। उनकी यह तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। फैंस इस फोटो पर ढेर सारे हार्ट और फायर इमोजी साझा कर अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, अद्भुत तो दूसरे ने कमेंट करते हुए लिखा, तबाही।

### इफ्फी में रणबीर ने की थी भंसाली की जमकर तारीफ

कुछ महीने पहले रणबीर ने गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (इफ्फी) के दौरान लव एंड वॉर और संजय लीला भंसाली के साथ फिर से काम करने को लेकर अपने उत्साह का इजहार किया था। रणबीर ने कहा था, मैं बहुत उत्साहित हूं। वह मेरे गॉडफादर हैं। जो कुछ भी मुझे फिल्मों के बारे में पता है, जो कुछ भी मैं अभिनय के बारे में जानता हूं, वह सब कुछ मैंने उनसे ही सीखा है। उन्होंने आगे कहा, वह बिल्कुल नहीं बदले हैं। वह बेहद मेहनती हैं और हमेशा अपने फिल्मों के बारे में ही सोचते रहते हैं। वह सिर्फ अपने किरदार के बारे में बात करना चाहते हैं और चाहते हैं कि आप कुछ नया करें।



# क्या वीर पहाड़िया को डेट कर रही हैं मानुषी छिल्लर? अभिनेत्री ने बताया सच

**मानुषी छिल्लर और वीर पहाड़िया के बीच कथित रोमांस की खबरें पिछले काफी समय से सुर्खियों में हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने आखिरकार इस पर सफाई दे दी है। पूर्व मिस वर्ल्ड ने डेटिंग की अटकलों को सिरे से नकारते हुए वीर को अपना अच्छा दोस्त बताया है और इससे ज्यादा कुछ नहीं। कई बार दोनों को साथ देखे जाने के बावजूद, मानुषी ने साफ तौर पर कहा कि उनके बीच कोई रोमांस नहीं है, बस एक मजबूत दोस्ती है।**

### अफवाहों का किया खंडन

मानुषी छिल्लर ने वीर पहाड़िया के साथ बिताए गए समय के बारे में भी बात की। अभिनेत्री ने इंटरव्यू के दौरान अपने निजी जीवन के बारे में चल रही चर्चाओं के बारे में बात करते हुए कहा, मेरे निजी जीवन के बारे में लिखी गई बहुत सी बातें पूरी तरह से झूठी हैं और इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है।

### दोस्ती को गलत समझ लेते हैं लोग

अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर फैंस के बीच लगातार बनी रहने वाली चर्चा के बारे में बात करते हुए मानुषी ने बताया कि कैसे लोगों की धारणा अक्सर दोस्ती को गलत तरीके से पेश करती है। उन्होंने कहा, अगर मैं अपनी फीमेल फ्रेंड्स के साथ बहुत ज्यादा समय बिताती हूं तो क्या इसका मतलब यह है कि मुझे लड़कों में कोई दिलचस्पी नहीं है? और अगर मैं किसी मेल फ्रेंड्स के साथ घूमती हूं तो क्या इसका मतलब यह है कि हम डेटिंग कर रहे हैं?

### निजी जिंदगी को निजी रखना पसंद करती हैं मानुषी

हालांकि, उन्होंने इन अटकलों पर सहमति भी जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें यह देखकर मजा आता है कि लोग अभी भी लोगों को यह स्वीकार करने में मुश्किलें आती हैं कि एक लड़का और लड़की सिर्फ दोस्त हो सकते हैं। मानुषी ने यह भी बताया कि वह अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना पसंद करती हैं, लेकिन इसका नकारात्मक पक्ष यह है कि इससे झूठी कहानियों को फैलने का मौका मिलता है।

### वीर पहाड़िया को बताया अच्छा दोस्त

वीर पहाड़िया के साथ नाम जुड़ने की खबरों के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने हंसते हुए जवाब दिया, हे भगवान, बेचारा वीर। ऐसा नहीं हो सकता। नहीं, हम डेटिंग नहीं कर रहे हैं, बिल्कुल नहीं। वह एक अच्छे दोस्त हैं। वह इतने प्यारे थे कि उन्होंने मुझे एक शादी के दौरान कंपनी दी, जहां मैं किसी को नहीं जानती थी। बस इतना ही। उनके साथ मेरी सिर्फ यही बातचीत है।





# 100 करोड़ रुपये के भारी बजट में बन रही तुम्बाड 2

तुम्बाड अपनी मूल रिलीज के छह साल बाद बॉक्स ऑफिस पर पैसे कमाने वाली फिल्म साबित हुई। प्रशंसकों की मांग पूरी हुई और सोहम शाह ने लोक कथाओं पर आधारित सुपरनैचुरल थ्रिलर के सीक्वल की घोषणा की। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। सोहम शाह हाल ही में क्रेजी में नजर आए हैं, लेकिन फिल्म कुछ खास कमाल नहीं कर पा रही है। वहीं, इस बीच अब सोहम ने अपनी ध्यान तुम्बाड के सीक्वल पर लगा दिया है।

### फिल्म का बजट

तुम्बाड का सीक्वल 100 करोड़ रुपये के बजट पर बना है। तुम्बाड की दूसरी किस्त फिल्म के थिएटर में फिर से रिलीज होने के बाद आई है। दिलचस्प बात यह है कि मूल फिल्म तुम्बाड ने बजट में रहने के लिए कड़ी मेहनत की और जब यह निर्माण में थी, तब इसे वितरक भी नहीं मिले तो सोहम शाह को खुद फिल्म में पैसे लगाने पड़े। हालांकि, अब कुछ स्टूडियो ने 100 करोड़ रुपये का बजट होने के बावजूद, सीक्वल के लिए रुचि दिखाई है।

### फिल्म की शूटिंग

तुम्बाड सीक्वल की शूटिंग 2025 में ही शुरू हो जाएगी। इसकी शूटिंग गर्मियों के अंत में शुरू होने की संभावना है। तुम्बाड 2 की कहानी पक्की हो गई है। फिल्म के लिए प्री-प्रोडक्शन का काम भी शुरू हो गया है, जिससे संकेत मिलते हैं कि तुम्बाड 2 जल्द ही फ्लोर पर आ जाएगी। हालांकि, इस बीच फिल्म के सीक्वल को लेकर कुछ विवाद की खबरें भी सामने आई थीं।

### फिल्म के सीक्वल पर विवाद

तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल बर्वे और सोहम शाह ने तुम्बाड को लेकर विपरीत बयान दिए हैं। अभिनेता का दावा है कि तुम्बाड की कभी भी सीक्वल के रूप में कल्पना नहीं की गई थी और इसे एक स्टैंडअलोन फिल्म माना जाता था। वहीं, निर्देशक राही अनिल बर्वे का एक अलग विचार था। उन्होंने कहा था कि तुम्बाड हमेशा एक ट्राइलॉजी का पहला भाग था और जब उन्होंने ट्राइलॉजी की कहानियों को लिखा था।

# लापता लेडीज के लिए आईफा अवॉर्ड मिलने पर प्रतिभा ने जताई खुशी

किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज की झोली में कई सारे आईफा अवॉर्ड्स आए हैं। एक अवॉर्ड प्रतिभा रांटा को भी मिला है। उन्हें बेस्ट डेब्यू (फीमेल) के लिए आईफा मिला। इस पर प्रतिभा ने खुशी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर एक नोट लिखा है। प्रतिभा का कहना है कि उनके लिए यह एक सपना सच होने जैसा है। प्रतिभा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। साझा की गई तस्वीरों में वे अपनी आईफा ट्रॉफी को चूमती नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा है, किसी ऐसी चीज के लिए स्वीकृति पाना एक खूबसूरत एहसास है, जिसे आप सचमुच प्यार करते हैं। मुझे बेस्ट डेब्यू फीमेल अवॉर्ड से सम्मानित करने के लिए आईफा का शुक्रिया। यह सचमुच एक सपने के सच होने जैसा है।



# फिर साथ आएगी 'तनु वेड्स मनु' की जोड़ी, कंगना ने खत्म की माधवन के साथ अपकमिंग फिल्म की शूटिंग

फिल्म 'तनु वेड्स मनु' की सुपरहिट जोड़ी कंगना रनौत और आर माधवन एक बार फिर एक साथ आ रहे हैं। दोनों की नई फिल्म की शूटिंग भी पूरी हो गई है। जिसकी जानकारी अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करके दी है। हालांकि, फिल्म के टाइटल का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। इस अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग के खत्म होने के बाद कंगना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में कंगना भीगी नजर आ रही हैं और उनके साथ निर्देशक विजय और बाकी के सदस्य पोज दे रहे हैं। तस्वीर में कंगना काफी खुश नजर आ रही हैं। फोटो शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, मेरे कुछ पसंदीदा कलाकारों के साथ आज अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग पूरी की। मिलते हैं सिनेमाघरों में।

### कंगना ने 2023 में की थी फिल्म की घोषणा

कंगना 2015 में आई हिट फिल्म 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' के लगभग एक दशक के बाद अभिनेता आर माधवन के साथ नजर आएंगी। एएल विजय द्वारा निर्देशित इस पैन इंडिया मनोवैज्ञानिक थ्रिलर की घोषणा कंगना रनौत ने साल 2023 में की थी।

### 10 साल बाद साथ में नजर आएंगे कंगना-माधवन

कंगना रनौत और आर माधवन इससे पहले 2011 में आई 'तनु वेड्स मनु' और 2015 में आई 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' में एक साथ नजर आए थे। इसके बाद दोनों किसी भी फिल्म में साथ में नजर नहीं आए। हालांकि, दोनों आपस में अच्छी बॉन्डिंग शेयर करते हैं।





# सलमान से लेकर शाहरुख तक, फीस के मामले में सबसे आगे हैं ये बॉलीवुड सितारे


**बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में कुछ अभिनेता अभिनय के अलावा अपनी फीस की वजह से भी चर्चा में रहते हैं। हाल ही में सलमान खान को लेकर ये बात सामने आई थी कि उन्होंने सिकंदर के लिए 120 करोड़ की फीस ली है। सलमान की फीस पर लगातार हो रही चर्चा के बीच आज हम आपको बॉलीवुड के उन प्रमुख सितारों के बारे में बताएंगे जो अपनी फीस के मामले में सबसे आगे हैं।**

### सलमान खान

सलमान खान का नाम बॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों में शुमार है। उनकी फीस भी किसी से कम नहीं है। सलमान खान प्रति फिल्म 100 करोड़ रुपये से लेकर 150 करोड़ रुपये तक की फीस लेते हैं। 2023 में रिलीज हुई टाइगर 3 में सलमान ने शानदार अदाकारी दिखाई। इसके लिए उन्हें 100 करोड़ रुपये से अधिक की फीस मिली। सलमान की फिल्मों का दर्शकों को हमेशा बेसब्री से इंतजार रहता है। इन दिनों वह सिकंदर के लिए ली गई फीस की वजह से भी चर्चा में हैं।

### शाहरुख खान

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की बात करें तो वह उन सितारों में शुमार हैं, जिनकी फीस की काफी चर्चा होती है। किंग खान की हर फिल्म के लिए फीस का आंकड़ा 150 करोड़ रुपये से लेकर 250 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। 2023 में शाहरुख खान ने धमाकेदार वापसी की थी। उन्होंने लगातार तीन हिट फिल्में पठान, जवान, और डंकी दीं। इन तीनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की और शाहरुख की स्टार पावर को और भी मजबूत किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जवान के लिए शाहरुख ने लगभग 100 करोड़ रुपये की फीस ली थी।



### आमिर खान

आमिर खान अपने किरदारों की गहरी तैयारी और हर फिल्म में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए जाने जाते हैं। वह बॉलीवुड के सबसे महंगे अभिनेताओं में से एक हैं। आमिर खान की फीस 100 करोड़ रुपये से लेकर 275 करोड़ रुपये तक होती है। 2017 में दंगल के लिए उन्होंने 275 करोड़ रुपये कमाए थे। उनकी ये कमाई प्रॉफिट-शेयरिंग एग्रीमेंट के तहत हुई थी।



### अक्षय कुमार

अक्षय कुमार का नाम बॉलीवुड के सबसे मेहनती और सबसे व्यस्त अभिनेता के रूप में लिया जाता है। वह हर साल कई फिल्मों में काम करते हैं। उनकी फीस भी काफी ज्यादा होती है। अक्षय कुमार की फीस प्रति फिल्म 60 करोड़ रुपये से लेकर 145 करोड़ रुपये तक हो सकती है।

